प्रयोगऽसामर्थ्यं जनयति भाषाप्रयोगशाला स्वयमेव प्रयोगं कर्तुम् अवसरं जनयति। तेन अवसरेण बालाः अवश्यं प्रेरिताः सन्ताः स्वीयं ज्ञानम् अभिवर्धयन्ति, परिष्कारसामर्थ्यं च प्राप्नुवन्ति। वेगबलस्पष्टताक्षमतादीनां विकासं करोति। भाषाप्रयोगशाला कियत् वेगेन वक्तव्यं, कियत् बलेन शब्दाः प्रयोक्तव्याः, क्षमतायाः कथं विकासः करणीयः। स्पष्टता च भाषणे कथम् आगच्छेत् इत्यादीनां विकासाय महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। उच्चारणावसरं कल्पयति पुनः पुनः उच्चारणं बहु आवश्यकं भवति। यावत् वयम् उच्चारणं न कुर्मः न विषयान् वदामः तावत् पर्यन्तम् अस्माकं स्पष्टता न भवति तदर्थं उच्चारण अवसरं कल्पयति भाषा प्रयोगशाला। समस्यां निवारयितुम् अवसरं कल्पयति यदि समस्या अस्ति काचित् अवसरः नास्ति अवगन्तुं तर्हि भाषा प्रयोगशाला छात्राः अवश्यान् विषयान्, अधिगन्तुं विषयान्, प्राप्तुं विषयान्, ज्ञातुम् अवसरं प्राप्नुवन्ति। कल्पनां जनयितुं सामर्थ्यं प्रददाति कल्पना अपि भाषा प्रयोगशालायां सुतरां जायते। भाषा प्रयोगशाला माध्यमेन यदि वयं शब्दान् विषयान् च पुनः पुनः अवगच्छामः तर्हि अवश्यम् अस्माकं ज्ञानवृद्धिः भवति, अस्माकं सामर्थ्यवृद्धिः भवति। तदर्थं महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति भाषाप्रयोगशाला।

**भाषाप्रयोगशालायाः आवश्यकता**[12]**-** भाषाप्रयोगशालायाः अनेकाः आवश्यकताः सन्ति। यासां माध्यमेन छात्राः सुतराम् अभ्यासं कर्तुं शक्नुवन्ति। अभ्यासमाध्यमेन च आत्मनः विकासाय निरन्तरं दत्तादराः भवितुम् अर्हन्ति। तत्र बिन्दुशः यदि चिन्तयामः तदि कठिनशब्दानाम् अभ्यासाय अर्थात् कठिनशब्दानाम् अभ्यासः बहु महत्त्वभूतः भवति। बहवः शब्दाः संस्कृते एतादृशाः विद्यमानाः वर्तन्ते येषाम् उच्चारणकारणेन छात्राः हास्यपदं प्राप्नुवन्ति। अतः तद् निवारणाय निरन्तरम् अभ्यासाय आवश्यकता भवति। तु कठिनशब्दानाम् अभ्यासः पुनः पुनः छात्रैः क्रियते, तर्हि तेषां सामर्थ्यं विकसितं भवति।

12. वास्तुसौख्यं 226

**भाषाकौशलविकासः -** यदि भाषा प्रयोगशालायाः प्रयोगः क्रियते तर्हि भाषा कौशलस्य विकासः भवति। कौशल विकास माध्यमेन श्रवणं, भाषणं, पठनं, लेखनम् इत्यादि कौशलानां विकासेन छात्राः सुतराम् आत्म विकास समन्वितः सततं स्व प्रयोग गाढ्य प्राप्नोति। तत् प्रयोग गाढ्य बलेन समाजे यशसः, सहभागितां च लभते।

**उच्चारणाभ्यासः -** उच्चारणाभ्यासाय अवसरः भवति। यतः ध्वनिः मुद्रणं वारं वारं श्रावयित्वा छात्राणां कठिन शब्दस्य, विशिष्ट शब्दस्य अभ्यास अवसरः कल्पितः भवति। तत्र साधनानि विध्यालयेन, महाविद्यालयेन, विश्वविद्यालयेन वा प्रकल्पितानि भवन्ति। तेन बालाः सुतरां योग्यतया विषयाणां अधिगम पूर्वकं स्वीयं विकासं कर्तुम् अभ्यासं कृत्वा आत्मनः विकासं दृढः दृष्ट्या कर्तुं शक्नोति।

**दृढनिश्चयः-** भाषाप्रयोगशालायाः बलेन छात्राणां दृढनिश्चयः भवति। दृढनिश्चयेन सन्ताः सततं चिंतन पूर्वकं स्वीयविकासधारां समावलम्ब्य सुतरां योग्यरीत्या आत्मनः विकासाय प्रयत्नमानाः भवन्ति। तेषां सामर्थ्यविकासः अपि सुतरां जायते।

**अभ्यासः-** श्रवणाभ्यासः, भाषणाभ्यासाय भाषाप्रयोगशाला योग्यतया अवसरं कल्पयति। तेन बलेन छात्राणां विकासः, सामर्थ्यपरिलाभः च सहैव योग्यरीत्या भवति। ते स्वीयं ज्ञानं च अभिवर्धयन्ति। एवं विद्यायाः महत्त्वभूता आवश्यकता भवति भाषाप्रयोगशालायाः आधुनिके समये।

**व्यवस्थापने आवश्यकतत्त्वानि-** भाषायोगशालायाः बहूनि आवश्यकतत्त्वानि वर्तन्ते। येषां वास्तुदृष्ट्या विचारः सुतराम् अपेक्षितः भवति। तत्र लघुप्रकोष्ठः कश्चन भवेत्। यस्मिन् प्रकोष्ठे छात्राः उपविशेयुः नियंत्रणस्थाने तु शिक्षकः भवति।

**अनन्तरं श्रवणयन्त्रम् -** श्रवण यन्त्राणि बहु अपेक्षितानि भवन्ति। तानि श्रावं श्रावं तत्र आगतस्य ध्वनेः श्रवण पूर्वकमेव छात्राः स्वीयं विकासं कुर्वन्ति।

**ध्वनिकर्षणयन्त्रम् -** ध्वनिकर्षणं, ध्वनिप्रसारः यथा भवेत् तथा भाषायोगशालायाः महनीया भूमिका भवति। तद्बलेन छात्राः स्वीयं ज्ञानम् अभिवर्ध्यन्ति, विकासयन्ति च। तेन अनुरोधेन तेषां शुष्टुतया परिविकासाः सम्भवन्ति। तेषां विकासः कीर्तिबलेन एव ते आत्मनः गौरवं परिरक्ष्यन्ति।

**ध्वनिमुद्रणयन्त्रम्-** ध्वनिमुद्रणं बहु आवश्यकं तद् पुनः पुनः श्रावयितुं शक्नुमः। तद् यन्त्रेण विना छात्राणां विकासः सुतरां न सम्भवति।

**शब्दप्रकाशकयन्त्रम्-** शब्दप्रकाशकयन्त्रं नाम यैः शब्दाः सन्ति ते साक्षात् पुरस्तात् प्रोजेक्टर इत्यादि माध्यमेन द्रष्टुं शक्येरन्। तथा शब्दप्रकाशक यन्त्रं बहु आवश्यकं भवति।

**नियंत्रणयन्त्रम् -** येन शिक्षकः नियन्त्रणं कर्तुं शक्नुयात्, नाम संबोधितछात्रस्येव श्रोतुं शक्नुयात्, पृष्ठ छात्रान् ज्ञातुं शक्नुयात् तेषां नियन्त्रणं कर्तुं शक्नुयात्।

**पूर्व निर्मितान्तःवस्तु-** पूर्वमेव काश्चन विषयान् निर्मिताः भवन्ति (सॉफ्टवेयर) इति अपि उच्यते। तद् माध्यमेन एव छात्राणां सहजतया विकासाय अवसरः कल्पितः भवति। तदर्थं भाषा प्रयोगशाला महनिया भूमिकां निर्वहति। तामेव भूमिका समरुन्ध्य वयं छात्राणां विकासं पुनः पुनः कर्तुं शक्नुमः। तेषां विकास बलेन च सततम् आत्म योगदानेन निरन्तर प्रयत्न पुरस्सरं समाज दृष्ट्या भाषा प्रयोगशालायाः उपयोगः विधातुं शक्यते। विद्यालयस्य भवने यत्र अन्यान्य वस्तूनां माध्यमेन व्यवहारिकप्रयोगः क्रियते सा भाषा प्रयोगशाला यत्र च भाषायाः प्रयोगः क्रियते सा च भाषाप्रयोगशाला उच्यते। विद्यालयभवनस्थ-प्रयोगशालायां यन्त्रैः स्वयमेव कृत्वा ज्ञानं प्राप्यते छात्रैः। प्रयोगः नाम वैज्ञानिकचिन्तनस्य विकासः।

**भाषाप्रयोगशालायाः महत्ता**[13]**-** सर्जनात्मकव्यवहारिकप्रभावशालिशिक्षणाय इयम् आवश्यकी, विविधतायाः प्रेरणायै प्रयोगशाला आवश्यकी, निरीक्षणस्य परीक्षणस्य च वृत्तिविकासाय आवश्यकी, स्वयमेव अग्रे गत्वा कार्यकरणप्रवृत्तिजागरणाय आवश्यकी। प्रयोगशालायाः तार्किकव्यक्तित्वस्य विकासः भवति। शिक्षणम् एकः व्यवसायः वर्तते। शिक्षा एका प्रबन्धनं वर्तते। भवनं कीदृशं, प्रबंधनं च कीदृशं भवेत् तत्र वास्तुशास्त्रमेव उपकरोति।[14] वास्तुशास्त्रबलेनेव वयं सर्वाणि वस्तूनि उपयुज्य सततं सहजतया च विकासप्रक्रियां समावलोक्य छात्राणां विकसकल्पनां कर्तुं शक्नुमः। ततः भाषाप्रयोगशाला एतादृशेषु अवसरेषु महत्पूर्णभूमिका बलेन स्वीयं योगदानं विधाय छात्राणां विकासदृष्टिं, छात्राणां योग-क्षेमदृष्टिं, छात्राणाम् आत्मविकासदृष्टिं च वर्धयित्वा तेषां सततं कार्यक्रमरीतिं सम्प्रपूर्य योगदानं विहातुं शक्नोति इति।

---

13. शैक्षिकप्रवंधनं, विचारीलालमीना 22
14. गृह वास्तु-शास्त्रीय विधान 05

# माता-पिता एवं गुरु के प्रियाचरण से दिव्य व्यक्तित्व तथा समाज का निर्माण

डॉ. स्वामी परमार्थदेव[1], डॉ. बिपिन कुमार दुबे[2]

श्रेष्ठ संतानों और शिष्यों का निर्माण करना राष्ट्र का निर्माण करने के समान है। तेजस्वी संतानों व शिष्यों के निर्माण के लिए माता-पिता, गुरु-आचार्य वर्षों तिल-तिल कर उसके निर्माण के लिए कठोर तप करते हैं, उसको उच्च संस्कारों से पुष्पित व पल्लवित करते हैं, वेदोक्त, शस्त्रोक्त शिक्षा-दीक्षा देते हैं, तब जाकर तेजस्वी, ओजस्वी, धीर, वीर, गम्भीर, चरित्रवान, बुद्धिमान्, बलवान्, विद्वान्, राष्ट्रभक्त, सदाचारी, परोपकारी, दिव्य संतान व शिष्य का निर्माण होता है। ऐसी संतान अपने माता-पिता, आचार्य का प्रियाचरण करके अर्थात् उनकी आज्ञाओं का प्रसन्नता के साथ पालन करके तथा अपनी सेवा, त्याग, तप, पुरुषार्थ से अपने माता-पिता, गुरु-आचार्य, कुलवंश परम्परा, समाज और राष्ट्र को गौरवान्वित करता है।

दूसरी ओर ऐसे माता-पिता और गुरु-आचार्य जिनको स्वयं ही ज्ञान नहीं है तथा भौतिकता में, स्वार्थ में व संकीर्णताओं में फंसे हैं। तो उनकी संताने और शिष्य वैसे ही बन जाते हैं। स्वयं ही अनेक दुर्गुणों, दुर्व्यसनों में फंसकर दुःखी होते रहते हैं तथा अपने माता-पिता व गुरु-आचार्य, कुलवंश परम्परा को भी दुःखी व कलंकित करते हैं, जो आज समाज में हो रहा है। यदि हम श्रेष्ठ संतानों का, परिवारों का, समाज और राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं तो उपनिषदों (ऋषियों) के संदेश, आदेश व उपदेश को आत्मसात् करना होगा। यही कार्य हमारे महापुरुषों ने किया है, भगवान् श्रीराम जी, भगवान् श्रीकृष्ण जी से लेकर सभी लाखों ऋषि-ऋषिकाओं ने, वीर-वीरांगनाओं ने अपने जीवन को इस पथ पर आहुत किया है। वैदिक साहित्य में माता पिता और आचार्य के वचनों में श्रद्धा रखने के निर्देष प्राप्त होते हैं।

**मातृमान् पितृमानाचार्यवान् पुरुषो वेद।**

---

1. सहायक आचार्य, दर्शन विभाग, पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार
2. सहायक आचार्य (इतिहास), पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार

शतपथ ब्राह्मण के इस उद्धरण में तीन उत्तम शिक्षक का वर्णन किया गया है। एक माता, एक पिता और तीसरा आचार्य इन तीनों के होने से मनुश्य ज्ञानवान होता है। वह कुल धन्य हो जाता है, वह सन्तान बड़ा भाग्यवान जिसके माता और पिता धार्मिक विद्वान हों। वहीं उपनिषद् की परम्परा में भी नचिकेता, सुकेशा, सत्यकाम, गार्ग्य, कौशल्य, वैदर्भि, कबन्धी, उपकौशल, सत्यकाम-जाबाल, श्वेतकेतु, कहौल, आरुणि आदि के प्रसंग प्रसिद्ध हैं। कठोपनिषद् में नचिकेता ने भी यही कार्य किया, उसने अपने पिता और गुरु का प्रियाचरण किया तब जाकर उसने ब्रह्मविद्या प्राप्त की।

**स होवाच पितरं तत कस्मै मां दास्यसि इति।**
**द्वितीयं तृतीयं तं होवाच मृत्यवे त्वा ददामीति ॥[3]**

वह नचिकेता पिता को कहने लगा कि, हे पिताजी! जब आप 'सर्वमेधयज्ञ' कर रहे हो तो, मैं भी तो आपकी अनेक वस्तुओं में एक वस्तु में हूँ, मुझे भी तो किसी को दान कर दो। पिताजी ने इस बात को अनसुना सा कर दिया, पुनः नचिकेता ने पिता से कहा मुझे भी किसी को दो, तभी तो 'सर्वमेधयज्ञ' पूरा माना जायेगा। और अनुपयोगी, निस्सार वस्तुओं के दान से जो दान दाता को पाप लगता है, वह भी आपको न लगेगा, क्योंकि 'सर्वमेध' का अर्थ ही यही है सब कुछ चाहे अच्छा हो, चाहे कम अच्छा हो, सर्वस्व दान देकर, मोक्ष प्राप्ति के लिये घर छोड़ कर एकान्त में जाकर तप, दम और साधना समाधि लगाना। जब दो बार के कहने पर भी उसके पिता ने अनसुना सा कर दिया तो, पुत्रा ने पिता को तीसरी बार कहा, उसको सुन, पिता बोला मैं तुझे मृत्यु को देता हूँ।

इसका यह रहस्य है कि जो दो बार अनसुनी की, वह अपने पुत्र की जिज्ञासा की दृढ़ता को देखने के लिये ऐसा किया, और जो उसे मृत्यु को दिया, वह मृत्यु यमाचार्य नाम वाले महान् ब्रह्मविद्या के ज्ञाता के हैं, क्योंकि मृत्यु नाम 'यम' उपरमे धातु से बनता है, जो मानव को भोगों से विराम दिलाकर त्याग, तप में लगा देवें। नचिकेता अभी

3. कठोपनिषद् 1/4

बच्चा है, इसे और अधिक शिक्षा की आवश्यकता है, मैं इतनी शिक्षा दे नहीं सकता। इसकी पूर्ति यमाचार्य ही कर सकते हैं, वे ही इस समय ब्रह्मविद्या के अद्वितीय मर्मज्ञ हैं, इसलिये उन्होंने अपने होनहार बच्चे को सुयोग्य बनाने के लिये यमाचार्य को दिया था। न कि क्रोधादि में कहा था।

**बहूनामेमि प्रथमो बहूनामेमि मध्यमः।**
**किꣳ स्विद्यमस्य कर्तव्यं यन्मयाऽद्य करिष्यति ॥**[4]

नचिकेता विचार करने लगा कि पिता ने मुझे ही मृत्यु को क्यों दिया है? क्योंकि मैं बहुतों में श्रेष्ठ हूँ, और बहुत सी दान वाली वस्तुओं में मध्यम श्रेणी का हूँ, मुझसे भी अच्छी-अच्छी वस्तुएं अनेक थीं, उन्हीं को ही क्यों नहीं मृत्यु को दिया, और यदि हीन समझ कर दिया तो मुझसे भी हीन बहुत सी थीं, उन्हीं को ही मृत्यु को क्यों नहीं दिया? इस क्षणिक मनोगत तर्क-वितर्क में यही निर्णय आया कि पिता जी की आज्ञा शिरोधार्य है। इसी में मेरा उन्होंने कल्याण निहित समझा है। वास्तव में मैं अभी अबोध हूँ, अभी और बोध प्राप्त करने की आवश्यकता है, इसी लिये यमाचार्य को मुझे पिता ने सबसे श्रेष्ठ वस्तु मानकर दिया है, न कि हीन वस्तु समझकर। क्योंकि पिताजी के लिए सब से प्रिय पुत्र ही होता है। और चेतन ही ज्ञान का अधिकारी होता है, जड़ वस्तु ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकती। मुझसे भिन्न जितनी भी वस्तुयें गौ आदि पिता ने दान में दी हैं वे सब ज्ञान की अधिकारी नहीं थी, क्योंकि मनुष्य योनि में ही अपने स्वाभाविक ज्ञान के निमित्त रूप समर्थ गुरु से ज्ञान वृद्धि प्राप्त कर सकता है, गौ आदि अन्य किसी भी योनि में नहीं कर सकता। यह सब चिन्तन करने के पश्चात् पिता की आज्ञा पाकर नचिकेता यमाचार्य के पास चल दिया। और जाते-जाते सोचने लगा कि यमाचार्य मेरे साथ क्या-क्या व्यवहार करेंगे और मुझे कैसी शिक्षा देवेंगे। इस प्रकार नचिकेता सोचते-विचारते यमाचार्य के घर पहुंच गया। परन्तु यमाचार्य उस समय तीन दिन के लिये कहीं बाहर गये हुए थे। देवी ने नचिकेता को कहा कि आप अन्दर आयें, भोजन तथा विश्राम करें, जब वे आ जायेंगे

4. कठोपनिषद् 1/5

तब आप उनसे अपनी हृदयगत बातें कर लेना। परन्तु नचिकेता अन्दर न गये, द्वार पर घर से बाहर ही तीन दिन तक बिना खाये-पीये ही रहे और जब यमाचार्य आये तो उन्होंने बड़ा पश्चाताप किया कि यह तेजस्वी ब्रह्मचारी मेरे द्वार पर बिना खाये पीये रहा यह अतिथि का अपमान हो जायेगा, इसलिए नचिकेता को प्रसन्न करने के लिए तीन वर माँगने को कहा। एक सच्चा पुत्र होने के नाते नचिकेता ने अपने पिता के लिए सबसे पहला वर मांगा-

**शान्तसंकल्पः सुमना यथास्याद्वीतमन्युः गोतमो माऽभिमृत्योः।**
**त्वत्प्रसृष्टं माऽभिवदेत् प्रतीत एतत् त्रयाणां प्रथमं वरं वृणे॥**[5]

हे यमाचार्य जी! आप से मेरा पहला निवेदन तो यह है कि आप मेरे पिता को, जिस मोक्ष प्राप्ति की कामना हेतु सर्वमेध यज्ञ किया है, वह उन्हीं की कामना सिद्ध होवे, उसके लिये उनका मन शान्त और शुभ विचारों वाला, राग-द्वेष रहित होवे जिससे वे समाधि लाभ को शीघ्र ही अर्थात् इसी जन्म में प्राप्त कर लेवें। इसी के साथ दूसरी इच्छा यह है कि जब आपसे मैं ब्रह्मविद्या सीखकर जाऊं, जिसके लिये मुझे आप को सौंपा है, वह मेरी विद्या अधूरी न रहे, पूर्ण हो, जिसको देखकर वह अत्यधिक प्रसन्न हों खिन्न न होवें, कि जिसके लिये मैंने पुत्र को भेजा था, वह अधूरी रह गई। पूरी विद्या प्राप्त हुए को देखकर मुझसे प्रेम से बोलेंगे और बहुत प्यार करेंगे, यही तीन वरों में मेरा पहला वर आप से है। इस प्रकार से नचिकेता एक अच्छा सुयोग्य पुत्र, सुयोग्य शिष्य के रूप में सारे संसार में प्रसिद्ध हुआ।

तैत्तिरीयोपनिषद् की शिक्षावल्ली में जैसा उपदेश आचार्य ने शिष्यों को दिया है वैसा ही उपदेश यदि हम अपने जीवन में अक्षरशः धारण करेंगे तो असाधारण व्यक्तित्व के धनी बन जायेंगे। हमारा जीवन श्रेष्ठतम बनेगा। जिससे हम आत्मकल्याण को प्राप्त होकर इस संसार का भी अत्यन्त कल्याण करने में सक्षम हो पायेंगे। इसी आशय से आचार्य अपने स्नातक हुये हुए शिष्यों को दीक्षान्त समारोह में उपदेश करता है-

5. कठोपनिषद् 1/10

**वैदमनूच्याचार्येऽन्तेवासिनमनुशास्ति। सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यच्छेत्सीः। सत्यान्न प्रमदितव्यम्। धर्मान्न प्रमदितव्यम्। कुशलान्न प्रमदितव्यम्। भूत्यै न प्रमदितव्यम्। स्वाध्याय-प्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्॥**[6]

सांगोपांग वेद को पढ़ाने के पश्चात् आचार्य अपने शिष्य को दीक्षान्त समारोह के अवसर पर निम्नरूप में उपदेश देते हैं। हे पुत्र तू अपने जीवन में सदा सत्य और धर्म का पालन ही करते रहना, असत्य, अधर्म का आचरण कभी मत करना। वेदादि सत्यशास्त्रों का, ऋषिप्रणीत ग्रन्थों का भी नित्य स्वाध्याय करना। अश्लील, क्षुद्र पुरुषों की पुस्तक कभी मत पढ़ना। आचार्य को जो कुछ भी श्रद्धा रूप प्रिय धनादि वस्तु हो उसे अवश्य दक्षिणा में देकर, उनसे आज्ञा लेकर गृहस्थ में जाना चाहे तो अवश्य जाकर उत्तम सन्तान पैदा करना। गृहस्थाश्रम की मर्यादाओं को, पंचमहायज्ञों की परम्परा को कभी मत तोड़ना। सत्य व्यवहार से, धर्म कार्यों से, अपने कल्याणकारी कार्यों से, धनैश्वर्य-प्राप्ति के लिये और वेद के पठन-पाठन में कभी प्रमाद न करना।

**देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्। मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्य देवो भव। अतिथि देवो भव। यान्यनवद्यानि कर्माणि तानि सेवितव्यानि, नो इतराणि। यान्यस्माकं सुचरितानि, तानि त्वयोपास्यानि नो इतराणि॥**[7]

हे प्रिय शिष्य! ब्रह्मयज्ञ, अग्निहोत्र, और पितृकार्य अर्थात् जीवित माता, पिता, दादा, दादी और वृद्ध जनों की सेवा में कभी आलस्य-प्रमाद मत करना, नित्य इनका अनुष्ठान करना। माता-पिता, आचार्य और विद्वान् अतिथि इनको देव समान मानकर सेवा करना। देवता वही है जो हमको जीवन कल्याणार्थ कुछ देवे। ये हमारा लालन पालन पोषण करते हैं और उत्तम शिक्षा देते हैं, इसलिये इन्हें हम 'देव' कहते हैं। हे स्वकल्याण इच्छुक शिष्य! तू अपने जीवन में उन्हीं कर्मों का आचरण करना जो निन्दित

6. तैत्तिरीयोपनिषद् 1/11/1
7. तैत्तिरीयोपनिषद् 1/11/2

न हों, शिष्ट सम्मत हों, अशिष्ट और निन्दित कर्मों को कभी मत करना। हमारे जीवन में भी जो सुचरित्रता हैं, उन्हीं का आचरण करना, मनुष्य के नाते से हममें भी कोई दुर्गण हों तो उसे मत अपनाना।

**ये के चास्मच्छेयाँसो ब्राह्मणाः, तेषां त्वयाऽऽसनेन प्रश्वसितव्यम्।**
**श्रद्धयादेयम् अश्रद्धया देयम्। श्रियादेयम्। हिया देयम्। भिया देयम्।**
**संविदा देयम्॥**[8]

अर्थात् हे शिष्य! और जो हम से भी उत्तम गुण, कर्म, स्वभाव विद्यायुक्त वेदज्ञ ब्राह्मण हैं, उनकी आसन से, भोजनादि से अच्छे प्रकार सेवा करना। यज्ञ, याग, गो-राष्ट्रकार्यों में या लोक कल्याण के कार्यो में और वेदविद्या व योगविद्या के प्रचार-प्रसार में यथाशक्ति श्रद्धा से, बिना श्रद्धा के, धन-सम्पत्ति होने पर, अथवा कम होने पर, लोक-लज्जा के भय से अच्छे प्रकार जानकर देश-काल, योग्यतानुसार अवश्य दान देना चाहिये।

**अथ यदि ते कर्म विचिकित्सा वा वृत्तविचिकित्सा वा स्यात्। ये तत्रा ब्राह्मणः संमर्शिनः। युक्ता आयुक्ताः। अलूक्षा धर्मकामा स्युः। यथा ते तत्रा वर्त्तऽरन्। तथा तत्रा वर्तेथाः। अथाभ्याख्यातेषु ये तत्र ब्राह्मणाः संमर्शिनः। युक्ता आयुक्ता :। अलूक्षा धर्मकामा स्युः। यथा ते तेषु वर्तेरन्। तथा तत्रावर्तेथाः। एष आदेशः। एष उपदेशः। एषा वेदोपनिषत्। एतदनुशासनम्। एवमुपासितव्यम्। एवमुचौतदुपास्यम्॥**[9]

हे शिष्य! तुझे कहीं कर्मों के शुभाशुभ अनुष्ठान में सन्देह हो अथवा आचार, व्यवहार में उलझन दृष्टिगोचर हो तो उस समय जो वेदज्ञ, चिन्तन, मननशील, परामर्श देने में समर्थवान् हों, चाहे वे स्वयं उस कार्य में लगे हों, चाहे किन्हीं के द्वारा नियुक्त किये गये हों, कठोर, कर्कश स्वभाव युक्त न हों, और धर्म की वृद्धि चाहने वाले हों, वे जैसे आचरण करें, तुम भी वैसा ही करना, स्वेच्छानुसार मत चलना, मनमानी मत करना

8. तैत्तिरीयोपनिषद् 1/11/3
9. तैत्तिरीयोपनिषद् 1/11/4

और तुम्हारे मन में ही विवादास्पदों में सन्देह हो। अर्थात् जो दोष तुम्हें व किसी को लगाया गया हो उसमें संशय हो कि यह अनुचित है तो वहां भी उपरोक्त गुणयुक्त विद्वानों का निर्णय ही तुम्हें स्वीकार होना चाहिये, उसमें 'मेरी मानी जाय ऐसा विचार नहीं करना चाहिए।' मेरा आपको यही अन्तिम उपदेश है, और यही वेद-उपनिषदों का सार है, यही अनुशासन है, इसी का अनुष्ठान करना चाहिये, इसके ही आचरण से मानव का कल्याण होता है। समाज तथा राष्ट्र की उन्नति होती है, और विश्व में सुख-शान्ति फैलती है। आज इस शिक्षा का अभाव है, इसीलिये विद्यार्थी उद्दण्ड और मातृ-पितृ, गुरु और गो-राष्ट्र भक्ति से हीन हैं, सर्वत्र अशान्ति है, भय है, कायरता, कमजोरी है। आलस्य प्रमाद है, शोक विषाद है।

**श्री राम जी की पितृभक्ति-** माता कैकेयी से बातचीत करते समय श्री राम जी कहते हैं-

**अहं हि वचनाद् राज्ञः पतेयमपि पावके॥**
**भक्षयेयं विषं तीक्ष्णं पतेयमपि चार्णवे।**[10]
**न ह्यतो धर्माचरणं किञ्चिदस्ति महत्तरम्।**
**तथा पितरि शुश्रूषा तस्य वा वचनक्रिया॥**[11]

मैं महाराज के कहने से आग में कूद सकता हूँ, तीव्र विष का पान कर सकता हूँ और समुद्र में भी गिर सकता हूँ, क्योंकि जैसी पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पलन करना है, इससे बढ़कर संसार में दूसरा कोई धर्म नहीं हैं। उसके बाद माता कौशल्या से भी उन्होंने कहा है-

**नास्ति शक्तिः पितुवर्वाक्यं समतिक्रमितुं मम।**
**प्रसादये तवां शिरसा गन्तुमिच्छाम्यहं वनम्॥**[12]

10. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् 2/18/28-28
11. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् 2/19/22)
12. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् 2/21/30

'मैं चरणों में सिर रखकर आप से प्रसन्न होने के लिए प्रार्थना करता हूँ। मुझमें पिता के वचन टालने की शक्ति नहीं है। अतः मैं वन को ही जाना चाहता हूँ।'

**अस्वाधीनं कथं दैवं प्रकारैरभिराध्यते।**
**स्वाधीनं समतिक्रम्य मातरं पितरं गुरुम् ॥**[13]

अपनी सेवा के अधीन रहने वाले माता-पिता-गुरु रूपी प्रत्यक्ष देवता का उल्लंघन करके जो सेवा के अधीन नहीं है उस अप्रत्यक्ष देव की विविध प्रकार से किस प्रकार आराधना की जा सकती है?

**पिता हि प्रभुरस्माकं दैवतं परमं च सः।**
**यस्य नो दास्यति पिता स नो भर्ता भविष्यति ॥**[14]

पिता हमारे स्वामी तथा हमारे श्रेष्ठ देवता हैं, पिता मुझे जिसको देंगें वही मेरे स्वामी होंगें।

**कच्चिन्मया नापराद्धमज्ञानाद्येन मे पिता।**
**कुपितस्तन्मयाचक्ष्व त्वं चैवैनं प्रसादयः ॥**[15]

यदि अज्ञानवश मुझसे कोई अपराध हो गया हो जिससे पिता जी मुझसे अप्रसन्न हैं तो आप मुझे उस अपराध को बतायें और मेरी ओर से आप इन्हें प्रसन्न करें, मनायें।

**अतोषयन् महाराजमकुर्वन् वा पितुर्वचः।**
**मुहूर्तमपि नेच्छेयं जीवितुं कुपिते नृपे ॥**[16]

महाराज का कहना न मानकर, उनको असन्तुष्ट एवं कुपित कर मैं एक मुहूर्त भी जीना नहीं चाहता।

---

13. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् 30/33
14. बालकाण्ड 32/22
15. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो. सर्ग- lx-15-9
16. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो. सर्ग -15-10

**अहो धिङ् नार्हसे देवि वक्तुं मामीदृशं वचः।**

**अहं हि वचनाद्राज्ञः पतेयमपि पावके ॥[17]**

**भक्षयेयं विषं तीक्ष्णं मज्जेयमपि चार्णवे।**

**नियुक्तो गुरुणा पित्रा नृपेण च हितेन च ॥[18]**

अहो! धिक्कार है!! हे देवि! आपको ऐसा कहना उचित नहीं। महाराज की आज्ञा से मैं जलती चिता में कूद सकता हूँ, हलाहल विष का पान कर सकता हूँ और समुद्र में छलाँग लगा सकता हूँ। अपने गुरु, हितकारी, राजा और पिता के आदेश से ऐसा कौन-सा कार्य है जिसे मैं न कर सकूँ?

**तद् ब्रूहि वचनं देवि राज्ञो यदभिकाङ्क्षितम्।**

**करिष्ये प्रतिजाने च रामो द्विर्नाभिभाषते ॥[19]**

हे देवि! महाराज दशरथ को जो भी अभीष्ट है वह तू मुझसे कह! मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं उनकी आज्ञा का पालन करूँगा। माता! सदा स्मरण रख राम दो प्रकार की बात नहीं करता ;राम जो कहता है, वही करता है।

**एवमस्तु गमिष्यामि वनं वस्तुमहं त्वितः।**

**जटाजिनधरो राज्ञः प्रतिज्ञामनुपालयन् ॥[20]**

"बहुत अच्छा" ऐसा ही होगा। महाराज की प्रतिज्ञा पूर्ण करने के लिए मैं जटा और वल्कल वस्त्र धारण कर अभी नगर को छोड़कर वन को जाऊँगा।

**यदत्राभवतः किञ्चच्छक्यं कर्तुं प्रियं मया।**

**प्राणानपि परित्यज्य सर्वथा कृतमेव तत् ॥[21]**

---

17. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् सर्ग-15-15
18. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो. सर्ग-15-16
19. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो सर्ग-15-17
20. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो. सर्ग-16-2
21. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो. सर्ग-16-14

यदि मैं अपने प्राण देकर भी पूज्य पिताजी का अभीष्ट कार्य कर सकूँ तो उस कार्य को किया हुआ ही समझो, अर्थात् पिता जी को प्रसन्न करने के लिए तो मैं प्राण भी दे सकता हूँ, वन जाने की तो बात ही क्या है!

**न ह्यतो धर्माचरणं किञ्चदस्ति महत्तरम्।**

**यथा पितरि शुश्रूषा तस्य वा वचनक्रिया॥**[22]

पिताजी की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन करने से बढ़कर संसार में कोई धर्माचरण है ही नहीं।

**अनुक्तोऽप्यत्रभवता भवत्या वचनादहम्।**

**वने वत्स्यामि विजने वर्षाणीह चतुर्दश॥**[23]

पूज्य पिता जी के न कहने पर भी मैं आपके ही ओदश से चौदह वर्ष तक निर्जन वन में वास करूँगा। श्रीमद्वाल्मीकीयरामायण में पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र जी के विषय में बहुत सुन्दर बात कही गयी है।

**स च सर्वगुणोपेतः कौसल्यानन्दवर्धनः।**

**समुद्र इव गाम्भीर्ये धैर्येण हिमवानिव॥**[24]

'सम्पूर्ण गुणों से युक्त वे श्री रामचन्द्र जी अपनी माता कौसल्या के आनन्द बढ़ाने वाले हैं, गम्भीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान हैं।

**स जगाम वनं वीरः प्रतिज्ञामनुपालयन्।**

**पितुर्वचनिर्देशात् कैकय्या प्रियकारणात्॥**[25]

'कैकयी का प्रिय करने के लिए पिता की आज्ञा के अनुसार उनकी प्रतिज्ञा का पालन करते हुए वीर रामचन्द्र वन को चले। ये दो श्लोक इस बात के प्रमाण हैं कि

---

22. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो. सर्ग-16-15
23. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो. सर्ग-16-16
24. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो. का 17
25. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायणम् आयो. का 24

हमारे महापुरुषों ने भी अपने माता-पिता, गुरु का सदैव ही प्रियाचरण किया है। गुरुभक्ति के विषय में तो बहुत कुछ लिखा गया है। अर्थात् अन्य ग्रन्थों में भी इसी विषय में उपदेश दिया गया है।

**विनयेन गुरवोऽभिगन्तव्याः ।**[26]

गुरुजनों के पास विनम्रतापूर्वक जाना चाहिए।

**गुरूपदेशः प्रतिबोधः ।**[27]

गुरुओं का उपदेश प्रतिबोधक होता है।

**स्वर्गे धनं वा धन्यं वा विद्या पुत्राः सुखानि च।**
**गुरुवृत्त्यनुरोधेन न किंचिदपि दुर्लभम् ॥**[28]

गुरु की सेवा करने वालों के लिए कुछ भी अप्राप्य नहीं होता है। वह स्वर्ग, धन धान्य, विद्या, पुत्र तथा सुख ये सभी सरलता से प्राप्त कर लेता है।

**कल्मषं गुरुशुश्रूषा हन्ति ।**[29]

गुरु की सेवा पाप का नाश करती है।

**गुरुणा चैव निर्बन्धः न कर्त्तव्यः कदाचन ।**[30]

गुरु के साथ कभी हठ नहीं करना चाहिये।

**उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद् द्विजः।**
**सकल्पं सरहस्यं च, तमाचार्य प्रचक्षते ॥**[31]

---

26. शाङ्करभाष्य छान्दोग्योपनिषद्~ 8-7-2
27. शाङ्करभाष्य छान्दोग्योपनिषद् 2-4
28. अयोध्याकाण्ड 30/36
29. महाभारत अनुशासनपर्व 69-10
30. महाभारत अनुशासनपर्व 104-80
31. महाभारत अनुशासनपर्व 2-140

जो विद्यावान् मनुष्य, शिष्य का उपनयन करके उसे कल्प यथा श्रौत, गृह्य, धर्म, और शुल्व सूत्र सहित और रहस्य अर्थात् उपनिषद सहित सम्पूर्ण वेद पढ़ावे, उसे ही आचार्य कहते हैं।

**ऋतस्य दातारमनुत्तमस्य निधि निधीनामपि लब्धविद्याः।**
**ये नाद्रियन्ते गुरुमर्चनीयं, पापान लोकांस्ते वजन्त्यप्रतिष्ठाः॥**[32]

अतिश्रेष्ठ सत्यज्ञान को देने वाले तथा कोशों में उत्तम विद्या रूपी कोश को प्राप्त कराने वाले पूजनीय गुरु का, जो उनसे विद्या पाये लोग आदर नहीं करते वे अस्थिर-मति होकर पापजनित दुःखमय लोकों को प्राप्त होते हैं।

**अल्पं वा बहु वा यस्य, श्रुतस्योपकरोति यः।**
**तमपीह गुरुं विद्यान्नित्यं तूपक्रियया तया॥**[33]

जो किसी का थोड़े या अधिक रूप में विद्यादान से उपकार करता है उसे भी विद्या रूपी उपकार के कारण गुरु जानना चाहिये।

**उपसंहार-** इस प्रकार से इस आधुनिक युग में जो लोग आधुनिक संस्कृति को ही श्रेष्ठ समझने लगे हैं और अपने पूर्वजों को, बड़े बुजुर्गों को, माता-पिता, गुरु को गौरव नहीं देते तथा हमारी सनातन पुरातन परम्परा को रूढ़ि समझकर छोड़ रहे हैं वे समाज में बहुत बड़ी भ्रान्ति फैला रहे हैं। उनका स्वयं का जीवन कभी भी संयमित, व्यवस्थित नहीं हो सकता, स्वयं भी कभी सुख शान्ति नहीं प्राप्त कर सकते तथा दूसरों को भी नहीं दे सकते। इसलिए हम अपने माता-पिता, गुरु-आचार्य का कभी भी अनादर न करें। उनकी आज्ञा को सदा, सर्वदा, सर्वत्र आत्मसात करते हुए श्रेष्ठ संतान और शिष्य बनने का गौरव प्राप्त करें।

32. महाभारत अनुशासनपर्व 76-63
33. मनुस्मृति 2-149

# संस्कृत भाषा अधिगम की वर्तमान उपादेयता

मीनाक्षी सिंह रावत[1], डॉ. अरविन्दनारायण मिश्र[2]

संस्कृत भाषा अधिगम केवल एक भाषा सीखने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को सांस्कृतिक, मानसिक, और बौद्धिक रूप से समृद्ध बनाती है। इसकी उपयोगिता शैक्षणिक, वैज्ञानिक, धार्मिक, और व्यावसायिक क्षेत्रों में अद्वितीय है। संस्कृत का अध्ययन से न केवल भारत अपितु विश्व के अमूल्य साहित्य की धरोहर को सुरक्षित रखा जा सकता है। संस्कृत भाषा अधिगम का शिक्षण विद्यार्थियों को एक प्राचीन, समृद्ध, और वैज्ञानिक भाषा के ज्ञान से सशक्त बनाकर उन्हें भारतीय संस्कृति, साहित्य, और दर्शन से जोड़ते हुए उनकी तार्किक, संज्ञानात्मक, और भावनात्मक क्षमताओं को बढ़ाता है। संस्कृत भाषा का अधिगम (सीखने की प्रक्रिया) एक विशेष प्रकृति को दर्शाता है, जो इसकी संरचना, व्याकरण, ध्वनियों, और साहित्यिक समृद्धि से प्रभावित होती है। यह भाषा न केवल भाषाई कौशल का विकास करती है, बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक, और बौद्धिक दृष्टिकोण से भी छात्र को समृद्ध बनाती है। संस्कृत भाषा अधिगम की प्रकृति का अवलोकन करें तो पाएंगे कि- 1.

**नत्वा सरस्वतीं देवीं शुद्धां गुण्यां करोम्यहम्।**
**पाणिनीयप्रवेशाय लघुसिद्धान्तकौमुदीम्॥**[3]

मैं शुद्ध तथा प्रशस्त गुणों से युक्त सरस्वती देवी को नमस्कार करके पाणिनीय व्याकरणशास्त्र में प्रवेश के लिए लघुसिद्धान्तकौमुदी को बनाता हूँ। पाणिनीय व्याकरण अत्यधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक है। इसका अधिगम मुख्यतः व्याकरण के नियमों

1. शोधार्थी,शिक्षाशास्त्र, जिज्ञासा विश्वविद्यालय,देहरादून
2. सह-शोधनिर्देशक, शिक्षाशास्त्रविभाग, उ.सं.वि.वि. हरिद्वार
3. Vishwanaath Shaastri, and others, 2009, Laghusiddhaantkaumudi 'Shrivardaraajpraneeta : 'Paniniya-Vyakaran-Praveshika, Motilal Banarsidass Publishe, पृ. 01

(संधि, समास, धातु रूप, वाक्य रचना) के अध्ययन पर आधारित होता है। व्याकरण का सही ज्ञान भाषा को पढ़ने, समझने और बोलने में सहायक होता है।

2. संस्कृत में प्रत्येक ध्वनि (स्वर और व्यंजन) का एक विशिष्ट उच्चारण स्थान और विधि होती है, अधिगम प्रक्रिया में उच्चारण को सुधारने और शुद्धता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

3. संस्कृत के श्लोक, मन्त्र और सूत्रों का अधिगम दोहराव और स्मृति के माध्यम से होता है, यह प्रक्रिया भाषा कौशल के साथ-साथ स्मरण शक्ति को भी विकसित करती है।

4. संस्कृत भाषा की संरचना अत्यंत नियमबद्ध और तार्किक है, यह अधिगम को अनुशासित और व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करती है।

5. संस्कृत में हर शब्द धातुओं (मूल रूपों) से उत्पन्न होता है, जिससे शब्द निर्माण प्रक्रिया को समझना आसान होता है।

6. संस्कृत भाषा का अधिगम केवल व्याकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वेद, उपनिषद, महाकाव्य, और पुराण जैसे ग्रंथों का अध्ययन भी शामिल है, यह छात्रों को भारतीय संस्कृति, परंपरा, और दर्शन से परिचित कराता है।

7. अधिगम प्रक्रिया में लिखने की कला (लेखन शैली और लिपि) और बोलने की कला (संवाद और वाचन) पर समान रूप से जोर दिया जाता है।

8. संस्कृत भाषा का अधिगम केवल शब्दों को समझने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके गहन अर्थ और संदर्भ की व्याख्या करना भी शामिल है। यह छात्रों के चिंतन और विश्लेषण क्षमता को बढ़ाता है। श्यामचंद्र कपूर-"भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य बोलकर या लिखकर अपने विचार दूसरों पर सरलता, स्पष्टता, विस्तारता तथा पूर्णता से व्यक्त कर सकता है।"[4]

9. संस्कृत की संरचना इसे सीखने के लिए सरल और तार्किक बनाती है, एक बार मूल नियमों को समझ लेने के बाद भाषा का अभ्यास सरल हो जाता है।

4 . मिश्रा एवं मिश्रा,2023,भाषा की समझ तथा आरंभिक भाषा का विकास,ठाकुर प्रकाशन, पृ.13

10. संस्कृत अधिगम में छात्रों की क्षमता, रुचि, और पूर्व ज्ञान का ध्यान रखा जाता है, यह भाषा कौशल को धीरे-धीरे विकसित करने और छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर देता है।

**संस्कृत भाषा अधिगम को प्रोत्साहित करने वाले प्रमुख कारक-** संस्कृत भाषा अधिगम की प्रभावशीलता विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति के शैक्षिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और मानसिक स्तर को प्रभावित करते हैं। ये कारक व्यक्ति की सीखने की प्रक्रिया, भाषा कौशल विकास, और भाषा में रुचि को आकार देते हैं। संस्कृत भाषा अधिगम को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारक आपस में जुड़े होते हैं और भाषा को सीखने की प्रक्रिया को आकार देते हैं जैसे शैक्षिक पृष्ठभूमि, पूर्वज्ञान, शिक्षा का स्तर, परिवार और सांस्कृतिक परिवेश, परिवार का समर्थन और प्रोत्साहन, संस्कृत भाषा की संस्कृति, शिक्षक का ज्ञान और अनुभव, शिक्षण विधियाँ, शिक्षण सामग्री और संसाधन, पाठ्य पुस्तकें और पाठ्य सामग्री , दृश्य-श्रव्य सामग्री , भाषाई वातावरण और प्रदर्शन, संवाद का अवसर, सहपाठी आधारित गतिविधियाँ, मनोवैज्ञानिक कारक, रुचि, स्मरण शक्ति और ध्यान, व्यक्तिगत क्षमता और कठिनाइयाँ, प्राकृतिक और भौगोलिक कारक, संस्कृत भाषा का वातावरण, समय और संसाधनों का प्रबंधन, आधुनिक तकनीक और शिक्षण विधियाँ, डिजिटल उपकरणों का उपयोग, संस्कृत पाठशालाएँ और केंद्र इत्यादि इन कारकों का समन्वय सही तरीके से होने पर संस्कृत अधिगम अधिक प्रभावी और सुलभ होता है। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए शिक्षण और अधिगम की रणनीति तैयार की जानी चाहिए। एच .एच विल्सन- “कोई व्यक्ति अच्छा देशी भाषा का विद्वान् बन जाएगा यदि वह अच्छा संस्कृत का विद्वान है।”[5] संस्कृत की शिक्षा में परिवार की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। यदि व्यक्ति का परिवार या समाज संस्कृत भाषा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है, तो भाषा अधिगम में सफलता अधिक होती है। शिक्षकों की विषय पर गहरी समझ और शिक्षण अनुभव संस्कृत भाषा अधिगम को

5 . जैन संध्या , 2018आदिदेव आर्य देवता,आदि संस्कृति सनातन धर्म, प्रभात प्रकाशन,1 अध्याय

प्रभावित करता है। शिक्षक द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधियाँ और तकनीकें भाषा अधिगम को सुलभ और प्रभावी बनाती हैं। आधुनिक और पारंपरिक पाठ्य पुस्तकों का उपयोग संस्कृत अधिगम को प्रभावी बनाता है। वीडियो, ऑडियो, और ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग भाषा अधिगम को आसान और आकर्षक बनाता है। भाषा के प्रयोग के लिए पर्याप्त अवसर, जैसे कि संवाद, वार्ता, या नाटक, संस्कृत भाषा अधिगम को सुदृढ़ करता है। संस्कृत भाषा के सहपाठी गतिविधियाँ (श्लोक पाठ, नाटक, वाद-विवाद आदि) भाषा कौशल में सुधार करने में सहायक होती हैं। छात्र की स्वाभाविक रुचि और प्रेरणा संस्कृत भाषा अधिगम की दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्ति की स्मरण शक्ति और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता संस्कृत भाषा सीखने में सहायक होती है। नियमित अभ्यास और अधिगम की अवधि संस्कृत के अध्ययन में महत्त्वपूर्ण होती है। अन्य स्कूल विषयों और गतिविधियों से समय का सन्तुलन बनाना आवश्यक है।

**संस्कृत भाषा अधिगम का शिक्षण-** संस्कृत भाषा अधिगम द्वारा अधिगमकर्ता को व्यक्तिगत संवर्धन हेतु शैक्षिक और व्यावसायिक क्षेत्र में उन्नति प्रदान की जाती है। संस्कृत अन्तर्राष्ट्रीय भाषाओं के लिए अधिगम में सहायक, मानसिक और आत्मिक विकास, वैज्ञानिक अनुसंधान में उपयोग, धार्मिक और आध्यात्मिक महत्त्व, साहित्यिक समृद्धि, भारतीय संस्कृति और धरोहर का ज्ञान, भाषाई आधार का निर्माण, वैज्ञानिक और तार्किक संरचना, स्मरण शक्ति का विकास, मनोवैज्ञानिक रूप से स्मृति और एकाग्रता में सुधार कर सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति में वृद्धि तथा धार्मिक और सांस्कृतिक ज्ञान का विकास कर स्मरण शक्ति में वृद्धि करता है संस्कृत के श्लोक और मन्त्र याद करने से स्मरण क्षमता मजबूत होती है। तार्किक और विश्लेषणात्मक सोच द्वारा व्याकरण और संरचना के नियम समझने से तर्क क्षमता में सुधार होता है।

**सांस्कृतिक जागरूकता-** यह छात्रों को भारतीय संस्कृति और परंपरा से जोड़ता है। भाषाई कौशल को बाधा कर संस्कृत अधिगम अन्य भारतीय और विदेशी भाषाओं को समझने में सहायक होता है। संस्कृत भाषा का शिक्षण विद्यार्थियों को भाषा के

व्याकरण, उच्चारण, पाठ, और साहित्य को प्रभावी ढंग से सिखाने की प्रक्रिया है। यह शिक्षण छात्रों में भाषा कौशल विकसित करने के साथ-साथ उनके सांस्कृतिक और दार्शनिक ज्ञान का विस्तार करता है। संस्कृत शिक्षण में परंपरागत और आधुनिक शिक्षण विधियों का सन्तुलन अपनाया जाता है, ताकि भाषा को रोचक और प्रभावी ढंग से सिखाया जा सके। भाषा वैज्ञानिकों एवं शिक्षा-शास्त्रियों ने भाषा के चार कौशल निर्धारित किए हैं जिन्हें संस्कृत भाषा शिक्षण में श्रवण, भाषण, पठन एवं लेखन कौशल के रूप में जाना जाता है। इन्हीं चार कौशलों का विकास करने के लिए उत्तरोत्तर अनेक विधियों एवं उपागमों का प्रादुर्भाव विभिन्न शिक्षा-शास्त्रियों के द्वारा किया गया जैसे पाठशाला पद्धति, व्याकरण-अनुवाद पद्धति, पाठ्य-पुस्तक पद्धति, प्रत्यक्ष पद्धति, संग्रन्थन उपागम इत्यादि।[6] संस्कृत भाषा शिक्षण के उद्देश्य-

1. छात्रों को संस्कृत व्याकरण और संरचना का ज्ञान देना।
2. उच्चारण, पठन, और लेखन कौशल को सुधारना।
3. संस्कृत साहित्य और सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराना।
4. भाषा के माध्यम से तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमता को विकसित करना।
5. भारतीय परंपरा, दर्शन, और विज्ञान की समझ बढ़ाना।
6. छात्रों में सांस्कृतिक और भाषाई जागरूकता का विकास करना।
7. उनकी तार्किक और स्मरण शक्ति में वृद्धि करना।
8. प्राचीन भारतीय ग्रंथों और दर्शन को समझने में सहायता करना।
9. भाषा कौशल के साथ-साथ आत्मविश्वास का विकास करना।

संस्कृत भाषा अधिगम हेतु शिक्षण की विधियाँ- संस्कृत भाषा शिक्षण द्वारा व्याकरण से भाषा की संरचना, उच्चारण और पठन कौशल हेतु उचित पाठ्य सामग्री का चयन कर अधिगमकर्ता में भाषा पुनरावृत्ति और अभ्यास को व्याकरण द्वारा भाषा को व्यवस्थित

---

6 . बी.एल. श्रीमाली, 2018, विद्यार्थियों में संस्कृत में भाषायी दक्षता, पठन एवं लेखन कौशल के विकास में क्रिया आधारित उपागम की प्रभावशीलता, https://www.echetana.com/,पृ. 218

और तार्किक ढंग से सिखाया जाता है इसके लिए व्याकरण के अन्तर्गत धातु रूप, संधि, समास और वाक्य रचना से छात्रों को सही उच्चारण और पठन शैली का अभ्यास कराया जाता है। शुद्ध ध्वनियों और मंत्रोच्चारण का अभ्यास को छात्रों के स्तर के अनुसार सरल और प्रभावी बनाकर शास्त्रीय और आधुनिक दोनों प्रकार के ग्रंथों का अध्ययन करवाया जाता है साथ ही पाठों, शब्दों, और व्याकरण नियमों की बार-बार पुनरावृत्ति, गृहकार्य और अभ्यास कार्य के माध्यम से ज्ञान को सुदृढ़ करना ताकि संस्कृत शिक्षण में आने वाली चुनौतियाँ छात्रों की रुचि बनाए रखकर अधिगामकर्ता को भाषा अधिगम हेतु तत्पर किया जा सके।

1. व्याकरण आधारित विधि- संस्कृत में व्याकरण की परम्परा बहुत प्राचीन है।[7] व्याकरण के अन्तर्गत संधि, समास, धातु रूप, और वाक्य रचना, पाठों का अनुवाद और व्याख्या के माध्यम से भाषा सिखाना। 2. श्रवण एवं उच्चारण विधि-सही उच्चारण और ध्वनि से छात्रों को मन्त्र, श्लोक, और सूत्र पढ़ने और याद करने का अभ्यास कराकर सुनने और बोलने के कौशल को प्राथमिकता देना। भाषा में कुशलता प्राप्त करने की दृष्टि से विद्यार्थियों को श्रवण, भाषण, पठन और लेखन का ज्ञान, व उसमें प्रवीणता व निपुणता का होना अत्यंत आवश्यक है।[8] 3. प्रत्यक्ष विधि - संस्कृत को पढ़ाने के लिए छात्रों के साथ संवाद और वार्तालाप, सरल वाक्यों और कथनों के माध्यम से भाषा का उपयोग सिखाना। 4. पाठ आधारित विधि -पाठ्य पुस्तकों में दिए गए श्लोक, कहानी, और ग्रंथ अंशों के अध्ययन पर आधारित। "पुस्तकस्था तु या विद्या परहस्तगतं धनम्। कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तद् धनम्।"[9] पुस्तक में रखी विद्या तथा दूसरे के हाथ में गया धन दोनो ही जरूरत के समय हमारे किसी काम नही आया करते है। अत:

---

7 . रोहित मांगलिक,2023 झारखंड स्नातक शिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6-8),एडुगोरिला पब्लिकेशन,पृ.26

8 . रेनू 2019720 विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा में प्रवीणता के लिए कौशलों का महत्व,JETIR, पृ. 720

9 . सुभाषितानि

आवश्यक है पुस्तकों में समाहित शब्दार्थ, व्याख्या, और पाठ की विषयवस्तु पर ध्यान केन्द्रित करते हुए भाषा अधिगम को सरल बनाया जाये। 5. सृजनात्मक विधि -छात्रों को संस्कृत में निबंध, कहानी या श्लोक रचने के लिए प्रेरित करना जिसमें अभिनय, नाटक, और संवाद के माध्यम से शिक्षण कार्य करना। 6. समूह चर्चा और गतिविधियाँ- संस्कृत में प्रश्नोत्तर और संवाद के माध्यम से छात्रों को समूह में चर्चा और अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करना। समूह चर्चा में विभिन्न पहलुओं को पहचानकर बोधगम्यता को बढ़ावा मिलता है।[10]

संस्कृत भाषा अधिगम की वर्तमान उपादेयता- संस्कृत भारतीय भाषाओं की जननी है।[11] यह न केवल भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और दार्शनिक धरोहर का प्रतीक है, बल्कि यह वैज्ञानिक, व्याकरणिक और भाषाई दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। संस्कृत भाषा का अधिगम केवल भाषाई ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत, शैक्षिक, और सांस्कृतिक विकास में भी सहायक है। संस्कृत भाषा अधिगम न केवल एक भाषा सीखने की प्रक्रिया है, बल्कि यह व्यक्ति के मानसिक, सांस्कृतिक, और बौद्धिक विकास का एक साधन भी है। भारतीय और वैश्विक संदर्भ में संस्कृत का अध्ययन हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है और हमें एक वैज्ञानिक और दार्शनिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। संस्कृत भाषा अधिगम की वर्तमान उपादेयता-

1. सुनीति कुमार चटर्जी “द्रविड़ भाषाएँ (तमिल , तेलगु टन्लु, कन्नड़ ) निषाद भाषा (संताली ) कीरत भाषा (मंगोल ) भाषाएँ संस्कृत से उत्पन्न हुई।”[12] संस्कृत का अधिगम अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने में सहायक होता है। संस्कृत व्याकरण और

10 . Dr. Rekha Pathak, and othors, 2023, e-book for Principles of Teaching Learning Book for Uttar Pradesh D.El.Ed as per SCERT. Thakur Publication, p.g 72

11 . एस के कटारिया,2024, संस्कृत शिक्षण विधियाँ, एस के वाई एडुकैयर,पृ.17

12 . जैन संध्या , 2018आदिदेव आर्य देवता,आदि संस्कृति सनातन धर्म, प्रभात प्रकाशन,1 अध्याय

ध्वनियों की संरचना अत्यंत वैज्ञानिक और तार्किक है। यह भाषा सीखने वाले की विश्लेषणात्मक और तार्किक सोच को विकसित करती है। 2 . संस्कृत के माध्यम से वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण, पुराण और अन्य ग्रंथों का अध्ययन संभव है, यह भारतीय संस्कृति, परंपरा, और दर्शन को समझने का एक प्रमुख माध्यम है। संस्कृत साहित्य अत्यंत समृद्ध और विविध है, जिसमें काव्य, नाटक, नीति शास्त्र और चिकित्सा विज्ञान जैसे विषय शामिल हैं तथा कालिदास, भास, और पाणिनि जैसे विद्वानों के कार्यों को समझने के लिए संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है। 3 . संस्कृत में श्लोक, मन्त्र और सूत्रों का अध्ययन और स्मरण शक्ति को बढ़ावा देता है तथा नियमित अभ्यास से मस्तिष्क की कार्यक्षमता में सुधार होता है। संस्कृत भारतीय धार्मिक ग्रंथों की मूल भाषा है, मंत्रों और श्लोकों का अध्ययन करने से आध्यात्मिक और मानसिक शान्ति प्राप्त होती है। संस्कृत में विज्ञान, गणित, खगोलशास्त्र, और चिकित्सा जैसे विषयों का व्यापक साहित्य उपलब्ध है। 4 प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक उपलब्धियों को समझने और आधुनिक अनुसंधान में योगदान के लिए संस्कृत का ज्ञान महत्त्वपूर्ण है। संस्कृत भाषा का अध्ययन मानसिक शान्ति, एकाग्रता, और आत्मिक सन्तुलन प्रदान करता है।

**निष्कर्ष-** संस्कृत भाषा अधिगम की प्रकृति अत्यधिक वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और व्याकरण-केंद्रित है। संस्कृत भाषा का अध्ययन छात्रों के मानसिक, भावनात्मक, और बौद्धिक विकास तथा संस्कृत श्लोक और सूत्र याद करने से स्मरण शक्ति और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में सुधार कर मानसिक अनुशासन और एकाग्रता को बढ़ावा देता है। संस्कृत के व्याकरणिक नियम वैश्विक भाषाओं की संरचना को समझने में सहायक होते है। भाषा अधिगम अधिगमकर्ता को भाषा के प्रति सामाजिक समझ के साथ-साथ संवेगात्मक संवर्धन को विकास दिया जा सकता है। संस्कृत भाषा अधिगम स्मरण शक्ति, अनुशासन, और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को विकसित करता है। यह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और संज्ञानात्मक विकास में सहायक है।

# मत्स्य पुराण में वर्णित न्याय तथा दण्ड व्यवस्था

डॉ. सिद्धार्थ सिंह[1], सन्तोष कुमार पाण्डेय[2]

हिन्दू धार्मिक ग्रन्थों के अन्तर्गत अष्टादश पुराणों में मत्स्य पुराण विविध दृष्टि से महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। श्री हरि विष्णु के मत्स्य अवतार से सम्बन्धित होने के कारण इस पुराण को मत्स्य पुराण कहा गया। इसमें कुल 291 अध्याय, 14, 000 श्लोक तथा सात कल्पों की मिली-जुली कथा है। यह पुराण मत्स्य-मनु के संवाद से प्रारम्भ होता है। इस ग्रन्थ से धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक जीवन के साथ-2 राजनैतिक जीवन से सम्बन्धित विविध प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है। राजनैतिक जीवन के अन्तर्गत राज्य की उत्पत्ति, राजधर्म एवं सुशासन, विविध राजवंश तथा उससे सम्बन्धित राजाओं का, राजा के आवश्यक गुण, राजा के कर्तव्य, मत्रियों की योग्यताएँ, राजा के अनुचरों के कर्तव्य, राजा की नीतियां (साम, दाम, दण्ड, भेद) के साथ-2 उसकी न्याय तथा दण्ड व्यवस्था से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त होती है। इस शोधपत्र में मत्स्य पुराण में वर्णित न्याय तथा दण्ड व्यवस्था की विस्तृत विवेचना करने का प्रयास किया गया है।

**न्याय व्यवस्था-** इस समय राजा को प्रधान न्यायाधीश माना जाता था। प्रजा की रक्षा करना तथा न्याय के अनुसार शासन व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन करना एक शासक का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कर्तव्य तथा धर्म था। मनुस्मृति में न्यायिक शासन को धर्म का संकेतक कहा गया। इसके अनुसार जहाँ न्याय होता है वहाँ धर्म के शरीर को छेदने वाला अधर्म रुपी बाण स्वत: ही निकल जाता है।[3] याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार निष्पक्ष न्याय से ठीक उसी प्रकार का फल मिलता है, जिस प्रकार पवित्र यज्ञ करने से

---

1. असि0 प्रोफेसर, प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश

2. शोध छात्र, प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश

3. मनुस्मृति 8.12

पुण्य रूपी फल प्राप्त होता है।[4] अत: स्पष्ट है कि धर्म के अनुसार शासन का संचालन अत्यधिक पुण्य का कार्य माना गया। मत्स्य पुराण से जानकारी प्राप्त होती है कि इस समय राजा धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र, न्यायशास्त्र के जानकार लोगों को अपनी सभा में नियुक्त करता था। ये लोग राजा को न्यायिक कार्य में परामर्श देते, राजा की सहायता करते तथा राजा की अनुपस्थिति में उसके प्रतिनिधि के रूप में न्याय भी करते थे।[5] न्याय के अनुसार शासन व्यवस्था का संचालन राजा का महत्त्वपूर्ण कर्तव्य था, वह अपने राज्य के विवादों का निपटारा योग्य मंत्रियो तथा ब्राह्मणों के सहयोग से करता था। यदि वह इस कार्य में जरा सी भी लापरवाही करता तो वह पाप का भागीदार बनता। मत्स्य पुराण में न्याय के महत्त्व का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यदि राज्य में दण्डनीति की उचित व्यवस्था न की जाए तो बालक, वृद्ध, ब्राह्मण, स्त्री, सन्यासी तथा विधवा, ये सभी मत्स्य न्याय से पीड़ित हो जाएंगे।[6] न्यायिक व्यवस्था निष्पक्ष तथा सर्वसुलभ होनी चाहिए इसके लिए राजा अनेक प्रकार के योग्य, कर्मठ, ईमानदार अधिकारियों की नियुक्ति करता तथा आवश्यकता पड़ने पर उनसे सहायता व परामर्श भी ले सकता था। यदि शासन के संचालन में न्याय का समुचित प्रबन्ध नहीं होगा तो राज्य में अराजकता व्याप्त हो जायेगी, जो किसी भी राजा तथा उसके सम्पूर्ण राज्य के लिए उचित नहीं है।

**अपराध तथा उसके लिए निर्धारित सजा ( दण्ड)-** एक राजा का प्रमुख कार्य सामाजिक नियमों का कड़ाई से पालन करवाना तथा इसका उल्लंघन करने वाले को दण्डित करना था। मत्स्य पुराण में विविध प्रकार के अपराधों के लिए विभिन्न प्रकार के दण्ड निर्धारित किए गए। इनमें से कुछ अपराधों के लिए अर्थदण्ड (जुर्माना) का प्रावधान किया गया जबकि गम्भीर अपराधों के लिए मृत्युदण्ड तक का प्रावधान किया गया। मत्स्य पुराण के अनुसार राजा को अपने विद्वान मन्त्रियों के साथ उचित विचार-विमर्श के पश्चात् तथा

4 . याज्ञवल्क्य स्मृति 1-359-360

5 . मत्स्य पुराण 214.25

6 . मत्स्य पुराण 250.9

धर्मशास्त्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही दण्ड देना चाहिए।[7] यदि राजा अपराधी को दण्ड न देकर गलती से भी निर्दोष को दण्ड दे देता है तो वह नर्क में जाता है तथा अपना राज्य भी गंवा बैठता है इसलिए राजा को दण्ड देते समय सर्वाधिक सावधान रहना चाहिए। उसे धर्मशास्त्र में दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए।[8] राजा को अपने देश के भीतर एवं देश के बाहर भी उचित दण्ड की व्यवस्था करनी चाहिए उसे धर्मशास्त्रों के जानकार व्यक्ति को सजा नहीं देनी चाहिए।[9] मत्स्य पुराण के अनुसार यदि कोई राजा दण्ड दे सकने में समर्थ नहीं है तो उसके राज्य में बच्चे, बूढ़े, ब्राह्मण, सन्यासी, विधवा शक्तिशाली व्यक्तियों के शिकार हो जाएंगें।[10] जिस प्रकार बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है ठीक उसी प्रकार कमजोर व्यक्तियों को शक्तिशाली व्यक्ति शिकार बनाना शुरू कर देते हैं अर्थात शक्तिशाली लोग निर्बल लोगों को सताना प्रारम्भ कर देते हैं। मत्स्य पुराण के अनुसार दण्ड के द्वारा ही राजा प्रजा पर शासन कर सकने तथा उसकी रक्षा कर सकने में समर्थ होता है। दण्ड के ही भय से पापी लोग पाप करने से भय खाते हैं[11] इसलिए राजा को इसका प्रयोग नीति के अनुसार ही करना चाहिए। इसके अन्तर्गत शारीरिक यातना, मौत, अर्थदण्ड शामिल था।

अर्थदण्ड- मत्स्य पुराण में अनेक ऐसे अपराधों का उल्लेख है जिनके लिए अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है।

1. यदि कोई व्यक्ति अपनी अभिरक्षा में रखे हुए किसी वस्तु का गलत उपयोग करता है तो उस पर उपयोग की हुई वस्तु के मूल्य के बराबर अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। इसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति अपनी अभिरक्षा में रखे हुए वस्तु को

---

7 . वही, 225.2
8 . वही, 225.6-7
9 . वही, 225.3-4
10 . वही, 225.9
11 . वही, 225.14-15

उसके वास्तविक स्वामी को वापस नहीं करता है तो उस व्यक्ति पर वस्तु के मूल्य के दोगुने के बराबर अर्थदण्ड लगाना चाहिए।

2. यदि कोई शिक्षक शिक्षण शुल्क प्राप्ति के बाद भी छात्रों को पूर्ण ज्ञान / प्रशिक्षण नहीं देता है तो उस शिक्षक पर शिक्षण शुल्क के बराबर अर्थदण्ड लगाना चाहिए। यदि किसी ब्राह्मण को आमांत्रित किया गया है, परन्तु वह अकारण ही घर पर उपस्थित नहीं है तो उस ब्राह्मण पर 108 दाम के बराबर अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए।
3. जो व्यक्ति किसी को उपहार देने का वादा करता है परन्तु वह अपने वादे को पूरा नहीं करता है तो उस पर भी अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। इसी प्रकार जो सेवक अहंकारी होने के कारण अपने स्वामी के आदेशों की अवहेलना करता है उसे मजदूरी नहीं दी जानी चाहिए तथा उस सेवक पर 8 कृष्णल का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। जो स्वामी अपने सेवक को समय पर वेतन नहीं देता है, उसे बिना किसी गलती के असमय ही निकाल देता है तथा जो स्वामी अपने अधीन रखी हुई सेवक की वस्तु को वापस नहीं करता है, उस पर 100 कृष्णल का अर्थदण्ड लगाना चाहिए।
4. जो व्यक्ति किसी वस्तु को बेचने या खरीदने की तिथि से दस दिन के भीतर शेष मूल्य का भुगतान नहीं करता है, उस पर 600 कृष्णल का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए।
5. यदि कोई पिता अपनी पुत्री के दोषों को छिपाकर उसका विवाह करता है तो उस पर 96 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति किसी की पुत्री को दोषयुक्त बताता है लेकिन उसे सत्य नहीं सिद्ध कर पाता है तो उस व्यक्ति पर 100 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। जो व्यक्ति अपने दोषों को छिपाकर किसी लड़की से विवाह करता है उस व्यक्ति पर 200 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। जो व्यक्ति अपनी एक पुत्री को दिखाकर दूसरी से विवाह करता है, उस व्यक्ति पर उत्तम साहस (एक हजार पण तक का

अर्थदण्ड) दण्ड लगाया जाना चाहिए। इसी प्रकार जो व्यक्ति अपनी पुत्री का विक्रय करता है उस पर विक्रय की गई राशि का दोगुना अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए।[12]

6. यदि कोई पालतू जानवर किसी व्यक्ति के खेत के मकई को खा जाता है तो उस जानवर का मालिक जिस व्यक्ति का खेत चर लिया जाता उसे उसके नुकसान के 10 गुना के बराबर क्षतिपूर्ति देता था। परन्तु देवता को समर्पित बैल तथा 10 दिन पहले व्याही गई गाय के मामले में इस अर्थदण्ड से छूट दिया गया।
7. यदि कोई क्षत्रिय किसी ब्राह्मण को गाली देता है तो उस पर 100 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए इसी प्रकार यदि कोई वैश्य वर्ण का व्यक्ति किसी ब्राह्मण को गाली देता है तो उस पर 200 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि कोई शूद्र वर्ण का व्यक्ति किसी ब्राह्मण को गाली देता था तो उसे इस अपराध के लिए मृत्युदण्ड दिया जाता था। यदि कोई ब्राह्मण किसी क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र वर्ण के व्यक्ति को गाली देता है तो उस पर क्रमश: 50 पण, 25 पण तथा 12 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि कोई वैश्य किसी क्षत्रिय को गाली दे तो उस पर 250 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि कोई शूद्र किसी क्षत्रिय को गाली दे तो दण्डस्वरूप उसकी जीभ कटवा देना चाहिए। यदि कोई क्षत्रिय किसी वैश्य या शूद्र वर्ण के व्याक्ति को गाली दे तो उस पर क्रमश: 50 पण तथा 25 पण का अर्थदण्ड लगाना चाहिए। यदि कोई वैश्य वर्ण का व्यक्ति किसी शूद्र को गाली दे तो उस पर 50 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। समान वर्ण के व्यक्तियों को गाली देने पर 12 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए।[13]
8. जो व्यक्ति अपने देश जाति, शारीरिक श्रम तथा धर्मशास्त्रों के विषय में गलत वक्तव्य देता है, उस पर उत्तम साहस का दोगुना अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए

---

12 . वही, 227.14-21

13 . वही, 227.67-72

तथा जो व्यक्ति राजा के शासन की अवहेलना करता है उस पर भी उत्तम साहस का दोगुना अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। इसी प्रकार जो व्यक्ति जानबूझकर शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के खिलाफ कटु शब्दों का प्रयोग करता है, उस पर एक तोला चांदी के काषार्पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। जो व्यक्ति अपने माता-पिता, ससुर, गुरु तथा बड़े भाई को गाली देता है या अपशब्द कहता है उस पर 100 पण का अर्थदण्ड लगाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति मजाक में दूसरे को गाली देता है तो भी उस पर 50 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए।

9. दूसरों के रक्त बहाने वाले पर 100 पण का अर्थ दण्ड लगाना चाहिए। दूसरों का मांस क्षतिग्रस्त करने वाले पर 6 निष्क का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। छोटे जानवरों तथा हिरण को मारने वाले पर उसके दाम के दोगुने के बराबर अर्थदण्ड लगाने चाहिए। यदि कोई व्यक्ति फलों से लदे हुए वृक्षों को काटता है तो उस पर भी सोने के टुकड़े का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि यह वृक्ष मुख्य सड़क, किसी तालाब के निकट है तो उस पर दोगुना अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। फल से लदे हुए वृक्ष, लता, फूल से सुसज्जित वृक्षों को नष्ट करने वाले के ऊपर एक माषक सोने का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि कोई बिना आवश्यकता के घास भी काटता है तो उस पर एक काषार्पण का अर्थदण्ड लागाया जाना चाहिए। बिना किसी कारण के जानवरों को पीटने वाले पर तीन रत्ती कृष्णल का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए।

10. यदि कोई पानी से भरे पात्र को तोड़ देता है या फिर कुएँ से रस्सी/ बर्तन की चोरी करता है, तो उस पर एक माषा सोने का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। कपास, शराब, गोबर, गुड़, पक्षी, तेल, मछली, घी, मांस, नमक, चावल, शहद की चोरी करने वाले व्यक्ति से इनके कीमत का दोगुना अर्थदण्ड वसूल करना चाहिए। खेत से चावल तथा फूल की चोरी करने वाले से पाँच माषा सोने या चांदी का अर्थदण्ड वसूल करना चाहिए। इसी प्रकार पकी हुई फसल, शाक

फल तथा जामुन की चोरी करने वाले व्यक्ति से 100 माषा का अर्थदण्ड वसूल करना चाहिए। यदि उपर्युक्त की चोरी करने वाला चोर सन्तान रहित है तो 100 पण जबकि सन्तान युक्त होने की दशा में चोर से 200 पण का अर्थदण्ड वसूल करना चाहिए।

11. यदि कोई ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य महिला के साथ सम्बन्ध बनाता है तो उस पर उत्तम साहस का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि ब्राह्मण वर्ण का व्यक्ति किसी वैश्य महिला के साथ तथा क्षत्रिय वर्ण का व्यक्ति किसी शूद्र महिला के साथ सम्बन्ध बनाता है तो उस पर मध्यम साहस का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि वैश्य वर्ण का व्यक्ति शूद्र महिला के साथ ऐसा करता है तो उस पर प्रथम साहस का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। इसी प्रकार यदि कोई शूद्र अपने समुदाय की महिला के साथ सम्बन्ध बनाता है तो उस पर 100 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। इसी प्रकार यदि वैश्य वर्ण का व्यक्ति किसी वैश्य वर्ण की ही महिला के साथ संभोग करता है तो उस पर 200 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि क्षत्रिय वर्ण का व्यक्ति किसी क्षत्रिय महिला के साथ संभोग करता है तो उस पर 300 पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अपने माता-पिता की बहन, मामा की पत्नी, सास, चचेरी बहन, चाची, किसी मित्र अथवा शिष्य की पत्नी के साथ अवैध सम्बन्ध बनाता है तो अर्थदण्ड की राशि दोगुना तक की जा सकती थी।

12. यदि कोई द्विज वर्ण का व्यक्ति किसी वेश्या के साथ संभोग करता है तो उसकी मजदूरी दी जानी चाहिए। यदि कोई वेश्या अपनी मजदूरी प्राप्त करने के बाद किसी अन्य व्यक्ति के पास जाती है तो उस पर भुगतान की गई राशि का दोगुना अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए, यदि कोई व्यक्ति, किसी व्यक्ति की आड़ में वेश्या को दूसरे पुरुष के पास ले जाता है तो उस पर एक माषा स्वर्ण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। यदि कोई पुरुष वेश्या बुलाने के बाद उसके साथ अप्राकृतिक सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास करे तो राजा को तय की गई

राशि का दोगुना अर्थदण्ड वेश्या को दिलवाना चाहिए। यदि कई लोग मिलकर किसी वेश्या के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास करे तो राजा को प्रत्येक व्यक्ति से उसकी मजदूरी का दोगुना अर्थदण्ड उस वेश्या को दिलवाना चाहिए।

13. यदि कोई व्यक्ति अपने माता-पिता, गुरु , पुजारी तथा पत्नी को त्याग देता है तो उस पर 600 काषार्पण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए। इसी प्रकार प्रतिबंधित समय पर अध्ययन करने वाले छात्र पर तीन काषार्पण तथा अध्यापन कराने वाले शिक्षक पर 6 काषार्पण का अर्थदण्ड लगाना चाहिए।[14]
14. बीमार व्यक्ति का गलत उपचार करने वाले चिकित्सक से परिस्थिति के अनुसार उत्तम साहस, मध्यम साहस तथा प्रथम साहस का अर्थदण्ड वसूल करना चाहिए।
15. राजकीय छत्र, बैनर, मूर्ति तोड़ने वालों पर 500 काषापर्ण का अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए तथा उसकी मरम्मत भी कराई जानी चाहिए।
16. यदि कोई शूद्र वर्ण का व्यक्ति लहसुन, प्याज, चिकन तथा नाखून वाले जानवरों को खाता है तो उस पर एक कृष्णल का अर्थदण्ड लागाया जाना चाहिए। जबकि ऐसा करने वाले ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य वर्ण पर क्रमशः चार गुना, तीन गुना तथा दो गुना अर्थदण्ड लागाया जाना चाहिए।
17. वशीकरण तथा व्यभिचार करने वाले व्यक्तियों पर 500 पण का अर्थदण्ड लगाना चाहिए।
18. यदि कोई व्यक्ति देश की मूर्ति, शस्त्र, बलिदान, तपस्या का गलत उपयोग करता है तो उस पर उत्तम साहस का अर्थदण्ड लगाना चाहिए। यदि इसी प्रकार का अपराध लोगों द्वारा सामूहिक रूप से किया जाता है तो प्रत्येक व्यक्ति पर दो गुना अर्थदण्ड लगाया जाना चाहिए।
19. यदि उच्च वर्ण का व्यक्ति किसी ऐसी चीज को छूता है जो उसे नहीं छूना चाहिए या फिर जानवरों को पकड़ता है अथवा नौकरानी का गर्भपात करवाता है तो उस पर 100 काषार्पण का अर्थदण्ड लगाना चाहिए।

---

14 . वही, 227.147-149

20. यदि राजा का लेखक स्टाम्प पेपर पर लिखकर किसी व्यभिचारी अथवा चोर को मुक्त कर दे तो उस पर उत्तम साहस का अर्थदण्ड लगाना चाहिए। यदि वह क्षत्रिय वर्ण का है तो उस पर मध्यम साहस का अर्थदण्ड लगाना चाहिए। यदि वह वैश्य वर्ण का है तो उसे प्रथम साहस का अर्थदण्ड देना चाहिए।

**शारीरिक दण्ड तथा मृत्युदण्ड -** मत्स्य पुराण में अनेक ऐसे अपराधों का उल्लेख मिलता है, जिनके लिए मृत्युदण्ड तथा शारीरिक रूप से दण्ड देने का प्रावधान किया गया।

1. जो व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति की उपयोगी वस्तु की चोरी करता है, उसे राजा द्वारा मृत्युदण्ड या अन्य कठोर दण्ड देनी चाहिए।
2. उधार ली गई वस्तु को समय के भीतर उसके वास्तविक स्वामी को वापस न करने वाले व्यक्ति को राजा पूर्व साहस दण्ड दे सकता था।
3. यदि कोई शूद्र वर्ण का व्यक्ति राजा को अपमानित करने के उद्देश्य से उसके नाम, जाति, जन्म स्थान का प्रयोग करता है तो ऐसे शूद्र को दण्डित करने के लिए उसके मुख में लोहे की 10 अंगुल लाल तथा गर्म छड़ डाल देनी चाहिए। इसी प्रकार यदि कोई शूद्र वर्ण का व्यक्ति किसी द्विज को कष्ट पहुंचाता है तो उसके उस अंग को कटवा देनी चाहिए जिसके माध्यम से उसने कष्ट पहुंचाई है। यदि कोई शूद्र व्यक्ति किसी द्विज को धर्म की शिक्षा देता है तो उस शूद्र के मुख तथा कान में खौलता तेल डलवा देना चाहिए।[15]
4. यदि कोई व्यक्ति अंहकारवश किसी दूसरे व्यक्ति के ऊपर पेशाब करता है या फिर थूक देता है तो राजा को उस अहंकारी व्यक्ति के लिंग, गुदा तथा होंठ को कटवा देना चाहिए। यदि कोई निम्न वर्ण का व्यक्ति जानबूझकर किसी उच्च वर्ण के व्यक्ति के बैठने के स्थान पर बैठ जाए तो राजा द्वारा उसे कूल्हे पर निशान लगवाकर बाहर कर देना चाहिए या फिर कूल्हा ही कटवा देना चाहिए।[16]

---

15 . वही, 227.74,75,83

16 . वही, 227.84-85

5. यदि निम्न वर्ण का कोई व्यक्ति किसी उच्च वर्ण के बाल, गर्दन, नाक, अण्डकोश तथा पैर पकड़ने का प्रयास करे तो राजा को दण्ड स्वरूप उस व्यक्ति के हाथ कटवा देना चाहिए।
6. गाय, हाथी, घोड़े, तथा ऊँट को मार डालने वाले व्यक्ति को दण्डस्वरूप राजा को उस व्यक्ति का एक पैर कटवा देना चाहिए।
7. किसी उच्च वर्ण के व्यक्ति के सोना, चांदी, पत्नी, बैल, हथियार तथा औषधि की चोरी करने वाले को राजा द्वारा मृत्युदण्ड की सजा दी जानी चाहिए। किसी ब्राह्मण के यहाँ से गाय, भैंस, घोड़ा की चोरी करने वाले व्यक्ति का एक पैर कटवा देना चाहिए।
8. बिना दासी की सहमति के उसका शील भंग करने वाले व्यक्ति को तुरन्त दण्डित किया जाना चाहिए, लेकिन अगर दासी की सहमति से ऐसा किया गया है तो उस व्यक्ति पर 200 दाम का अर्थदण्ड लगाना चाहिए। जो व्यक्ति अपने घर पर इस प्रकार का कृत्य करने की अनुमति देता है, वह भी उतनी ही सजा का हकदार है। जो किसी दूसरे की पत्नी के साथ संभोग करता है उसे मृत्युदण्ड दिया जाना चाहिए। इसी प्रकार यदि कोई अपने ही देश के कन्या से विवाह के पश्चात् उसे विदेश लेकर चला जाता है तो उसे चोर मानकर मृत्युदण्ड दिया जाता था। जो कोई पैसे के लालच में शादी करता है वह भी दण्ड का पात्र है।[17]
9. यदि निम्न वर्ण का पुरुष उच्च वर्ण की स्त्री से विवाह करता तो उसे मृत्युदण्ड दिया जाता था। इसी प्रकार यदि कोई निम्न वर्ण की महिला किसी उच्च वर्ण के पुरुष के साथ विवाह करती है तो उसे भी मृत्युदण्ड दिया जाता था।
10. अपने पति की आज्ञा न मानने वाले स्त्री को राजा देश से निकाल सकता था। यदि कोई व्यभिचारिणी स्त्री अपनी ही जाति के पुरुष से दूषित हो जाती थी, तो राजा ऐसी स्त्रियों को उनके अधिकारों से वंचित कर सकता था। उन्हें केवल मलिन वस्त्र तथा नाममात्र का भोजन प्रदान किया जाना चाहिए। यदि इस

17 . वही, 227.124-130

प्रकार का कृत्य कोई श्रेष्ठ व्यक्ति करता है तो उसका सिर मुण्डित करवा देना चाहिए तथा उसे भी पहनने के लिए मलिन वस्त्र प्रदान करना चाहिए।

11. यदि कोई व्यक्ति राजा की पत्नी, उच्च कुल की स्त्री, भिक्षुणी स्त्री, अपनी बहन की बेटी के साथ सम्बन्ध बनाता है तो राजा द्वारा उस व्यक्ति का लिंग कटवाकर दण्डित करना चाहिए। यदि कोई चाण्डाल की पत्नी के साथ सम्बन्ध बनाता है तो उसे मृत्युदण्ड दी जानी चाहिए।[18]

मत्स्य पुराण में अनेक ऐसे अपराध का उल्लेख है जिनके लिए अर्थदण्ड तथा शारीरिक दण्ड दोनों का प्रावधान था उदाहरण के लिए-

1. यदि कोई व्यक्ति शुल्क प्राप्त करने के बाद भी अपने अधीन गाय के दूध की चोरी करता है अथवा उस गाय की ठीक से देखभाल नहीं करता है तो उस व्यक्ति को लोहे की जंजीरों से बाँधकर पीटा जाना चाहिए तथा उस पर 100 माषा सोने का अर्थदण्ड भी लगाया जाना चाहिए।
2. यदि कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के किसी अंग की हड्डी को खण्डित कर देता है तो घायल व्यक्ति के उपचार का खर्च उसी व्यक्ति से वसूल करना चाहिए जिसने ऐसा किया है तथा उसका भी वही अंग विकृत कर देना चाहिए जिससे सामने वाले को चोट पहुँचाई गयी है।[19]
3. यदि कोई व्यक्ति गाँव, देश तथा धान का खेत देने का वादा करता है परन्तु उसे पूरा नहीं करता है तो राजा ऐसे व्यक्तियों को अपने राज्य से निष्कासित कर सकता था। यदि कोई व्यक्ति कृषकों से राजस्व वसूल लेता है परन्तु राजकोश में उसे जमा नहीं करता है तो राजा द्वारा उस व्यक्ति की समस्त सम्पत्ति जब्त कर उसे देश से निष्कासित कर देनी चाहिए।[20]

---

18 . वही, 227.140-142

19 . वही, 227.87-88

20 . वही, 227.154-157

4. यदि कोई व्यक्ति ब्राह्मण बच्चों तथा स्त्रियों की हत्या करता है, राजा के शत्रुओं की मदद करता है, शाही खजाने तथा राजकीय शस्त्रागार को लूटने की कोशिश करता है, निम्न गुणवत्ता वाले बीजों को उत्तम कोटि का बताकर बेचता है अथवा मन्दिरों में तोड़-फोड़ या लूटपाट करता है, तो उसे राजा द्वारा मृत्युदण्ड की सजा दी जानी चाहिए। इसी प्रकार जो व्यक्ति अपनी पत्नी, पुत्र तथा गुरु की आग में जलाकर या फिर जहर खिलाकर हत्या करता है तो उसका कान, नाक, होंठ को दण्डस्वरूप कटवा देना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति राजा की पत्नी के साथ अवैध सम्बन्ध बनाता है अथवा गाँव, घर तथा खेत में आग लगाता है, उसे भी दण्डस्वरूप जलती हुई आग में फेंक देना चाहिए।[21]

इस प्रकार मत्स्य पुराण के अध्ययन से स्पष्ट पता चलता है कि यह भारतीय राजनीतिक चिन्तन की अमूल्य निधि है। यह तत्कालीन भारत के राजनीतिक तथा सामाजिक जीवन का विस्तृत वर्णन हमारे समक्ष प्रस्तुत करता है। राजधर्म के वर्णन से स्पष्ट पता चलता है कि राजा का प्रमुख कर्तव्य अपने प्रजा की रक्षा करना तथा उसके उत्थान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना था।

प्रजा के कल्याण में ही राजा का भी कल्याण निहित है। समाज में अराजक तत्वों से निपटने के लिए, सामाजिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए तथा सबके कल्याण के लिए न्याय व्यवस्था का सर्वसुलभ होना तथा सशक्त दण्ड नीति का पालन आवश्यक था इसी कारण शासक वर्ग ने इस दिशा में विशेष ध्यान दिया। इस समय समाज में ब्राह्मण वर्ण को सर्वाधिक सम्मानित स्थान प्राप्त था इसी कारण चारों वर्णों में ब्राह्मण को सबसे कम दण्ड दिया जाता था। मत्स्य पुराण में दण्ड के सम्बन्ध में जो वर्णन प्राप्त होता है, उससे यही पता चलता है कि इस समय शारीरिक दण्ड या मृत्युदण्ड की तुलना में अर्थदण्ड पर अधिक बल दिया जाता था। केवल गम्भीर प्रकृति के अपराधों के लिए ही मृत्युदण्ड का प्रावधान किया गया जबकि सामान्य अपराध में मात्र अर्थदण्ड (जुर्माने) की ही सजा दी जाती थी।

---

21 . वही, 227.197-199

# आयुर्वेद संहिताओं में वर्णित योनिभ्रंश की आलोचनात्मतक समीक्षा

डॉ. प्रिया पैजवार[1], प्रो. दीपा मिश्रा[2], सीनियर प्रो. एच. एच. अवस्थी[3]

आयुर्वेद में स्त्री जननांगों के रोगों का वर्णन अत्यंत प्राचीनकाल से चला आ रहा है और उत्तर वैदिक काल की आयुर्वेद संहिताओं में इनका वर्णन विस्तार से मिलता है। स्त्रियों में योनि की गणना बहिर्मुख स्रोतस में की गई है, जो रक्त को नीचे की ओर वहन करती है। योनि की आकृति शंखनाभि के आकार की होती है जिसमें तीन आवर्त होते हैं एवं इसके तीसरे आवर्त, जो पित्ताशय और पक्वाशय के बीच में स्थित होता है, गर्भशय्या (गर्भाशय) में रहता है।[4, 5, 6] योनिभ्रंश एक संस्कृत यौगिक है, जो "योनि" और "भ्रंश" शब्दों से मिलकर बना है। आयुर्वेद में "योनि" शब्द का प्रयोग विशेष रूप से संपूर्ण जननांग पथ को दर्शाने के लिए किया जाता है और "भ्रंश" अपनी सामान्य स्थिति से विस्थापन को दर्शाता है। अतः "योनिभ्रंश" का शाब्दिक अर्थ है- योनि का उसके मूल स्थान से विस्थापन। आयुर्वेद के अधिकांश प्राचीन विद्वानों ने बीस योनिव्यापदों को स्त्री रोग संबंधी विकारों के रूप में वर्णित किया है। आयुर्वेद संहिताओं में योनिभ्रंश का वर्णन पृथक न हो, विंशति योनिव्यापद के अन्तर्गत ही समाभूत हैं। आयुर्वेद संहिताओं में वातिकी, फलिनी, प्रस्रंसिनी एवं महायोनि नामक योनिव्यापद वर्णित है अतः संभावित रूप से इनको योनिभ्रंश के अन्तर्गत समाविष्ट किया जा सकता है।

---

1. सीनियर रेजिडेंट एवं शोध छात्रा, रचना शारीर विभाग, आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी ( उ.प्र.)
2. प्रोफेसर, प्रसूतितंत्र विभाग, आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी ( उ.प्र. )
3. सीनियर प्रोफेसर एवं भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, रचना शारीर विभाग, आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी ( उ.प्र. )
4. सु. शा. ४ / ५५
5. भा. प्र. पू. खण्ड ३/३१, ८६-८७
6. अ. सं. शा. ५/९१

निदान- योनिव्यापच्चिकित्सा नामक अध्याय में वर्णित बीस प्रकार के योनि रोग, स्त्रियों के मिथ्या आहार – विहार के कारण, आर्तव की दुष्टि के कारण, स्त्री या पुरुष के बीज दूषित होने के कारण और पूर्व जन्म में किये हुए अधर्म के कारण उत्पन्न होते हैं।[7] इसके अतिरिक्त वाग्भटद्वय ने 'अपद्रव्य प्रयोग' (लोहादि निर्मित लिंग के प्रयोग) एवं 'विषमस्थाना शयन' का वर्णन किया है।[8, 9] मांसधातु में पृथ्वी महाभूत की अधिकता होती है, शरीर में दृढ़ता, स्थिरता मुख्यतया पृथ्वी महाभूत के ही कारण होती है।

अपान वायु का स्थान श्रोणी है जो शुक्र, आर्तव, मल, मूत्र एवं गर्भ के निष्क्रमण में सहायता करती है। श्रोणी के अंगों को स्वस्थान से भ्रन्शित होने के लिए वायु की विकृति (अपान वायु विकृति) आवश्यक है और साथ ही गर्भाशय बंधों में शिथिलता के कारण योनिभ्रंश देखने को मिलता है। आधुनिक चिकित्सा के अनुसार, योनिभ्रंश में मुख्यतः रचनात्मक घटकों से सम्बंधित योनिनलिका की मांसपेशियां (पेल्विक फ्लोर मसल्स एवं पेरीनियम) तथा गर्भाशय की स्वस्थान पर स्थित रखने वाले मांस एवं सौत्रिक तंतु निर्मित बंधों में शैथिल्यता आना ही अंगों के भ्रंश का मुख्य कारण है। रजोनिवृत्ति, प्रौढावस्था, आनुवंशिकी, मोटापा, गर्भावस्था और योनि प्रसव (योनी से शिशु का जन्म होना ), लगातार खांसी (अस्थमा या श्वसन) बने रहना। पेल्विक सर्जरी (श्रोणी अंग भ्रंश उपचार शल्य चिकित्सा इतिहास होना ), विबंध, श्रोणी शल्य चिकित्सा का इतिहास होना जैसे की गर्भाशय छेदन ( हिस्टेरेक्टोमी ) इत्यादि मुख्य कारक है।

लक्षण- जब योनिभ्रंश प्रारंभिक स्तर का होता है तब अधिकांशतः स्त्रियों को इससे समस्या नहीं होती है परन्तु कुछ स्त्रियों को ऐसा अनुभव होता है कि उनकी योनि बाहर निकल रही है या योनि से कुछ लटक रहा है। जब तक योनि के ऊतक योनि के छिद्र से बाहर नहीं निकल आते तब तक ऐसा अनुभव नहीं होता। सामान्य स्त्री रोग संबंधी जांच

---

7. च. चि. ३०/८
8. अ. ह.उ. ३३/२८
9. अ. सं. उ. ३८/३२ इन्दु टीका

के दौरान (सामान्य पेल्विक परीक्षण के बाद), स्त्री रोग विशेषज्ञ को हल्का सा उभार दिखाई देता है।

मूत्र त्याग करते समय या यौन क्रिया करते समय दर्द होना, पेल्विक क्षेत्र में परिपूर्णता, भारीपन या दर्द होना। यह अनुभूति पूरे दिन या खड़े होने उठने बैठने या खांसने के बाद अक्सर खराब हो जाती है, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, मूत्र असंयम, निरंतर मूत्राशय में संक्रमण रहना, संभोग संबंधी समस्याएं इत्यादि।

आयुर्वेद संहिताओं में वर्णित संभावित योनिभ्रंश एवं उनके लक्षण-

१. वातिकी : वाग्भटद्वय ने वातिकी योनिव्यापद के लक्षणों में योनिभ्रंश का वर्णन किया है, जिसे हम मूलाधार शैथिल्य समझ सकते हैं।[10, 11]

लक्षण : अपान वायु विकृति एवं गर्भाशय बंधों में शिथिलता।

२. फलिनी : अतिकाय अर्थात बृहत् साधन (लिंग ) वाले पुरुष से गृहीत तरुणी स्त्री की फलिनी योनि हो जाती है।[12] फलवत अथवा अंडाकार दिखाई देना। माधव निदान[13], भावप्रकाश[14] एवं योगरत्नाकर[15] में फलिनी योनि के स्थान पर अंडिनी शब्द का प्रयोग किया है। पुनः भावप्रकाश कहते हैं बाला स्त्री की अन्डे की आकृति के सदृश लम्बी योनि हो जाती है।

**लक्षण :** योनिनलिका की भित्ति में शिथिलता, तथा योनिनलिका की पूर्व या पश्चिम अथवा दोनों ही भित्तियां निस्रत हो जाती है।

३. प्रस्रंसिनी : आचार्य सुश्रुतानुसार, यह मुख्यतया पित्तज योनिव्यापद के भेद के अन्तर्गत वर्णित है। कटु, अम्ल, लवण एवं क्षार आदि का सेवन करने पर, दूषित पित्त

10. अ. सं. उ. ३८/३३
11. अ. ह. उ. ३३/२९-३१
12. सु. सं. उ. ३८/१८-२० डल्हण टीका
13. मा. नि. ६२/११-१३
14. भा. प्र. चि. ७०/१४-१६
15. यो. र. योनिरोग चि.

योनि में जाकर दाह, पाक (स्थानिक लक्षण), ज्वर, उष्णता (सार्वदैहिक लक्षण) करता है।[16, 17]

**लक्षण :** डल्हण टीका में ओष, चोष आदि वेदनाएं तथा पित्त दुष्टि के लक्षण मिलते है। इस व्याधि में योनिनलिका में क्षोभण होने पर योनि का स्रंसन हो जाता है अथवा योनि अपने स्थान से खिसक जाती है। योनिनलिका की पूर्व या पश्चिम अथवा दोनों ही भित्तियों का भ्रंश स्त्री द्वारा क्षोभण करने अर्थात नीचे की ओर दबाव डालने पर दृष्टिगोचर होता है।[18] माधव निदान[19], भावप्रकाश[20] एवं योगरत्नाकर[21] में आचार्य सुश्रुत सदृश वर्णन किया गया है।

४.महायोनि : विषम दुःखशय्या पर मैथुन करने से प्रकुपित वायु गर्भाशय एवं योनि दोनों के मुख को विष्टम्भित अथवा स्तम्भ के साथ विस्तारित कर देती है।[22, 23, 24] **लक्षण :** महर्षि चरक ने इस व्याधि में पर्व वंक्षण शूल का उल्लेख किया है एवं अन्य आचार्यों ने वातिकी योनिव्यापद सदृश वातिक वेदनाओं का उल्लेख किया है।[25] आचार्य सुश्रुतानुसार, 'विवृताअति महायोनिः' कहा है, अर्थात योनि की विवृतता का वर्णन किया है, जिसमे योनि अत्यधिक विस्फारित होती है।[26] वाग्भटद्वय ने वातिकी योनिव्यापद के अन्तर्गत महायोनि के सन्दर्भ में 'विवृत' एवम् 'स्रस्त' कहा है।[27] आचार्य चरक तथा

16. च. चि. ३०/११-१२
17. सु. सं. उ. ३८/१४
18. सु. सं. उ. ३८/१४ डल्हण टीका
19. मा. नि. ६२/७
20. भा. प्र. चि. ७०/१०
21. यो. र. योनिरोग. चि.
22. च. चि. ३०/३६-३७
23. अ. सं. उ. ३८/४३
24. अ. ह. उ. ३३/४० -४ १
25. च. चि. ३०/३५-३७
26. सु. सं. उ. ३८/१९-२०
27. अ. सं. उ. ३८/४३ एवं अ. ह. उ. ३३/४० -४ १

वाग्भटद्वय ने वातज तथा सुश्रुत ने 'महती' को त्रिदोषज माना है। इससे यह प्रतीत होता है की कारण भूत दोषों में वैभिन्य है। इस व्याधि में सभी दोषों के प्रकोप के लक्षण तथा वात के कारण रुक्षता, तोद, पित्त दुष्टि के कारण ओष, चोष आदि वेदनाएं तथा कफ के कारण स्निग्धता एवं कंडू आदि लक्षण मिलते हैं।[28]

चिकित्सा – रोकथाम संबंधी उपाय : प्रसवपूर्व, प्रसव के समय और प्रसवोत्तर उचित और पर्याप्त देखभाल

शल्य चिकित्सा रहित उपचार विकल्प

योनि पेसरीज़

सामान्य स्वास्थ्य में सुधार- श्रोणी व गर्भाशय की मांसपेशियों को दृढ़ता प्रदान करने हेतु पेल्विक फ्लोर व्यायाम- वजन घटाने हेतु दिनचर्या व आहार में बदलाव

रजोनिवृत्ति उपरांत महिलाओं में एस्ट्रोजन रिप्लेसमेंट थेरेपी।

शल्य चिकित्सा उपचार विकल्प

पूर्वकाल और पश्च कोल्पोरैफी, पेट और योनि की हिस्टेरेक्टॉमी, एंटरोसील के लिए एंटरोसील की मरम्मत, शिथिल पेरिनियम के लिए पेरिनिओरैफी।

आयुर्वेद चिकित्सा- स्नेहन, स्वेदन के पश्चात् स्वस्थान स्थापन चिकित्सा ही योनिभ्रंश की चिकित्सा है

वातिकी : वाग्भटद्वय मतानुसार वातनाशक चिकित्सा करने का निर्देश है।

**नहि वाताद्दते योनि वर्नितानां प्रदुष्यति।**

**अतो जित्वा तमन्यस्यकुर्यद्दोषस्य भेषजम॥**

अर्थात् वायुप्रकोप के बिना स्त्रियों की योनि दूषित नहीं होती है, अतः सर्वप्रथम वातनाशक चिकित्सा करके अन्य दोषों का शमन करना चाहिए। स्नेहन, स्वेदन, बस्ति, सेक, अभ्यंग, वातहर तथा मांसधातु वर्धक द्रव्यों युक्त योनिपिचु धारण करना चाहिए।[29]

---

28. सु. सं. उ. ३८/२० डल्हण टीका
29. अ. सं. उ. ३९/४४

प्रस्रंसिनी - त्रिवृत्त स्नेह से स्नेहन, स्वेदन, अनुवासन बस्ति एवं उत्तर बस्ति, दशमूल से सिद्ध दुग्ध से बस्ति एवं पान, ग्राम्य, आनूप एवं औदक पशु पक्षियों के मांसरस का सेवन करना चाहिये।[30]

क्षीर से स्वेदन, दशमूल एवं त्रिवृत्त के क्काथ एवं कल्क से सिद्ध स्नेह का पान, अनुवासन बस्ति एवं उत्तर बस्ति का प्रयोग।[31] उत्कारिका धारण हेतु यव, गोधूम, शतपुष्पा, प्रियंगु, बला एवं अखुकरणी द्रव्यों का प्रयोग करना चाहिए।[32]

प्रस्रस्त योनि का घृत से अभ्यंग करके क्षीर से स्वेदन करें, तत्पश्चात उसे अन्तःप्रविष्ट करके वेश्वार के पिंड का बंधन आमूत्रकाल तक करें।[33]

महायोनि - वातनाशक चिकित्सा करना चाहिये, मधुर द्रव्यों से सिद्ध कुलीर, कुक्कुट, वराह की वसा अथवा गोघृत से योनी पूरण कर कपडे से बाँधना चाहिये।[34] प्रस्रंसिनी के समान चिकित्सा करना चाहिये।[२३, २४]

फलिनी - प्रस्रंसिनी एवं महायोनि के समान चिकित्सा कर सकते हैं। ये असाध्य रोग है, इसलिए कोई विशेष चिकित्सा नहीं बताई है।

निष्कर्ष- महिलाओं का स्वास्थ्य स्वस्थ समाज के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। निःसंदेह महिला अस्वस्थ होती है, तो इसका दुष्प्रभाव उसके संतान एवं परिवार पर पड़ता है। स्त्रियों द्वारा मिथ्या आहार – विहार इत्यादि निदान सेवन करने पर योनिव्यापदजन्य विकार की उत्पत्ति बताई गई है। वर्तमान समय में योनिभ्रंश बहुत चिंता का विषय है, क्योंकि यह महिलाओं की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में अत्यधिक व्यवधान पैदा करता है और महिला प्रजनन प्रणाली को प्रभावित करता है, इसलिए उचित समझ और

30. च. चि. ३०/११० -११२
31. अ. सं. उ. ३९ /४४
32. अ. सं. उ. ३९ /३८
33. च. चि. ३०/११३ – ११४ , सु. सं. उ. ३८/२८ -२९, भा. प्र. चि. ७०/३९-४० , यो. र. योनिरोग. चि.
34. अ. सं. उ. ३९ /५०

सही समय पर उपचार बहुत ज़रूरी है॥आयुर्वेद संहिताओं में वर्णित वातिकी, फलिनी, प्रस्रंसिनी एवं महायोनि नामक योनिव्यापदों को लक्षणों के आधार पर योनिभ्रंश से सामंजस्य स्थापित किया गया है। सभी योनिव्यापदों के दोषनिर्हरणार्थ एवं चिकित्सा हेतु निदान परिवर्जन तथा वातशामक चिकित्सा को सर्वोपरि माना गया है। विभिन्न आचार्यों ने इन योनिव्यापदों में विभिन्न लक्षणों के अतिरिक्त योनिभ्रंश को एक लक्षण के रूप में वर्णित किया है। इनकी साध्य-असाध्यता का वर्णन करते हुए दोष प्राधान्य के अनुसार चिकित्सा बताई है। आधुनिक चिकित्सा में सर्जरी ही एकमात्र विकल्प है। यहाँ आयुर्वेद चिकित्सा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है और योनिभ्रंश को ऐसी स्थिति में पहुँचने से रोकता है जहाँ सर्जरी ही इलाज का एकमात्र विकल्प है।

# उपनिषदों में ध्यान का स्वरूप

डॉ. अक्षय कुमार गौड़[1]

"जिन-जिन स्थानों (देशों) में धारणा का विधान किया गया है। उन्हीं स्थानों में चित्त की एकतानता या निरन्तरता को ध्यान कहते हैं।"[2] "तब केवल ग्रहीता, ग्राह्य तथा ग्रहण का ही सूक्ष्म रूप में भान रहता है, अन्य का नहीं।"[3] "मण्डलब्रह्मणोपनिषद् में भी इसी प्रकार चैतन्य में एकतानता को ध्यान कहा गया है।"[4]

ईशादि नौ प्रधान उपनिषदों में तथा अन्य उपनिषदों में भी ध्यान का प्रतिपादन विस्तार के साथ किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि ध्यान उपनिषदों का प्रधान विषय रहा है। इनमें ध्यान के द्वारा आत्मदर्शन की बात कही गयी है। ध्यान-योग साधना के विषय में मुण्डकोपनिषद् में कहा गया है कि "उस परब्रह्म परमात्मा को मनुष्य इन आँखों से नहीं देख सकता, इतना ही नहीं वाणी आदि अन्य इन्द्रियों के द्वारा भी वह पकड़ में नही आ सकता तथा नाना प्रकार की तपश्चर्या और कर्मों के द्वारा भी मनुष्य उसे नहीं पा सकता। उस अवयवरहित परम् विशुद्ध परमात्मा को तो मनुष्य सब भोगों से विरक्त हो कर विशुद्ध अन्तःकरण के द्वारा निरन्तर एक मात्र उन्हीं का 'ध्यान' करते-करते ज्ञान की निर्मलता से ही देख सकता है। अतः जो उस परम-पिता परमात्मा को पाना चाहे, उसे उचित है कि संसार के समस्त भोगों से विरक्त हो कर उन सबकी कामना का त्याग करके एकमात्र परब्रह्म परमात्मा को ही पाने के लिए उसी के चिन्तन (ध्यान) में निमग्न रहना चाहिए।"[5]

---

1. विभागाध्यक्ष-योग, उत्तरांचल आयुर्वेदिक कॉलेज, देहरादून

2. तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्। योगसूत्र-3/2
3. तस्मिन् देशे ध्येयालम्बनस्य प्रत्ययस्यैकतानता स–शः प्रवाहः प्रत्ययान्तरेणापरामृष्टोध्यानम्। यो0सू0-3/2 पर व्यास भाष्य पृष्ठ-105
4. सर्वशरीरेषु चैतन्यैकतानता ध्यानम्। मण्डलब्रह्मणोपनिषद्, पृष्ठ-347
5. न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा नान्यैर्देवैस्तपसा कर्मणा वा। ज्ञानप्रसादेन विशुद्धसत्त्वस्ततस्तु तं पश्यते निष्फलं ध्यायमानः॥ मुण्डकोपनिषद्-3/1/8

उपनिषदों में प्रायः ओंकार ध्यान का विधान किया गया है। मुण्डकोपनिषद् में ध्यानयोग की विधि के विषय में ऋषि ने कहा है कि "ब्रह्मविद्या रूप महाअस्त्र धनुष को पकड़कर, उसमें उपासना रूप तीखा तीर लगाना चाहिए। परमेश्वर में तन्मयचित्त से धनुष को खींचकर उस अविनाशी लक्ष्य को बींधना चाहिए।"[6] इस ध्यान पद्धति के उपकरणों का विश्लेषण करते हुए अंगिरा ऋषि ने कहा है कि "परमेश्वर का नाम 'ओ3म्' धनुष है, अभ्यासी योगी की 'आत्मा' बाण है और 'ब्रह्म' लक्ष्य है। दुष्टकर्म रूप तथा चंचलता के प्रसाद को त्याग कर सावधानी से उसे बींधना चाहिए। लक्ष्य में बाण की भांति अभ्यासी नाम ध्यान और जप में तन्मय हो जावे, इस प्रकार का ये ध्यान ही सेवनीय होता है।"[7] और कहा है कि "जिस प्रकार रथ के पहिये के केन्द्र में अरे लगे रहते हैं, उसी प्रकार शरीर की समस्त नाड़ियाँ जिस हृदयदेश में एकत्र स्थित है, उसी हृदय में नाना रूप से प्रकट होने वाले परब्रह्म परमात्मा अन्तर्यामी रूप से रहते हैं। इन सबके आत्मा पुरुषोत्तम का 'ओम्' इस नामके उच्चारण के साथ-साथ निरन्तर ध्यान करते रहो। इस प्रकार परमात्मा के 'ओम्' इस नाम का जप और उसके अर्थभूत परमात्मा का ध्यान करते रहने से तुम उस परमात्मा को प्राप्त करने में समर्थ हो जाओगे, जो अज्ञानरूप अन्धकार से सर्वथा अतीत और संसार-समुद्र के पार है।"[8]

प्रश्नोपनिषद् में कहा गया है कि "ओंकार उस परब्रह्म परमात्मा का ही नाम है, इसके द्वारा उस परब्रह्म परमेश्वर की उपासना (ध्यान) की जाती है और कहा गया है कि जो साधक इन तीन मात्राओं वाले ओंकार स्वरूप (अ, उ, म्) अक्षर, ब्रह्म परमेश्वर की उपासना (ध्यान) करता है, वह जैसे सर्प केंचुली से अलग हो जाता है, उसी प्रकार वह

---

6. धनुर्गृहीत्वौपनिषदं महास्त्रं शरं ह्युपासातिशितं संधयीत। आयम्य तद् भावगतेन चेतसा लक्ष्यं तदेवाक्षरं सोम्य विद्धि॥ वही-2/2/3
7. प्रणवो धनुः शरो ध्यात्मा ब्रह्म तटलक्ष्यमुच्यते। अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत्तन्मयो भवेत्॥ मुण्डकोपनिषद-2/2/4
8. अरा इव रथनाभौ संहता यत्र नाड्यः स एसाऽन्तश्चरते बहुधा जायमानः। ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानं स्वस्ति वः पाराय तमसः परस्तात्॥ वहीं-2/2/6

साधक सभी प्रकार के कर्मबन्धनों से छूटकर सर्वथा निर्विकार हो जाता है। उसे सामवेद के मन्त्र तेजोमय सूर्यमण्डल में से ले जाकर सर्वोपरि ब्रह्मलोक में पहुँचा देते हैं। वहाँ वह जीव समुदाय रूप, चेतनतत्व से अत्यन्त श्रेष्ठ उन परब्रह्म पुरुषोत्तम को प्राप्त हो जाता है, जो सम्पूर्ण जगत् अपनी शक्ति के किसी एक अंश में धारण किये हुए हैं और सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त है तथा जो अन्तर्यामी रूप से सबके हृदय में विराजमान हैं"[9]] और कहा है कि "उस परब्रह्म परमात्मा को तो वही साधक पा सकता है, जो अपने शरीर के बाहर, भीतर और शरीर मध्य स्थान हृदयदेश में होने वाली बाहरी, भीतरी और बीच की समस्त क्रियाओं में सर्वत्र ओंकार के वाच्यार्थरूप एकमात्र परब्रह्म पुरुषोत्तम को व्याप्त समझता है और ओंकार द्वारा उसकी उपासना (ध्यान) करता है- उन्हें पाने की ही अभिलाषा से ओंकार का जप, स्मरण और चिन्तन करता है, वह ज्ञानी परमात्मा को पाकर फिर कभी अपनी स्थिति से विचलित नहीं होता।"[10] ओंकार की अलग-अलग मात्राओं के ध्यान के फल के विषय में कहा गया है कि "एक मात्रा अर्थात् एक अंग को लक्ष्य बनाकर उपासना (ध्यान) करने वाले साधक को ऋग्वेद की ऋचाएँ मनुष्य लोक में पहुँचा देती हैं। दो मात्रा की उपासना (ध्यान) करने वाले को अर्थात् जगत् के ऊँचे स्वर्गीय ऐश्वर्य को लक्ष्य बनाकर ओंकार की उपासना करने वाले को यजुर्वेद के मन्त्र चन्द्रलोक में ले जाते हैं और जो इन सबमें परिपूर्ण इनके आत्मस्वरूप परमेश्वर की ओंकार के द्वारा उपासना (ध्यान) करता है, उसको सामवेद के मन्त्र उस ब्रह्मलोक में पहुँचा देते हैं, जिसे ज्ञानीजन जानते हैं। सम्पूर्ण रहस्य को समझने वाले बुद्धिमान मनुष्य बाह्य जगत् में आसक्त न होकर ओंकार की उपासना (ध्यान) द्वारा समस्त जगत् के आत्मरूप उन परब्रह्म परमात्मा को पा लेते हैं, जो परम शान्त, सब प्रकार के विकारों से

9. यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत स तेजसि सूर्ये सम्पन्नः। यथा पादोदरस्त्वचा। विनिर्मुच्यत एवं ह वै स पाप्मना विनिर्मुक्तः स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं स एतस्माज्जीवघनात् परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षयते तदेतौ श्लोकौ भवतः॥ प्रश्नोपनिषद्-5/5

10. तिस्रो मात्रा मृत्युमत्यः प्रयुक्ता आन्योन्यसक्ता अनविप्रयुक्ताः। क्रियासु बाह्याभ्यन्तरमध्यमासु सम्यक्प्रयुक्तासु न कम्पते ज्ञः। वही-5/6

रहित हैं, जहाँ न बुढापा है, न मृत्यु है, न भय है, जो अजर, अमर, निर्भय एवं सर्वश्रेष्ठ परम पुरुषोत्तम हैं।"[11] श्वेताश्वत्तरोपनिषद् में ध्यान साधना के विषय में कहा गया है कि "ध्यान के साथ निरन्तर योगाभ्यास करता हुआ साधक अरणियों में छिपी अग्नि के समान ही हृदयगुफा में छुपे हुए परमात्मा को पा लेता है।"[12] ध्यान लगाने के स्थान के विषय में श्वेताश्वेत्तरोपनिषद् में कहा गया है कि "साधक को समतल और पवित्र भूमि, कंकड-पत्थर से, अग्नि तथा बालू से रहित जल के आश्रय और शब्द आदि की दृष्टि से मन के अनुकूल, नेत्रों को पीड़ा न देने वाले (तीक्षण आतप से रहित) गुफा आदि के आश्रय स्थल में मन को ध्यान के निमित्त अभ्यास में लगायें।"[13]

कैवल्योपनिषद् में ध्यान हेतु स्थान और विधि के विषय में कहा गया है कि "एकान्त देश (स्थान) में सुखासन पर बैठकर पवित्र होकर सिर, ग्रीवा तथा शरीर को एक सीध में करके हृदय कमल में अचिंत्य, अव्यक्त, अनन्त तथा शान्त स्वरूप शिव का ध्यान करें।"[14] "ब्रह्मविद्योपनिषद् में ध्यान करने का स्थान भूमध्य बताया गया है।"[15] व्यास भाष्य में धारणा के प्रसंग में विविध स्थानों का उल्लेख करते हुए भ्रूमध्य को भी धारणा का स्थल माना है। ये धारणा के स्थल ही ध्यान के स्थल हैं। योगशिखोपनिषद् में सुषुम्ना नाड़ी में ध्यान करने को सर्वश्रेष्ठ मानकर कहा गया है कि "यह ध्यान हजारों अश्वमेधादि और सैंकड़ों वाजपेय यज्ञों की अपेक्षा भी उत्कृष्ट है।"[16] सुषुम्ना रीढ़ की

---

11. ऋग्भिरेतं यजुर्भिरन्तरिक्षं सामभिर्यत् तत्कवयो वेदयन्ते। तमोकारेणैवायतनेनान्वेति विद्वान् यत्तच्छान्तमजरममृतमभयं परं चेति। प्रश्नोपनिषद-5/7
12. स्वदेहेमरणिं कृत्व प्रणवं चोत्तरारणिम्। ध्याननिर्मथनाभ्यासाद् देवं पश्येन्निगूढवत्॥ श्वेताश्वेत्तरोपनिषद्-1/14
13. समे शुचौ शर्करावहिन्वाकुला विवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभिः। मनोऽनुकूले न तु चक्षुपीडने गुहानिवाताश्रयणे प्रयोजयेत्॥ वही-2/10
14. कैवल्योपनिषद् - श्लोक 5-6
15. ज्योतिर्लिंग भ्रुवोर्मध्ये नित्यं ध्यायेत्सदा। ब्रह्मविद्योपनिषद् श्लोक-80
16. अश्वमेधसहस्राणि वाजपेयशतानि च। सुषुम्नाध्यानयोगस्य नार्हन्ति षोडशीम्॥ योगशिखोपनिषद्-43

अस्थि के मध्य से होती हुई शिरोभाग में स्थित ब्रह्मरन्ध्र तक पहुँचती है इसलिए इसे ब्रह्मनाड़ी भी कहते हैं। "जब योगी सुषुम्ना में ध्यान लगाता है तब वह सुषुम्ना के माध्यम से चित्त द्वारा ब्रह्मरन्ध्र में पहुँचता है तब वह परम पद को प्राप्त कर लेता है।"[17] योगशिखोपनिषद् के ऋषि कहते हैं कि "जब मन का वेग सुषुम्ना में आकर मर जाता है, जब योगी एक क्षण के लिए भी सुषुम्ना में स्थित होता है, आधे क्षण के लिए भी यदि स्थित होता है, यदि वह सुषुम्ना में जल में नमक के समान मिल जाता है, अथवा नीरक्षीर के समान लय को प्राप्त करता है तब वह योगी हृदय की ग्रन्थि का भेदन करके तथा समस्त संशयों का छेदन करके परम पद को प्राप्त करता है। इसलिए कहा गया है कि सुषुम्ना ही परम तीर्थ है, सुषुम्ना ही परम जप है, सुषुम्ना ही सबसे बड़ा ध्यान है तथा सुषुम्ना ही परम गति है। अनेक यज्ञ, दान, व्रत और नियम सभी मिलकर सुषुम्ना ध्यान के सोलहवें अंश के बराबर भी नहीं हैं।"[18]

ध्यान बिन्दु उपनिषद् में ओंकार ध्यान की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा है कि "इसकी महिमा को जानने वाला ही ब्राह्मण, विद्वान अथवा ज्ञानी बन सकता है। इसे भी उपमा देकर महर्षि स्पष्ट कर रहे हैं कि जिस प्रकार धनुष तीर चलाने वाले के चित्त की एकाग्रता से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है, उसी प्रकार इस आत्मा में आस्था, विश्वास, एकाग्रचित्त से ईश स्मरण, ध्यान करने वाला पुरुष ही मोक्ष प्राप्ति कर सकता है।"[19] ध्यान बिन्दु उपनिषद् में कहा गया है कि "सभी जगत् ब्रह्माण्ड, देवता, स्वर-व्यंजन, भाषा, वाणी यहाँ तक की सभी जड़-चेतन पदार्थ भी ओंकार का ही विस्तार है। यह ओंकार ही व्यापक है, विलक्षण शक्ति है इसलिए ओम् सूक्ष्म स्वरूप होते हुए भी

---

17. ब्रह्मरन्ध्रं प्रविश्यान्तस्ते यान्ति परमां गतिम्। वही-5/34
18. (क) सुषुम्नैव पर तीर्थं सुषुम्नैव परो जपः। सुषुम्नैव परं ध्यानं सुषुम्नैव परा गतिः॥ (ख) अनेकयज्ञदानानि व्रतानि नियमास्तथा। सुषम्नाध्यानयोगस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्॥वही-5/45-46
19. ओंकारं यो न जानाति ब्रह्मणो न भवेत्तु सः। प्रणवो धनुः शरो ध्यात्मा ब्रह्म तल्लेक्ष्यमुच्यते॥ ध्यानबिन्दु उपनिषद्-14

सर्वद्रष्टा है, सर्वव्यापक है, संरक्षक है, सर्वकर्ता है, धर्ता है। संसार की सभी प्राकृतिक क्रियाएँ इसी ओंकार द्वारा संचालित व सम्पादित होती है। यह ओंकार अ उ म् इन तीन अक्षरों का संयुक्त रूप है। यह पापनाशक, सम्पत्तिदाता और मोक्ष प्रदान करने वाला है। इसलिए यह ध्यान के लिए सर्वश्रेष्ठ मन्त्र है।"[20]

ध्यान बिन्दु उपनिषद् कहता है कि "शुद्ध स्फटिक के सदृश करोड़ों चन्द्रमाँ की कान्ति वाले महाविष्णु का विनयान्वित् होकर ध्यान करना चाहिए। पूरक द्वारा साँस अन्दर खींचते समय नाभिस्थान में प्रतिष्ठित अतसी पुष्प के समान चतुर्भज महाविष्णु भगवान का ध्यान करना चाहिए। कुम्भक के द्वारा सांस भीतर रोकने के समय हृदय में कमल के आसन पर सुशोभित लालिमायुक्त गौर वर्ण वाले चतुर्मुख पितामह ब्रह्म का ध्यान करना चाहिए।"[21] "रेचक से सांस छोड़ते हुए ललाट में शुद्ध स्फटिक के सदृश श्वेत रंग के त्रिनेत्र युक्त, निष्कल (कालरहित) पाप संहारक भगवान शिव का ध्यान करना चाहिए।"[22] ध्यान बिन्दु उपनिषद् में कहा है कि "सौ अरे वाले (सौ पत्ते वाले) और विकसित पंखुडियों से युक्त हृदय पद्म में सूर्य, चन्द्रमां और अग्नि का एक के बाद

---

20. (क) ओंकारं प्रभवा देवा ओंकार प्रभवाः स्वरा।
ओंकार प्रभवं सर्वं त्रैलोक्यं सचराचरम्॥ वही-16
(ख) ह्रस्वो दहति पापानि दीर्घः संपत्प्रदोऽव्ययः।
अर्धमात्रासमायुक्तः प्रणवो मोक्षदायकः॥ वही-17

21. (क) शुद्धस्फटिकसंकाशं चन्द्रकोटिसमप्रभम्।
एवं ध्यायेन्महाविष्णुमेवं वा विनयान्वितः॥
(ख) अतसीपुष्पसंकाशं नाभिस्थाने प्रतिष्ठितम्।
चतुर्भुजं महाविष्णुं पूरकेण विचिन्तयेत॥
(ग) कुम्भकेन हृदि स्थाने चिन्तयेत्कमलासनम्।
ब्रह्मणां रक्तगौराभं चतुर्वक्रं पितामहम्॥ ध्यानबिन्दु उपनिषद्- 29, 30, 31

22. रेचकेन तु विद्यात्मा ललाटस्थं त्रिलोचनम्।
शुद्धस्फटिकसंकाशं निष्फलं पापनाशनम्॥ वही-32

दूसरे का क्रमशः ध्यान करना चाहिए।"[23] ध्यान बिन्दु उपनिषद् में ध्यानयोग की महिमा का बखान करते हुए कहा गया है कि "यदि पर्वत् के समान अनेक योजन विस्तार वाले भी पाप क्यों न हों तो भी उन्हें ध्यानयोग के द्वारा नष्ट किया जा सकता है, इसके अतिरिक्त उन पापों को नष्ट करने का (अन्य) कोई उपाय नहीं है।"[24]

नादबिन्दु उपनिषद् में ध्यान की बारह अवस्थाओं के नाम दिये गये हैं। ये नाम ध्यान की मात्रा के अनुसार ही दिये गये हैं। "ध्यान प्रारम्भ करने के अभ्यास से अज्ञान दूर होता है, अन्धकार दूर हो कर प्रकाश का प्रारम्भ होता है, इसलिए इस पहली अवस्था का नाम घोषणी दिया गया है इसका तात्पर्य है कि मन संसार के बन्धनों से मुक्ति पाकर ध्यान में लग गया है, यह घोषणा की जा सकती है कि धीरे-धीरे ध्यान के अभ्यास से जब अज्ञान पूर्ण रूप से नष्ट हो जाता है, ज्ञान प्राप्ति होने लगती है, ध्यान की इस दूसरी अवस्था का नाम विद्या (ज्ञान प्राप्ति) दिया गया है। तीसरी मात्रा का नाम पतंगिनी है और चौथी मात्रा का नाम आयुवर्धिनी है।"[25] पाँचवी का नाम धेया है, छठी का नाम एन्द्रा है, सातवीं का नाम वैष्णवी और आठवीं मात्रा का नाम शांकरी है।"[26] "नवमी मात्रा का नाम महती है, और दसवीं मात्रा का नाम द्यूति माना गया है। ग्यारहवीं मात्रा का नाम नारी, ब्राह्मी और ध्यान की अन्तिम बारहवीं स्थिति का नाम परा रखा है, जो ध्यान की पराकाष्ठा है। इस अवस्था में मोक्ष हो जाता है।"[27]

---

23. शतारं शतपत्राढयं विकीर्णाम्बुजकर्णिकम्।
    तत्रार्कचन्द्रवहीनामुपर्यपरि चिन्तयेत्॥ वही-34
24. यदि शंलसमं पाप विस्तीर्णं बहुयोजनम्।
    भिद्यते ध्यानयोगेन नान्यो भेदः कदाचनं॥ वही-01
25. घोषिणी प्रथमा मात्रा विद्या मात्रा तथाऽपरा।
    पतंगिनी तृतीया स्याच्चतुर्थी चायुवेगिनी॥ नादबिन्दू उपनिषद्-9
26. पंचमी नामधेया तु षष्ठी चैन्धभिधीयते।
    सप्तमी वैष्णवी नाम अष्टमी शांकरीति च॥ वही-10
27. नवमी महती नाम धृतिस्तु दशमी मता।
    एकादशी भवेन्नरी ब्राह्मी तु द्वादशी परा॥नादबिन्दू उपनिषद्-11

ध्यान के विषय में बतलाते हुए कहते हैं कि "यदि पहली अवस्था के ध्यान में प्राणों का विनियोजन हो जाता है तो उस ध्यानकर्ता योगी को प्रजा में उसको सार्वभौम राजा भरत की ख्याति मिलती है।"[28]

"दूसरी ध्यान की अवस्था में ऊँचा उठकर महात्मा को यक्ष की कीर्ति प्राप्त होती है। तीसरी अवस्था में गुणवान विद्याधर की और चौथी अवस्था में गन्धर्व की उपाधि मिलती है।"[29]

"ध्यान साधना की पाँचवीं अवस्था में यदि प्राणों का नियमित नियोजन बना रहे तो योगी को सोमलोक का देवत्व प्राप्त होता है।"[30]

"छठी स्थिति में इन्द्र की सायुज्य पदवी और सातवीं स्थिति में वैष्णवी पदवी प्राप्त करता है। इसी क्रम में आगे आठवीं स्थिति में रुद्र पद, महेश पद, पशुपति नाथ की पदवी से विभूषित हो जाता है।"[31]

"ध्यान की नवमीं स्थिति में शरीर बोध छोड़ कर महलोक और दसवीं स्थिति में और भी ऊपर उठकर जनलोक में अपनी उपस्थिति अनुभव करता है। ग्यारहवीं स्थिति में तपलोक में पहुँच जाता है जो मोक्ष की समीपस्थ स्थिति होती है। इसी को समाधि अवस्था कहते हैं। इसके आगे बारहवीं स्थिति में आत्मा परब्रह्म का दर्शन कर उसमें लीन हो जाती है इसी को आत्म मिलन (मोक्ष) कहते हैं।"[32]

---

28. प्रथमायं तु यात्रायां यदि प्राणैर्वियुज्यते।
भरते वर्षराजासौ सार्वभोमः प्रजायते॥ वही-12
29. द्वितियायां समुत्क्रान्तो भवेद्यक्षो महात्मवान।
विद्याधरस्तृतीयायां गान्धर्वस्तु चतुर्थिका॥ वही-13
30. पंचम्यामथ मात्रायां यदि प्राणौर्वियुज्यते।
उषितः सह देवत्वं सोमलोके महीयते॥ वही-14
31. षष्ठयामिन्द्रस्य सायुज्यं सप्तम्यां वैष्णवं पदम्।
अष्टम्यां व्रजते रुद्रं पशूनां च पतिं तथा॥ वही-15
32. नवभ्यां तु महर्लोकं दशम्यां तु जनं ब्रजेत्।
एकादश्यां तपोलोकं द्वादश्यां ब्रह्म शाश्वतम्॥ वही-16

"ऐसे योगी का मन इन्द्रियों को जीतने वाला गुणातीत होकर भगवद प्रेम में लीन हो जाता है तो वह शान्त ध्यानयुक्त अनुपम शिव स्वरूप में रहता है।"[33]

ईशावास्योपनिषद् में साधक ध्यान के द्वारा भगवान के दिव्य मंगलमय स्वरूप का दर्शन करते हुए कहता है कि "हे प्रभो इस सूर्यमण्डल की तप्त रश्मियों को एकत्र करके अपने में लुप्त कर लीजिए। इसके उग्र तेज को समेटकर अपने में मिला लीजिए और मुझे अपने दिव्य रूप के प्रत्यक्ष दर्शन कराइये। अभी तो मैं आपकी कृपा से आपके सौन्दर्य-माधुर्य-निधि दिव्य परम् कल्याणमय रूप सच्चिदानन्दस्वरूप का 'ध्यान दृष्टि' से दर्शन कर रहा हूँ।"[34]उपनिषदो में कहीं साकाररूप से और कहीं निराकाररूप से, कही सगुणरूप से और कहीं निर्गुण रूप से भेद उपासना (ध्यान) का वर्णन आता है। वहाँ यह भी बतलाया है कि उपासक अपने उपास्यदेवकी जिस भाव से उपासना करता है, उसके उद्देश्य के अनुसार ही उसकी कार्य-सिद्धि हो जाती है। कठोपनिषद् में सगुण-निर्गुण रूप ओंकार की उपासना (ध्यान) का भेदरूप से वर्णन करते हुए यमराज नचिकेता से कहते हैं कि "यह अक्षर ही तो ब्रह्म है और अक्षर ही परब्रह्म है, इसी अक्षर को जानकर जो जिसको चाहता है, उसको वही मिल जाता है। यही उत्तम आलम्बन है, यही सबका अन्तिम आश्रय है। इस आलम्बन को भली-भाँति जानकर साधक ब्रह्मलोक में महिमान्वित (गौरवान्वित) होता है।"[35]

"योगतत्त्वोपनिषद् में दो प्रकार का ध्यान कहा गया है- सगुण तथा निर्गुण ध्यान। प्राणायाम के द्वारा वायु को रोककर अपने इष्ट देवता का ध्यान करना सगुण

---

33. अतीन्द्रियं गुणातीतं मनो लीनं यदा भवेत्।
अनूपमं शिवं शान्तं योगयुक्तं सदाविशेत्॥ वही-18

34. तेजो यत्ते रूपं कल्याणतमं तत्ते पश्यामि योऽसावसौ पुरुषः सोऽहमस्मि॥ ईशावास्योपनिषद्-16

35. (क) एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतद्ध्येवाक्षरं परम्।
एतद्ध्येवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छि तस्य तत्॥
(ख) एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्।
एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते॥ कठोपनिषद्-1/2/16-17

ध्यान कहलाता है। इस ध्यान के द्वारा अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त होती है। निर्गुण ध्यान के द्वारा समाधि लाभ होता है।"[36] शाण्डिल्योपनिषद् में भी इसी प्रकार "ध्यान के दो भेद कहते हुए मूर्ति के ध्यान को सगुण ध्यान कहा है तथा आत्मस्वरूप दर्शन को निर्गुण ध्यान माना है।"[37]

जाबालदर्शनोपनिषद् के ऋषि सविशेष ब्रह्म तथा निर्विशेषब्रह्म के ध्यान के विषय में कहते हैं कि "अब मैं संसार-बन्धन का नाश करने वाले ध्यान का प्रकार बतलाता हूँ जो समस्त संसाररूपी रोग के एकमात्र औषध, उर्ध्वरेता, भयंकर नेत्रों वाले, योगीश्वरों के भी ईश्वर, विश्वरूप तथा महेशवररूप हैं, उन ऋतु एवं सत्यस्वरूप परब्रह्म परमात्मा का अपने आत्मारूप से आदरपूर्वक चिन्तन (ध्यान) करें। अपनी बुद्धि में यह निश्चय करे कि वह परब्रह्म परमात्मा मैं ही हूँ। अथवा ध्यान का दूसरा प्रकार इस प्रकार है- जो सत्यस्वरूप, सब का ईश्वर, ज्ञानरूप, आनन्दमय, अद्वितीय, अत्यन्त निर्मल, नित्य तथा आदि, मध्य एवं अन्त से रहित है, स्थूल प्रपंचों से सर्वथा परे है, आकाश से भिन्न है, स्पर्श में आने योग्य वायु से भी विलक्षण है, नेत्रों से दीख पड़ने वाले अग्नि तत्व से भी सर्वथा भिन्न है, रसस्वरूप जल और गन्धस्वरूप पृथिवी से भी सर्वथा विलक्षण है, जिसे प्रत्यक्षादि प्रमाणों से भी नहीं जाना जा सकता, जो अनुपम है, देह से अतीत, उस सच्चिदानन्दस्वरूप एवं अन्तरहित परब्रह्म का अपने आत्मा के रूप में ध्यान करें, बुद्धि के द्वारा यह निश्चय करें की वह परब्रह्म परमात्मा मैं ही हूँ। इस प्रकार किया हुआ निर्विशेष का ध्यान मोक्ष का साधन होता है। इस तरह ध्यान के अभ्यास में लगे हुए महात्मा पुरुष को क्रमशः वेदान्तवर्णित ब्रह्मतत्व का विशेष ज्ञान हो जाता है, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है।"[38]

---

36. सगुणं ............. ततो भवेत्॥ योगतत्वोपनिषद्-106
37. अथ ध्यानम्। तद् द्विविधं सगुण निर्गुणं चेति। सगुणं मूर्तिध्याम्। निर्गुणमात्मयाथत्म्यम्॥ शाण्डिल्योपनिषद्-1/71
38. (क) अथातः संप्रवक्ष्यामि ध्यानं संसारनाशनम्।
ऋतं सत्यं परं ब्रह्म सर्वं संसारभेषजम्॥

वस्तुतः साधकों में ध्यान की सगुण तथा निर्गुण दोनों ही विधियाँ प्रचलित हैं। जो मूर्ति आदि के रूप में सगुण ध्यान करते हैं वे भी इसको प्रारम्भिक अवस्था मानकर बाद में इसे छोडकर निर्गुण ध्यान करने लगते हैं। उनका तर्क है कि प्रारम्भ में चित्त चलायमान होने के कारण निराकार का ध्यान नहीं कर सकता इसलिए साकार या सगुण ध्यान किया जाता है। उक्त कथन योग दर्शन से मेल नहीं खाता क्योंकि पतंजलि ध्यान से पूर्व धारणा को आवश्यक बतला रहे हैं। धारणा द्वारा ही इधर-उधर भागने वाले चित्त को एक स्थान पर एकाग्र किया जाता है। इसके बाद ध्यान की बारी आती है। अतः उक्त तर्क कोई महत्त्व नही रखता। महर्षि दयानन्द सगुण-ध्यान में एक अन्य दोष यह भी बतलाते हैं कि साकार के आकार में ही चित्त इधर-उधर भटकता रहेगा, फलतः सम्यकतया ध्यान न हो पायेगा। अतः निराकार अथवा निर्गुण ध्यान ही श्रेष्ठ है।

---

(ख) ऊर्ध्वरेतं विश्वरूपं विरूपाक्षं महेश्वरम्।
सोऽहमित्यादि रूपेण ध्यायेद्योगीश्वरेश्वरम्॥

(ग) अथवासत्यमीशानं ज्ञानामानन्दमद्वम्।
अव्यक्तमचलं नित्यादिमध्यान्तवर्जितम्॥

(घ) तथा स्थूलमनाकाशमसंस्पृश्यमचाक्षुषम्।
न रसं न च गन्धाख्यमप्रमेयमनूपमम्॥

(च) आत्मानं सच्चिदानन्दमन्तं ब्रह्म सुव्रत।
अहमस्मीत्यमिथ्याददेहातीतं विमुक्तये॥

(छ) एवमभ्यासयुक्तस्य पुरुषस्य महात्मनः।
क्रमाद्वेदान्तविज्ञानं विजायते न संशयः॥ जाबालदर्शनोपनिषद्, उपनिषदों में योगविज्ञान से उद्धृत (ले0-आचार्य पूर्णचन्द्र पन्त)

# नालन्दा के मूर्तियों पर उत्कीर्ण अभिलेखों में प्रतिबिम्बित इतिहास एवं संस्कृति

डॉ. देवेन्द्र नाथ ओझा[1]

नालन्दा की प्रसिद्धि प्राचीन समय में बौद्ध अध्ययन शिक्षा केन्द्र के रूप में विख्यात थी। नालन्दा का वास्तविक महत्त्व चौथी - पांचवी शताब्दी ई. में गुप्तवंशीय राजाओं के शासन काल से प्रकाश में आता है। 5वीं शताब्दी ई. में गुप्त शासक कुमारगुप्त प्रथम शक्रादित्य (415 ई. - 455 ई.) द्वारा नालन्दा की स्थापना भारत के प्रथम विश्वविद्यालय के रूप में की गयी थी। उसने शिक्षा को जनसामान्य के लिए उपलब्ध करवाया और विहारों में सामूहिक शिक्षा प्रणाली को जन्म दिया। गुप्तकाल में पूर्णतः स्थापित नालन्दा विश्वविद्यालय लगभग 800 वर्षों तक अपने ज्ञान-विज्ञान एवं कला के द्वारा विश्व को सुवासित करने के पश्चात् 12-13वीं शताब्दी ई. में मुस्लिम आक्रमणकारी मुहम्मद बिन बख्तियार खिलजी द्वारा काल के गाल में समा गया।

नालन्दा से प्राप्त सबसे प्राचीन अभिलेख चौथी शताब्दी ई. में उत्कीर्ण चक्रवर्ती गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त का ताम्रपत्र अभिलेख तथा सबसे नवीन अभिलेख 14वीं-15वीं शताब्दी ई. में उत्कीर्ण जौनपुर के शासक महमूद-बिन-अब्राहिम शाह का एक ताम्र सिक्के पर उत्कीर्ण अभिलेख है। प्राचीन नालन्दा न केवल अपने शैक्षणिक उपलब्धियों अपितु कला के लिए भी विश्वविख्यात था। यहां की वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला आदि विश्व में चर्चित थी। यहां गच, प्रस्तर तथा धातु की मूर्तियों के निर्माण की कार्यशाला थी। नालन्दा में निर्मित अनेक मूर्तियां विश्व के कई देशों से प्राप्त हुई हैं तथा वहां के संग्रहालयों में संग्रहीत हैं। नालन्दा तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों से भी अनेक मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं, जिनमें से कई धातु तथा प्रस्तर द्वारा निर्मित मूर्तियों पर अभिलेख भी उत्कीर्ण किये गये हैं। अतः मूर्तियों पर उत्कीर्ण लेख को मूर्तिलेख कहा गया है। इन्हीं मूर्तियों पर उत्कीर्ण अभिलेखों के आधार पर नालन्दा के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक

---

1. सहायक प्रोफेसर, एमिटी इंस्टिट्यूट फॉर संस्कृत स्टडीज एण्ड रिसर्च, एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश नोएडा

महत्त्व का निरूपण किया गया है। नालन्दा तथा उसके समीपवर्ती क्षेत्रों से निम्नलिखित मूर्तिलेख प्राप्त हुए हैं, जिनका अध्ययन ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अपेक्षित है-

1- आदित्यसेन कालीन सूर्य की मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख
भाषाः संस्कृत, लिपिः कुटिलाकार ब्राह्मी लिपि, समय 650-675 ई. स्थानः नालन्दा

परवर्ती गुप्त शासक आदित्यसेन (650 ई.-675 ई.) के काल की सूर्य की मूर्ति के पादपीठ पर उत्कीर्ण यह लेख बिहार राज्य के पटना जिले के विहार नगर से 14 किमी. दूर स्थित सकरी नदी के तट पर बसे शाहपुर तैतरावां ग्राम से 1879&80 ई. में जे.डी.एस. वेंगलर को प्राप्त हुआ था।[2] से सर्वप्रथम 1882 ई. में जनरल कनिंघम ने प्रकाशित करवाया।[3] यह मूर्तिलेख 1 फीट 4.4 इंच के आकार में संस्कृत भाषा तथा उत्तरी वर्ग की कुटिलाकार ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण है। लेख पूर्णतः गद्य शैली में अंकित किया गया है, जिसमें सम्वत् 66 के मार्गशीर्ष माह के 7वें दिन की तिथि का अंकन है।

**मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व-** शाहपुर से प्राप्त आदित्यसेन कालीन इस सूर्य मूर्तिलेख के अध्ययन से ज्ञात होता है कि इसमें उल्लिखित राज्यवर्ष 66 हर्ष सम्वत् (672-73 ई.) है। लेख में उल्लेख है कि यह मूर्ति बलाधिकृत सालपक्ष द्वारा नालन्दा के महाग्रहार में स्थापित की गयी थी। अग्रहार शब्द का प्रयोग देवताओं तथा ब्राह्मणों को दिये जाने वाले भूमिदान का सूचक है। नालन्दा से प्राप्त अनेक मुहर छाप लेखों में अग्रहार शब्द का उल्लेख दान में प्राप्त ग्रामों के सम्बन्ध में हुआ है। ए. घोष के अनुसार यहाँ महाग्रहार शब्द के स्थान पर शुद्ध शब्द महाविहार रहा होगा।[4]

---

2. गोयल, श्रीराम, प्राचीन भारत के प्रमुख अभिलेख, कुसुमांजलि बुक वल्ड जोधपुर, 2007, पृ. 123
3. शास्त्री, हीरानन्द, नालन्दा एण्ड इट्स एपीग्राफिक मैटेरियल, श्री सतगुरु पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1986, पृ. 82
4. घोष, ए. नालन्दा, अनु.-केदारनाथ शास्त्री, भारतीय पुरातत्व विभाग, नई दिल्ली, 1963, पृ. 12

इस मूर्तिलेख के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि 7वीं शताब्दी ई. में नालन्दा ब्राह्मण धर्म का भी प्रमुख केन्द्र हो गया था। यद्यपि यह मूर्ति शाहपुर से प्राप्त हुई है, परन्तु लेख में इसे नालन्दा के महाग्रहार में स्थापित करने की बात कही गयी है। शाहपुर नालन्दा से अधिक दूर नहीं है। सम्भव है यह मूर्ति किसी के द्वारा वहां ले जायी गयी हो। मूर्ति सूर्यदेव की है। अतः लेख का सम्बन्ध सूर्योपासना से है। नालन्दा तथा उसके समीपवर्ती गांवों से इस काल की सूर्य की अनेक मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। बड़गांव के सूर्य मन्दिर में इस काल की कई सूर्य मूर्तियां आज भी विद्यमान है, जो इस बात का प्रमाण है कि इस समय ब्राह्मण धर्म भी उन्नति पर था। आदित्यसेन परवर्ती गुप्त वंश का शक्तिशाली शासक था। उसने 650 ई. से 675 ई. तक मगध पर शासन किया। नालन्दा उसके राज्य के अन्तर्गत था। वह ब्राह्मण धर्म का पोषक था। अतः उसके शासन काल में बौद्ध केन्द्र के रूप में विख्यात नालन्दा मे सूर्य मूर्ति की स्थापना आश्चर्यजनक नहीं है।

2- देवपाल कालीन तृतीय राज्यवर्ष के संकल्पित मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख

भाषाः संस्कृत, लिपिः प्रारम्भिक नागरी, समय : 813ई., स्थानः नालन्दा

पाल शासक देवपालदेव के तीसरे राज्यवर्ष में उत्कीर्ण तथा नालन्दा से प्राप्त यह मूर्तिलेख उसके समय के प्राप्त चार मूर्तिलेखों में से सबसे प्राचीन है। चार पंक्तियों में उत्कीर्ण इस लेख की प्रथम तीन पंक्तियों का अक्षर 4-3 इंच तथा अन्तिम पंक्ति का अक्षर 1-1 इंच का है। गद्य शैली में लिखे गये इस अभिलेख की भाषा संस्कृत तथा लिपि प्रारम्भिक नागरी है।[5]

मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व

पाल शासक देवपाल के तीसरे राज्यवर्ष में उत्कीर्ण इस मूर्तिलेख में राजगृह विषय के अन्तर्गत स्थित पुरिका ग्राम निवासी विखाकाय (विसाखा) नामक स्त्री का उल्लेख है, जिसने यह मूर्ति स्थापित की थी। मूर्तिलेख के अध्ययन से प्रतीत होता है कि

5. शास्त्री, हीरानन्द, पूर्वोक्त, 1986, पृ. 87

दान देने वाली स्त्री विसाखा किसी महान योद्धा की पत्नी थी, जिसके पति ने देवपाल के तीसरे राज्यवर्ष में कलचुरियों को समाप्त करने के अभियान में भाग लिया था। कलचुरि अन्तके शब्द से ऐसा जान पडता है कि देवपाल ने अपने तीसरे राज्यवर्ष में कलचुरियों को परास्त किया था। अभिलेख में उल्लिखित पुरिका ग्राम की पहचान आधुनिक बिहार राज्य में स्थित नवादा के निकट स्थित पुरी ग्राम से की गयी है।[6]

3- देवपाल कालीन 35वें राज्यवर्ष के तारादेवी की मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख
भाषाः संस्कृत, लिपिः प्रारम्भिक नागरी, समयः 850 ई., स्थानः नालन्दा

पाल शासक देवपाल देव के 35वें राज्यवर्ष में तारादेवी की मूर्ति के पादपीठ पर उत्कीर्ण यह लेख बिहार-शरीफ से 23 किमी. दूर पश्चिम दिशा में स्थित हिल्सा नामक स्थान से प्राप्त हुआ था। गद्य की तीन पंक्तियों में लिखे गये इस लेख की भाषा संस्कृत तथा लिपि प्रारम्भिक नागरी है।

मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व

पाल शासक देवपालदेव के 35वें राज्यवर्ष में तारादेवी की मूर्ति के पादपीठ पर उत्कीर्ण इस लेख के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उस समय नालन्दा में विद्वानों का वास था। मूर्तिलेख में पाल शासक देवपाल के विजय राज्य का सम्वत् 35 लिखा गया है। सम्भवतः देवपाल ने इसी वर्ष अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त की होगी। मूर्ति की स्थापना करने वाले गंगाधर नालन्दा के महान भिक्षु श्री मंजुश्रीदेव के परम भक्त एवं शिष्य थे।[7]

4- देवपाल के काल का संकल्पित स्त्री की मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख
भाषाः संस्कृत, लिपिः प्रारम्भिक नागरी, समयः तिथि विहीन, स्थानः नालन्दा

पाल शासक देवपालदेव के काल का नालन्दा से प्राप्त तिथि विहीन यह लेख एक स्त्री मूर्ति के पृष्ठभाग पर उत्कीर्ण है। गद्य की पांच पंक्तियों में लिखित इस मूर्तिलेख

---

6. उपासक, सी. एस., पूर्वोक्त, पृ. 60
7. शास्त्री, हीरानन्द, पूर्वोक्त, पृ. 87

की भाषा संस्कृत तथा लिपि प्रारम्भिक नागरी है। वर्तमान में यह नालन्दा संग्रहालय में संग्रहीत है।[8]

**मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व-** पाल शासक देवपाल के काल के इस अतैथिक मूर्तिलेख के अध्ययन से ज्ञात होता है कि देवपाल के राज्य में राजगृह एक विषय (जिला) था, जिसके अन्तर्गत नालन्दा एक छोटी प्रशासनिक इकाई महापटल के रूप में विभाजित था।[9] मूर्तिलेख में उजकदेशूक का उल्लेख है, जो गोतुक का पुत्र तथा वेदेम का पौत्र था।[10] लेख में कुम्हार तथा कुम्हारी शब्द का प्रयोग हुआ है। हीरानन्द शास्त्री के अनुसार कुम्हार तथा कुम्हारी शब्द कुमार तथा कुमारी के द्योतक हैं।[11]

5- देवपाल कालीन संकर्षण की मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख

भाषाः संस्कृत, लिपिः नागरी लिपि, समयः तिथिविहीन, स्थानः नालन्दा

पाल शासक देवपाल के काल का तिथिविहीन यह लेख स्थानक संकर्षण (बलराम) की कांस्य मूर्ति के पादपीठ पर उत्कीर्ण है। लेख गद्य शैली की तीन पंक्तियों में संस्कृत भाषा तथा नागरी लिपि में लिखा गया है। वर्तमान में यह मूर्तिलेख नालन्दा संग्रहालय में संग्रहीत है।[12]

**मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व-** पाल शासक देवपाल के शासनकाल का तिथिविहीन स्थानक संकर्षण की कांस्य मूर्ति के पादपीठ पर उत्कीर्ण इस लेख के अध्ययन से ज्ञात होता है कि जब नालन्दा देवपाल के शासन के अधीन था तो उसी समय महास्थविर दज्जक ने पद्मदान सिंह को यह दान दिया था। इस मूर्तिलेख

---

8. नालन्दा संग्रहालय, सं- एस.-1, 372
9. उपासक, सी. एस., पूर्वोक्त, पृ. 60
10. मिश्रा, बी. एन., नालन्दा, खण्ड-2, बी. आर. पब्लिशिंग कारपोरेशन, दिल्ली, 1998, पृ. 256
11. शास्त्री, हीरानन्द, पूर्वोक्त, पृ. 88
12. नालन्दा संग्रहालय, सं- एस. एल., 342

में पाल शासक देवपाल के नाम के आगे 'देवस्य राज्ये' के स्थान पर 'देवभद्रे' शब्द का प्रयोग किया गया है, जो सम्भवतः इस कार्य के समय उसके स्वयं के उपस्थित होने का द्योतक है तथा ऐसा प्रतीत होता है कि दान देने के क्रम में ही इस मूर्तिलेख को लिखवाया गया था।[13] यद्यपि पाल शासक देवपाल बौद्ध मतावलम्बी था, परन्तु इस मूर्तिलेख से ज्ञात होता है कि वह ब्राह्मण धर्म के प्रति भी सहिष्णु था।

6- गोपाल कालीन वागीश्वरी देवी की मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख
भाषाः संस्कृत, लिपिः  नागरी लिपि, समयः 940 ई.-957 ई., स्थानः नालन्दा

यह मूर्तिलेख सर्वप्रथम जनरल अलेक्जेण्डर कनिंघम को 1862 ई. में प्राप्त हुआ था, जो नालन्दा के पड़ोसी गांव कपटिया के ब्रह्म स्थान मन्दिर में स्थापित अनेक मूर्तियों में से एक देवी मूर्ति (वागीश्वरी देवी) पर उत्कीर्ण था।[14] लेख संस्कृत भाषा, नागरी लिपि तथा गद्यात्मक शैली में लिखा गया है। वर्तमान में यह मूर्तिलेख भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता में संग्रहीत है।

**मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व-** इस मूर्तिलेख में पाल शासक गोपाल के राज्यवर्ष? के आश्विन मास के शुक्ल पक्ष के आठवें दिन नालन्दा में पूजनीय वागीश्वरी देवी की मर्ति स्थापित करने का उल्लेख है। मूर्तिलेख में उल्लिखित परमभट्टारक महाराजाधिराज, परमेश्वर गोपाल सम्भवतः पाल शासक गोपाल द्वितीय (940 ई.-957 ई.)[15] है, परन्तु कनिंघम तथा कीलहॉर्न उसे गोपाल प्रथम माना है।[16] पाल शासकों के अभिलेखों में गोपाल प्रथम को केवल महाराज कहा गया है, परन्तु इस अभिलेख में उल्लिखित गोपाल को परमभट्टारक महाराजाधिराज की उपाधि से विभूषित

13. सहाय, बी., दी इन्स्कृप्शन्स ऑफ बिहार रामानन्द विद्या भवन, दिल्ली, 1983, पृ. 72
14. घोष, ए. नालन्दा, अनु.-केदारनाथ शास्त्री, भारतीय पुरातत्व विभाग, नई दिल्ली, 1963, पृ. 13
15. मिश्रा, बी. एन., नालन्दा, खण्ड-2, बी. आर. पब्लिशिंग कारपोरेशन, दिल्ला, 1998, पृ. 257
16. पाटिल, डी. आर., दी एन्टीक्वेरियन रिमेंस इन बिहार काशी प्रसाद जायसवाल रिसर्च इन्स्टीच्यूट, पटना, 1963, पृ. 330

किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि इस मूर्तिलेख में उल्लिखित गोपाल पाल शासक गोपाल द्वितीय है। यद्यपि पाल शासक बौद्ध मतावलम्बी थे, परन्तु अन्य धर्मों के प्रति भी वे सहिष्णु थे। अतः पाल शासक गोपाल द्वितीय के शासनकाल में नालन्दा में वागीश्वरी देवी की मूर्ति की स्थापना करना धार्मिक सद्भाव का प्रतीक है।

7- ढेलवा बाबा (बुद्ध) की मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख

भाषाः संस्कृत, लिपिः  उत्तरकालीन ब्राह्मी, समयः तिथिविहीन, स्थानः नालन्दा

यह मूर्तिलेख तिथिविहीन है तथा आसनस्थ भगवान बुद्ध, जिसे स्थानीय लोग ढेलवा बाबा कहते हैं, के पादपीठ पर उत्कीर्ण है। गद्य शैली में लिखे गये इस मूर्तिलेख की भाषा संस्कृत तथा लिपि उत्तरकालीन ब्राह्मी है। वर्तमान में यह मूर्तिलेख नालन्दा संग्रहालय में संग्रहीत है।

मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व

ढेलवा बाबा (बुद्ध मूर्ति) के पादपीठ पर उत्कीर्ण लेख से ज्ञात होता है कि यह मूर्ति बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों आर्य सारिपुत्र तथा आर्य महामौद्गल्यायन को समर्पित है। मूर्तिलेख में महायान बौद्ध धर्म के दो प्रसिद्ध आचार्यों मैत्रेयनाथ तथा वसुमित्र का नाम भी अंकित है, जो क्रमशः योगाचार या विज्ञानवाद तथा वैभाषिक बौद्ध दर्शन के संस्थापक माने जाते हैं।[17] लेख में दान देने वाली परम उपासिका गंगाका का नाम भी उत्कीर्ण है। आचार्य मैत्रेयनाथ तथा आचार्य वसुमित्र का नाम प्रथम बार किसी अभिलेख में उत्कीर्ण पाया गया है। अतः पुरातात्त्विक दृष्टि से भी यह स्पष्ट होता है कि नालन्दा महायान बौद्ध धर्म का महान केन्द्र था तथा महायान दर्शन की कई शाखाओं का यहां विकास हुआ।

8- बुद्ध की मूर्ति पर उत्कीर्ण तिथिविहीन अभिलेख

भाषाः संस्कृत, लिपिः  नागरी लिपि, समयः तिथिविहीन, स्थानः नालन्दा

---

17. उपासक, सी. एस., पूर्वोक्त, पृ. 63

नालन्दा से प्राप्त वज्रासन की मुद्रा में आसनस्थ भगवान बुद्ध की कास्य मूर्ति के पादपीठ पर अंकित यह तिथिविहीन लेख 9.3x1.7 इंच के आकार में किया गया है। मूर्तिलेख गद्य की चार पंक्तियों में संस्कृत भाषा तथा नागरी लिपि में उत्कीर्ण है।

**मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेख का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व-** भगवान बुद्ध की मूर्ति के पादपीठ पर उत्कीर्ण इस तिथिविहीन मूर्तिलेख में नालन्दा के बौद्ध भिक्षु मंजुश्रीवर्मा की प्रशंसा करते हुए उसे सर्वास्तिवाद सम्प्रदाय का अनुयायी तथा नालन्दा के भिक्षुओं में सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। इससे ज्ञात होता है कि नालन्दा में सर्वास्तिवाद लोकप्रिय था। यद्यपि लेख में किसी शासक या तिथि का उल्लेख नहीं है। तथापि लिपि के आधार पर यह लेख पाल शासक देवपाल के शासनकाल का प्रतीत होता है।

9- आठ देवियों के मूर्ति फलक पर उत्कीर्ण अभिलेख

भाषाः संस्कृत, लिपिः  नागरी लिपि, समयः 8वीं-9वीं शताब्दी ई., स्थानः नालन्दा

यह लेख नालन्दा के पड़ोसी गांव कपटिया के ब्रह्म स्थान मन्दिर में स्थापित वागीश्वरी देवी की मूर्ति के पास से 1862 ई. में अलेक्जेण्डर कनिंघम को प्राप्त हुआ था। यह लेख एक मूर्ति फलक में निर्मित आठ देवियों के पादपीठ के आधार पर उत्कीर्ण है। कनिंघम ने इसका उल्लेख 'बेस-रिलीफ ऑफ अष्ट शक्ति' शीर्षक से किया था। इसे 1903-04 ई. में वोगल ने सम्पादित करके आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया की एनुअल रिपोर्ट में प्रकाशित कराया।[18] 8वीं-9वीं शताब्दी ई. का यह अभिलेख एक पंक्ति में संस्कृत भाषा तथा नागरी लिपि के कलात्मक अक्षरों में उत्कीर्ण है तथा वर्तमान में प्रोविंसियल म्यूजियम लखनऊ में संग्रहीत है।

मूर्ति फलक पर उत्कीर्ण अभिलेख का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व

आठ देवियों के मूर्ति फलक पर उत्कीर्ण इस लेख के अध्ययन से ज्ञात होता है कि नालन्दा 8वीं-9वीं शताब्दी ई. में भी धर्महट्ट अर्थात् धार्मिक नगर के रूप में विख्यात था। यहाँ धार्मिक दान देने वाले तथा धर्म का पालन करने वाले रहते थे। अष्ट देवियों

18. आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, एनुअल रिपोर्ट, 1903-04,पृ. 219

को भारतीय मूर्ति शिल्प में नरसिंही कहा गया है, जो भगवान विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह की शक्तियां हैं। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि नालन्दा न केवल बौद्ध धर्म, अपितु हिन्दू धर्म का भी केन्द्र था। नालन्दा तथा उसके आसपास के क्षेत्रों से प्राप्त नौ मूर्तियों पर नालन्दा से सम्बन्धित लेख उत्कीर्ण है। परवर्ती गुप्तवंशी शासक आदित्यसेन के काल की सूर्य मूर्ति पर उत्कीर्ण लेख में उस मूर्ति को नालन्दा के महाविहार में स्थापित करने की बात कही गयी है। स्पष्ट है कि आदित्यसेन (650 ई.-675 ई.) के काल में सूर्योपासना अपने उत्कर्ष पर थी, जिसकी पुष्टि नालन्दा तथा उसके आसपास से अनेक सूर्य मूर्तियों की प्राप्ति से हाता है। नालन्दा के समीप स्थित बड़गांव के सूर्य मन्दिर में आज भी उस काल की अनेक सूर्य मूर्तियां विद्यमान हैं। आदित्यसेन ब्राह्मण मतावलम्बी था। अतः उसके शासनकाल में नालन्दा महाविहार में सूर्य मूर्ति की स्थापना सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक प्रतीत होती है। पाल शासक देवपाल के राज्यवर्ष में संकल्पित मूर्ति पर उत्कीर्ण लेख से ज्ञात होता है कि साखा नामक स्त्री ने इस मूर्ति को नालन्दा में स्थापित करवाया था, जिसके पति ने कलचुरियों को समाप्त करने के देवपाल के अभियान में भाग लिया था तथा उन्हें परास्त किया था।

देवपाल के 35वें राज्यवर्ष में तारादेवी की मूर्ति पर उत्कीर्ण लेख से ज्ञात होता है कि नालन्दा के महान भिक्षु मंजुश्रीदेव के परमभक्त तथा शिष्य गंगाधर ने इस मूर्ति को स्थापित किया था। उस समय नालन्दा में विद्वानों का वास था। देवपाल के शासनकाल के एक अतैथिक संकल्पित स्त्री की मूर्ति पर उत्कीर्ण लेख से ज्ञात होता है कि राजगृह विषय (जिला) के अन्तर्गत नालन्दा एक छोटी प्रशासनिक इकाई महापटल के रूप में विभक्त था। देवपाल के ही शासन काल में संकर्षण की मूर्ति पर उत्कीर्ण तिथि विहीन लेख से ज्ञात होता है कि नालन्दा में देवपाल की उपस्थिति में महाथेरवादी श्री दज्जक ने पद्मदान सिंह को यह धार्मिक दान दिया था। मूर्ति संकर्षण की है, जिससे ज्ञात होता है कि बौद्ध धर्मावलम्बी देवपाल धर्म सहिष्णु शासक था।

एक अन्य पाल शासक महाराजाधिराज गोपाल (940 ई.-957 ई.) के शासनकाल में वागीश्वरी देवी की मूर्ति पर उत्कीर्ण लेख में नालन्दा में इस मूर्ति को

स्थापित करने का उल्लेख है। यद्यपि पाल शासक बौद्ध मतावलम्बी थे, परन्तु अन्य धर्मों के प्रति वे सहिष्णु थे। अतः पाल शासक गोपाल द्वितीय के शासनकाल में नालन्दा में वागीश्वरी देवी की मूर्ति की स्थापना करना धार्मिक सद्भाव का प्रतीक है। नालन्दा से प्राप्त ढेलवा बाबा (बुद्ध मूर्ति) की मूर्ति पर उत्कीर्ण लेख में भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों आर्य सारिपुत्र तथा आर्य महामौद्गल्यायन का उल्लेख है। मूर्ति उन्हप दोनों को समर्पित है। सारिपुत्र तथा महामौद्गल्यायन नालन्दा के ही निवासी थे; सम्भवतः इसीलिए यह मूर्ति उन्हें समर्पित की गयी होगी। लेख में महायान बौद्ध धर्म के दो प्रसिद्ध आचार्यों मैत्रेयनाथ तथा वसुमित्र का नाम भी उत्कीर्ण है। मैत्रेयनाथ योगाचार तथा वसुमित्र वैभाषिक दर्शन के संस्थापक हैं, जिसका विकास उन्होंने नालन्दा में ही किया था। नालन्दा से प्राप्त एक अन्य बुद्ध मूर्ति पर उत्कीर्ण तिथि विहीन लेख से ज्ञात होता है कि नालन्दा में सर्वास्तिवाद लोकप्रिय था। लेख में नालन्दा के बौद्ध भिक्षु मंजुश्रीवर्मा की प्रशंसा करते हुए उसे सर्वास्तिवाद सम्प्रदाय का अनुयायी तथा नालन्दा के भिक्षुओं में सर्वश्रेष्ठ कहा गया है।

भगवान नरसिंह की अष्ट देवियों के मूर्ति फलक पर उत्कीर्ण आठवीं-नौवीं शताब्दी ई. के एक लेख में नालन्दा को धर्महट्ट कहा गया है, से ज्ञात होता है कि उस समय नालन्दा एक धार्मिक नगर के रूप में विख्यात हो चुका था, जहां धर्म के निमित्त दान देने वाले तथा धर्म का पालन करने वाले रहते थे। लेख हिन्दू मूर्ति फलक पर उत्कीर्ण है, जिससे स्पष्ट है कि नालन्दा बौद्ध धर्म के साथ-साथ हिन्दू धर्म का भी केन्द्र था। इस प्रकार नालन्दा एवं उसके आस -पास के क्षेत्रों से प्राप्त मूर्ति पर उत्कीर्ण अभिलेखों का विवेचन निश्चित रूप से यहां के कलात्मक एवं संस्कृति के विविध पक्षों का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत करता है।

# संस्कृत कथासाहित्य का वैश्विक सन्देश

डॉ. राम संयोग राय[1]

वर्तमान युद्ध, कलह, विरोध तथा विद्वेष-सदृश रुग्ण परिवेश में सुख-शान्ति तथा समृद्धि नजर नहीं आ रही है। फलतः जहाँ मानवता कराह रही है, वहीं दानवता हँस रही है। इस सन्दर्भ में प्रेम के संवर्धन तथा जागरण हेतु विश्वबन्धुत्व अपेक्षित है। एक ही परमपिता परमेश्वर की सन्तति होने के कारण विश्व के लोगों में पारस्परिक बन्धुप्रीति है। वेदोक्त विश्वबन्धुत्व के समान उदात्त भाव का हितोपदेश पर प्रत्यक्ष प्रभाव परिलक्षित है। क्योंकि दुर्बुद्धि नामक सियार सुबुद्धि नामक कौआ से कहता है। यथा -

**अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।**
**उदारचरितानान्तु वसुधैव कुटुम्बकम्॥**[2]

उपर्युक्त पद्य में विश्व कल्याण तथा समरसता की भावना समाहित है, जो वैश्विक समाज को जोड़ने वाली है। जीवन में पूर्ण रूप से सर्वविध हिंसा का परित्याग अहिंसा है, जिसमें मन, वाणी तथा कर्म की सकारात्मकता विद्यमान होती है। यह सामाजिक सद्भाव का सम्पोषण करते हुई विश्वप्रेम को जन्म देती है। वैर को समाप्त करने की इसकी सामर्थ्य है। जीवन में भारतीय ऋषि-मुनियों तथा महापुरुषों ने इसका पालन किया है। संस्कृत साहित्य में इसकी महत्ता की विशद चर्चा हुई है। वेदव्यास ने इसे दैवी सम्पदा माना है।[3] श्रीनारायण पण्डित ने हितोपदेश के मित्रलाभ नामक प्रथम प्रकरण के अन्तर्गत जरद्गव-बिड़ाल कथा में दीर्घकर्ण नामक बिड़ाल के मुख से इसके महत्त्व के विषय में कहलवाया है। यथा -

---

1. सह-प्राचार्य (संस्कृत), नागार्जुन उमेश संस्कृत महाविद्यालय, तरौनी, दरभंगा (का.सिं.द.सं.वि.वि., कामेश्वर नगर, दरभंगा की अंगीभूत इकाई) मोबाईल नं. - 7783095215
2. हितोपदेश (मित्रलाभ, 74) - श्रीनारायण पण्डित, सम्पादक - प्रो0 बालशास्त्री, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण - 2010
3. श्रीमद्भगवद्गीता, 16/2

**अहिंसा परमो धर्मस्तथाऽहिंसा परो दमः।**
**अहिंसा परमं दानमहिंसा परमं तप॥**
**अहिंसा परमो यागस्त्वहिंसा परमं बलम्।**
**अहिंसा परमं मित्रमहिंसा परमं श्रुतम्॥**
**सर्वहिंसानिवृत्ता ये नराः, सर्वसहाश्च ये।**
**सर्वस्याऽऽश्रयभूताश्च, ते नराः स्वर्गगामिनः॥**[4]

हितोपदेश तथा पंचतन्त्र की धर्मचर्चा वैश्विक समाज को धर्माचरण अर्थात् सदाचार का सन्देश देती है। हितोपदेशकार के अनुसार - प्राणियों पर दया धर्म है।[5] धर्महीन मानव का जीवन बकरी के गले के स्तन (चमरे की स्तनाकार थैली) के समान निरर्थक है।[6] हितोपदेशकार ने धर्म की प्रशंसा करते हुये कहा है - भोजन, नींद, भय और मैथुन ये चार बातें तो मनुष्यों और पशुओं में समान ही हैं, मनुष्य में केवल धर्म (गुण) ही अधिक है, इसलिये धर्महीन (विद्याविनय आदि गुणों से रहित) मनुष्य पशु के ही समान है।[7] वृद्ध व्याघ्र ने पथिक को समझाया है कि धर्म के आठ मार्ग हैं (यज्ञ करना, पढ़ना, दान देना, तपस्या करना, सत्य बोलना, धीरता, क्षमा और निर्लोभ)।[8] धर्म में प्रचुरता हेतु धन तथा विद्या की भाँति इसका भी थोड़ा थोड़ा संग्रह अपेक्षित है।[9] चीत्कारीगर्दभकथा में कुत्ता गधे से कहता है कि धर्मसेवन स्वयं ही करना पड़ता है, दूसरों के ऊपर छोड़ा नहीं जाता है। पुण्य तीर्थ में कठिन तपस्या करने वाले का ही पुत्र धार्मिक होता है।[10] व्यक्ति के मृत्यु के पश्चात् उसकी सब सम्पत्ति नष्ट हो जाती है, धर्म

---

4. हितोपदेश, मित्रलाभ, 66/68
5. वही, 161
6. हितोपदेश, कथामुख, 26
7. वही, 25
8. हितोपदेश, मित्रलाभ, 8
9. हितोपदेश, सहृद्भेद, 10
10. हितोपदेश, कथामुख, 18

सिर्फ एक ऐसा मित्र है, जो इसके बाद भी उसका साथ देता है।[11] श्रीविष्णु शर्मा ने कहा है - अहिंसा ही धर्म का मार्ग है।[12] इस सारहीन संसार में धर्म ही एकमात्र मानव की गति है, क्योंकि यही उसका रक्षक है। इस सन्दर्भ में मनु का कथन अत्यन्त ही सटीक है, जिन्होंने कहा है - धर्मो रक्षति रक्षितः[13] शश-कपिंजलककथा में एक वनबिलाव अपने धर्मोपदेश में कहता है कि धर्मरहित पाण्डित्य व्यर्थ है, जो धर्मपरायण नहीं है, वे क्षुद्र तथा नगण्य हैं और धर्मकार्य का सम्पादन शीघ्र करना चाहिए। वह संक्षेप में- परोपकारः पुण्याय, पापाय परपीडनम्[14] एवं आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्[15] को धर्म का सार बताता है। अतः सदाचार तथा पुण्यकर्मयुक्त धर्म वैश्विक समाज के कल्याण के लिए आचरणीय है।

लोभ एक प्रकार का मनोविकार है, जिसमें किसी व्यक्ति या वस्तु के प्रति अत्यधिक आसक्ति होती है। शास्त्रों में इसकी भरपूर निन्दा है। लोभी व्यक्ति समाज में निन्दा का पात्र बनता है तथा मुसीबतों से घिरा रहता है। गीताकार ने काम तथा क्रोध के पश्चात् इसे ही नरक का तृतीय मार्ग बताया है।[16] लोभी मनुष्य के विषय में किसी ने सच ही कहा है। यथा -

**सुमहान्त्यपि शास्त्राणि धारयन्तो बहुश्रुताः।**
**छेत्तारः संशयानां च क्लिश्यन्ते लोभमोहिताः ॥**[17]

लोभ अनर्थों का मूल है। यथा -

---

11. हितोपदेश, मित्रलाभ, 69
12. पंचतन्त्र (काकोलूकीय, पृ. 626)- श्रीविष्णु शर्मा, सम्पादक - प्रो0 बालशास्त्री, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, संस्करण - 2016
13. मनुस्मृति, 8/15
14. पंचतन्त्र, काकोलूकीय, 101
15. वहीं, 102
16. श्रीमद्भगवद्गीता, 16/21
17. हितोपदेश, मित्रलाभ, 26

**लोभात् क्रोधः प्रभवति, लोभात् कामः प्रजायते।**

**लोभान्मोहश्च नाशश्च, लोभः पापस्य कारणम् ॥**[18]

कपोतराज चित्रग्रीव ने बहेलिये के द्वारा चावल के कणों को बिखेर कर फैलाये गये जाल में लोभवश फसने को उद्यत कबूतरों से इसी वजह से किसी पथिक की दशा के विषय में कहा है। यथा -

**कङ्कणस्य तु लोभेन मग्नः पङ्के सुदुस्तरे।**

**वृद्धव्याघ्रेण सम्प्राप्तः पथिकः स मृतो यथा ॥**[19]

समाज में आज भी वृद्धव्याघ्र जैसे शोषकों था वंचकों का चरित्र विद्यमान है, जो अपने प्रयोजन की सिद्धि हेतु लोभी को अपने लोभजाल में फँसाते हैं। अन्ततः कबूतर चावल के कणों के लोभ से जाल में फँसकर पश्चात्ताप करते हैं। लोभी ब्राह्मण के लोभ के कारण उसकी पत्नी ब्राह्मणी द्वारा उसका पुत्रवत् नकुल मारा जाता है। इस प्रसंग में किसी के कथन की समीचीनता है। यथा -

**अतिलोभो न कर्तव्यो, लोभो नैव परित्यजेत्।**

**अतिलोभाऽभिभूतस्य चक्रं भ्रमति मस्तके ॥**[20]

मानव के सर्वविध अभ्युदय के निमित्त कृतकर्म उद्योग कहलाता है, जिसके लिए व्यवहृत शब्द हैं - उद्यम, पुरुषार्थ, अध्यवसाय तथा प्रयत्न। मानव इससे अपनी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण कर सकता है। नीतिशास्त्र में पुरुष की छः शक्तियों में उद्योग की प्राथमिकता है। समाज में आलसी पुरुष ही दैव (भाग्य) में विश्वास करता है। संसार में उद्यमी ही जीवन का वास्तविक सुख प्राप्त कर निरोग रहता है। भर्तृहरि ने आलस्य को मनुष्य के सबसे महान् शत्रु बताते हुए इसकी जगह उद्यम का आश्रय ग्रहण करने को कहा है। यथा -

---

18. वही, 27
19. वही, 5
20. पंचतन्त्र, अपरीक्षितकारक, 22

**आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः।**

**नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वायं नावसीदति ॥**[21]

हितोपदेशकार ने भी उद्योग को अपनाने की बात कही है। यथा -

**न दैवमपि संचित्य त्यजेदुद्योगमात्मनः।**

**अनुद्योगेन तैलानि तिलेभ्यो नाऽऽप्तुमर्हति ॥**[22]

पंचतन्त्रकार ने उद्यम की महत्ता के विषय में कहा है। यथा -

**उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीर्दैवं हि दैवमिति कापुरुषा वदन्ति।**[23]

**उद्यमेन हि सिद्ध्यन्ति कार्याणि, न मनोरथैः।**

**न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥**

**उद्यमेन विना राजन्! न सिद्ध्यन्ति मनोरथाः।**

**कातरा इव जल्पन्ति – यद्भाव्यं तद्भविष्यति ॥**[24]

अतः यहाँ सुख के प्रधान साधन उद्योग को करने का सन्देश दिया गया है, क्योंकि मानव इसी से अपनी तथा समाज की समुन्नति कर प्रशंसा का पात्र बन सकता है। इसी की बदौलत राजनेताओं ने देशभक्तों के सहयोग से देश को आजाद करवाया।

संस्कृत कथासाहित्य में मैत्री-विषयक पर्याप्त विवेचना है, जहाँ इसके गुण एवं दोषों को उजागर किया गया है। पंचतन्त्र में मन्थरक कछुआ ने चूहे से कहा कि यह कौआ तुम्हारा सच्चा मित्र है, क्योंकि भूख से पीड़ित होने के बावजूद इसने तुमको नहीं भक्षण किया है। यहाँ उसने सच्चे प्रेम के लक्षणों का उल्लेख किया है। यथा -

**विकारं याति नो चित्तं वित्ते यस्य कदाचन।**

**मित्रं स्यात्सर्वकाले च, कारयेन्मित्रमुत्तमम्।**

---

21. नीतिशतक, 86
22. हितोपदेश, कथामुख, 30
23. पंचतन्त्र, मित्रसम्प्राप्ति, 137
24. वही, 138] 139

**विद्वद्भिः सुहृदामत्र चिरेतैरसंशयम्।**

**परीक्षाकरणं प्रोक्तं, होमाऽग्नेरिव पण्डितैः ॥**[25]

पंचतन्त्रकार ने आपत्तिकाल में सहायक मित्र को ही सच्चा मित्र माना है, क्योंकि अनुकूल परिस्थिति अर्थात् सम्पत्ति काल में तो दुर्जन भी मित्र बन जाता हैं।[26] सच्चे मित्र की प्रशंसा हितोपदेशकार ने भी की है। उनके अनुसार सच्चे मित्र के गुण हैं - चित्तशुद्धि, त्याग, वीरता, सुख और दुःख में समानभाव, उदारता, प्रेम और सत्य।[27] संस्कृत के कथाकारों ने छली, कपटी, स्वार्थी तथा अभिमानी मित्र को त्यागने तथा विश्वस्त, सरलहृदय, निःस्वार्थी तथा गर्वरहित को मित्र बनाने की सलाह दी है।

संघटन में शक्ति निहित है, जिसके शास्त्रों तथा लोक में अनेक दृष्टान्त प्राप्त होते हैं। सर्वप्रथम इसकी चर्चा ऋग्वेद के दशम मण्डल में हुई है। कपोतराज चित्रग्रीव ने बहेलिये के जाल में फँसे हुए कबूतरों से उसे एकसाथ लेकर आकाश में उड़ चलने की बात कही है, क्योंकि - छोटी-2 वस्तु भी एकसाथ मिलने पर कार्य साधक हो जाती हैं। देखो - तृण (घास-फूस) भी जब एकत्र होकर रस्सी बन जाते हैं, तब बड़े-2 हस्तियों को भी बाँध सकते हैं। और अपने कुल के छोटे-2 लोगों की संगति अच्छी होती है। देखो, चावल भी अपने छिलके (भूसे) से अलग होने पर उग नहीं सकते हैं (अंकुरित नहीं हो सकते हैं)।[28] इस सन्दर्भ में निम्नांकित श्लोक भी अवलोकनीय है। यथा -

**अथ ये संहताः वृक्षाः, सर्वतः सुप्रतिष्ठिताः।**

**न ते शीघ्रेण वातेन हन्यन्ते ह्येकसंश्रयात्॥**[29]

एकता के अभाव में एक उदर, परन्तु दो मुखवाले भारुण्ड पक्षी का विनाश हो जाता है, जिसके विषय में सुवर्णसिद्धि ने कहा है। यथा -

---

25. वही, 116] 117
26. वही, 118
27. हितोपदेश, मित्रलाभ, 100
28.
29. पंचतन्त्र, काकोलूकीय, 53

**एकोदराः, पृथग्ग्रीवा, अन्योन्यफलभक्षिणः।**
**असंहता विनश्यन्ति, भारुण्डा इव पक्षिणः ॥**[30]

उपर्युक्त उदाहरणों के माध्यम से समाज के लोगों को परस्पर संघटित होकर रहने की शिक्षा दी गयी है। इसीलिए कहा गया है - संघे शक्तिः कलौ युगे। भारतीय सामाजिक तथा सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में दान की महिमा का बखान है। दान से मानव में त्यागभावना विकसित होती है। उदारमना लोगों ने दान की मिसाल कायम की है। दरिद्रों को दान देना इसकी सार्थकता है।[31] सात्त्विक दान के विषय में हितोपदेशकार ने कहा है। यथा -

**दातव्यमिति यद्दानं दीयनेऽनुपकारिणे।**
**देशे काले च पात्रे च तद्दानं सात्त्विकं विदुः ॥**[32]

कृपण का धन किसी के काम में नहीं आता है, परन्तु वह धन या तो आग में भस्म हो जाता है या उसकी चोरी हो जाती है या राजा के द्वारा छीन लिया जाता है (हितोपदेश, मित्रलाभ, 175)।

धन की तीन गतियाँ हैं - दान, भोग और नाश। कंजूस के धन की तृतीय गति होती है।[33] प्रियवचन सहित दान की दुर्लभता है। यहाँ दानशीलता का सन्देश प्रसारित है। दया एक प्रकार का मानवीय गुण है, जिसके विषय में बूढ़ा बाघ लोभी ब्राह्मण से कहता है। यथा-

**प्राणा यथाऽऽत्मनोऽभीष्टा भूतानामपि ते तथा।**
**आत्मौपम्येन भूतेषु दयां कुर्वन्ति साधवः ॥**[34]

---

30. पंचतन्त्र, अपरीक्षितकारक, 86
31. हितोपदेश, मित्रलाभ, 11
32. वही, 16
33. वही, 176
34. वही, 12

दयालु पुरुष की प्रशंसा सर्वत्र होती है, क्योंकि वह सभी जन्तुओं का उपकारक होता है। वस्तुतः दया ही धर्म का मूल है, जो करुणा का सम्पोषण करती है। लोककल्याण के लिए दयालुता की अनिवार्यता है।

वर्तमान में अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हुई जनसंख्या नियन्त्रण के प्रति संस्कृत कथासाहित्य लोगों को सावधान तथा सचेत करता है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त परिवार की अपेक्षा व्यक्तिगत परिवार अर्थात् छोटे परिवार को भाग्यशाली माना जाता है। प्राकृतिक संसाधनों की सीमितता तथा रोजगार के अवसरों के अभाव में अनियन्त्रित जनसंख्या का समुचित विकास नहीं हो पाता है। इस परिप्रेक्ष्य में निम्नांकित पद्य द्रष्टव्य हैं-

**परिवारस्य सौभाग्यं यत्र संख्या लघीयसी।**
**विशालपरिवारस्य भरणे पीडितो जनः॥**
**देशेऽपि परिवारेषु जनसंख्यानियन्त्रणात्।**
**संसाधनानि सर्वेषां सुलभान्येव सर्वथा॥**[35]

विद्या (शिक्षा) की संस्कृत वाङ्मय में विशद विवेचना है। वस्तुतः इससे मानव का सर्वांगीण विकास होता है। यही उसे जीवन जीने की कला सिखाती है। हितोपदेशकार ने शस्त्रविद्या की अपेक्षा शास्त्रविद्या को विशेष महत्त्व दिया है।[36] उन्होंने विद्या को अनेक प्रकार के लाभों का मूल माना है-

**विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम्।**
**पात्रत्वाद्धनमाप्नोति, धनाद्धर्मं ततः सुखम्॥**[37]

उन्होंने माता-पिता को अपनी सन्तति को उत्तम शिक्षा देने की सलाह दी है-

---

35. अमृता - तृतीयो भागः (रघुदासस्य लोकबुद्धिः), बी.एस.टी.बी.पी.सी.एल, पाठ्यपुस्तक भवन, बुद्धमार्ग, पटना, सर्व शिक्षा अभियान 2015/16, पृ.सं. - 68
36. हितोपदेश, मित्रलाभ, 7
37. वही, 6

**मातापितृकृताऽभ्यासो गुणितामेति बालकः।**

**न गर्भच्युतिमात्रेण पुत्रो भवति पण्डितः॥**[38]

**माता शत्रुः, पिता वैरी येन बालो न पाठितः।**

**न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा॥**[39]

**रूपयौवनसम्पन्ना, विशालकुलसम्भवाः।**

**विद्याहीना न शोभन्ते, निर्गन्धा इव किंशुकाः॥**[40]

संसर्ग अर्थात् सत्संगति से मानव में दुर्गुणों का नाश तथा सद्गुणों का विकास होता है। इसकी महत्ता के विषय में भर्तृहरि ने कहा है-

**जाड्यं धियो हरति सिंचति वाचि सत्यं,**

**मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति।**

**चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिम्,**

**सत्संगतिः कथय किन्न करोति पुंसाम्॥**[41]

गंगा तट अवस्थित पटना के राजा सुदर्शन अपने पुत्रों की मूर्खता से अत्यन्त ही चिन्तित हैं, अतः एक दिन वे उन्हें विद्वान् बनाने हेतु विद्वानों की एक सभा बुलाते हैं, जहाँ वे उनसे नीतिशास्त्र के उपदेश से अपने पुत्रों को विद्वान् बनाने की बात कहते हैं। उन्होंने उक्त सन्दर्भ में एक दृष्टान्त प्रस्तुत किया है-

**काचः कांचनससर्गाद्धत्ते मारकतीं द्युतिम्।**

**तथा सत्सन्निधानेन मूर्खो याति प्रवीणताम्॥**[42]

---

38. वही, 37
39. वही, 38
40. वही, 39
41. नीतिशतक, 23
42. हितोपदेश, मित्रलाभ, 41

पुनः वे उनसे कहते हैं कि अधमों के संसर्ग से मानव की बुद्धि न्यून हो जाती है, अपने समान बुद्धिवालों के संसर्ग से साधारण हो जाती है तथा श्रेष्ठ जनों के संसर्ग से उत्कृष्ट हो जाती है।[43] जब नीतिशास्त्र के मर्मज्ञ विद्वान् विष्णुशर्मा असम्भव को सम्भव अर्थात् उनके मूर्ख पुत्रों को छः माह के भीतर नीतिकुशल बनाने की बात कहते हैं, तब वे कहते हैं-

**कीटोऽपि सुमनः संगादारोहति सतां शिरः।**
**अस्माऽपि याति देवत्वं महद्भिः सुप्रतिष्ठितः॥**[44]

वर्तमान दूषित परिवेश को स्वच्छ तथा स्वस्थ बनाने हेतु सत्संगति की अनिवार्यता है, क्योंकि मानव की मनोदशा रुग्णता की ओर उन्मुख है। साधुता के संवर्धन में इसकी विशेष भूमिका है।

संसार में मानव को किसी भी कार्य को सम्यक् देखने, जानने, सुनने तथा परीक्षा करने के पश्चात् ही सम्पादित करना चाहिए, अन्यथा वह मुसीबतों के दलदल में फँस जाता है। पंचतन्त्र के अपरीक्षितकारक में नापित के द्वारा सन्यासियों की हत्या के विषय में न्यायाधीश ने कहा है-

**कुदृष्टं, कुपरिज्ञातं, कुश्रुतं, कुपरीक्षितम्।**
**तन्नरेण न कर्त्तव्यं, नापितेनाऽत्र यत्कृतम्॥**[45]

पुनः उन्होंने कहा है -

**अपरीक्ष्य न कर्त्तव्यं, कर्त्तव्यं सुपरीक्षितम्।**
**पश्चाद्भवति सन्तापो, ब्राह्मण्या नकुलाद्यथा॥**[46]

हितोपदेशकार ने उक्त परिप्रेक्ष्य में मंत्री के प्रति राजा के मुँह से कहलवाया है -

---

43. वही, 42
44. वही, 45
45. पंचतन्त्र, अपरीक्षितकारक, 17
46. वही, 18

**सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमां पदम्।**
**वृणुते हि विवृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव सम्पदः ॥**[47]

**निष्कर्ष -** प्रकृत शोधालेख में वर्णित सन्देश वैश्विक समाज के अभ्युदय के लिए संजीवनी का काम करते हैं। वैज्ञानिक उपलब्धि के मनोरंजन के संसाधन (चलभाष, दूरदर्शन, चलचित्र, अन्तर्जाल) तथा पाश्चात्य प्रभाव ने लोगों को कथा से विमुख किया है, फलतः उनमें संस्कार, नैतिकता तथा सदाचार जैसे उदात्त तत्त्व की कमी हो गयी है। इन सन्देशों में कतिपय वैश्विक समस्याओं - आतङ्क, अपहरण, लूट, हिंसा, भ्रष्टाचार, पर्यावरण प्रदूषण एवं चोरी के समाधान के अन्तःसूत्र विद्यमान हैं। इन सन्देशों को आत्मसात् कर मानव समाज खुश, शान्त तथा सुव्यवस्थित हो सकता है। विशेषकर विकसित भारत के अवदान में इन सन्देशों की उपादेयता है। अतः वैश्विक परिवेश की सकारात्मकता हेतु ये सन्देश आचरणीय हैं।

47. हितोपदेश, सन्धि, 104

# अग्निपुराण में नाटक निरूपण

डॉ. भारत कुमार[1], डॉ. पवन कुमार[2]

भूमिका - भारतीय साहित्य और कला में नाट्यशास्त्र का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। नाटक केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह समाज में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने और धर्म व संस्कृति के प्रचार-प्रसार का प्रभावी माध्यम भी है। अग्निपुराण, जो कि अठारह महापुराणों में से एक है, में नाट्यकला के विविध पक्षों का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसमें नाटक की रचना, उसके विभिन्न तत्वों, रस, भाव, अभिनय शैलियों तथा प्रस्तुति संबंधी नियमों को विस्तृत रूप से समझाया गया है।

अग्निपुराण के अनुसार, नाटक केवल कथा-वाचन या अभिनय तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह समाज को शिक्षित और प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। इसमें नाट्य के उद्देश्यों, पात्रों के चरित्र, संवाद शैली, मंचन तकनीकों और रस सिद्धान्त का विश्लेषण किया गया है। इस पुराण में यह भी बताया गया है कि नाटकों का आधार पौराणिक एवं धार्मिक कथाओं पर होना चाहिए, जिससे वे समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना कर सकें।

अग्निपुराण में नाटक केवल एक मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि धार्मिक, नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने और जनसामान्य तक पहुँचाने का एक प्रभावशाली माध्यम है। यह भारतीय नाट्य परंपरा को एक नई दिशा और गहरी अर्थवत्ता प्रदान करता है।

उद्देश्य – हमारे प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में निहित ज्ञान के विषय में परिचय कराना, विशेष रूप में उन ग्रंथों में जिनको कि हम केवल धार्मिक रूप में ही स्वीकार करते हैं अथवा यूँ कहें की विख्यात हैं।

---

1. असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
2. Research associate, HPCU, Dharmshala.

नाटक निरूपण - महर्षि वेदव्यास द्वारा प्रणीत अठारह महापुराणों में अग्निपुराण का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि इसमें भारतीय संस्कृति, धर्म, आचार-विचार और विभिन्न विद्याओं का विस्तृत विवेचन किया गया है। यह पुराण न केवल धार्मिक ग्रंथ है, बल्कि यह ज्ञान, नीति, इतिहास, चिकित्सा, वास्तुशास्त्र, ज्योतिष, आयुर्वेद, नाट्यशास्त्र और धर्मशास्त्र का भी महत्त्वपूर्ण स्रोत माना जाता है। इसमें पुराणों के पाँच प्रमुख लक्षण बताए गए हैं। सृष्टि उत्पत्ति का वर्णन इसमें सृष्टि की उत्पत्ति, ब्रह्मांड की संरचना और सृजन प्रक्रिया का विस्तार से विवरण मिलता है। सृष्टि के विलय का वर्णन प्रलयकाल में सृष्टि के संहार और ब्रह्मांड के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया का विस्तृत वर्णन किया गया है। वंश परंपरा का वर्णन इसमें देवताओं, ऋषियों, राजाओं और महान विभूतियों के वंशों का इतिहास संकलित है। मन्वंतर वर्णन इसमें विभिन्न मन्वंतर, उनके अधिपति मनु और उनकी विशेषताओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया गया है। विशिष्ट व्यक्तियों का चरित्र चित्रण इसमें ऐतिहासिक और पौराणिक महापुरुषों, ऋषियों और अवतारों के जीवन चरित्र का उल्लेख मिलता है।

**सर्गश्चप्रतिसर्गश्च वंशोमन्वन्तराणि च।**
**वंशानुचरितं चैति पुराणं पंचलक्षणम्॥**

अग्निपुराण में पुराणों के पारंपरिक पाँच लक्षणों के साथ-साथ अनेक विषयों का अत्यंत विस्तृत रूप में वर्णन किया गया है, जिससे इसे "ज्ञान का विश्वकोष" कहा जाता है। यह ग्रंथ न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों को समाहित करता है, बल्कि मानव के लौकिक, पारलौकिक और परमार्थिक कल्याण से संबंधित अनेक विद्याओं का भी समुचित वर्णन करता है। इस पुराण में काव्यमीमांसा का विशेष रूप से उल्लेख मिलता है, जिसमें काव्य लक्षण, नाटक सिद्धान्त, रस भेद और अभिनय शास्त्र का गहन विश्लेषण किया गया है।

भारतीय साहित्य में काव्य को दो मुख्य प्रकारों में विभाजित किया गया है— दृश्य और श्रव्य। श्रव्य काव्य के अन्तर्गत महाकाव्य, खंडकाव्य, गीतिकाव्य, आख्यान, आख्यायिका, चंपू आदि आते हैं, जबकि दृश्य काव्य की रचना के साथ-साथ अभिनय

की विभिन्न शैलियों का भी विस्तृत वर्णन किया गया है। अग्निपुराण में नाट्यशास्त्र के अनुसार चार प्रकार के अभिनय (आंगिक, वाचिक, सात्त्विक और आहार्य) की चर्चा की गई है, जिससे नाट्यशास्त्र की व्यापकता और सूक्ष्मता सिद्ध होती है। अग्निपुराणकार ने रूपक (नाट्य) के 27 भेदों को स्वीकार किया है, जिनमें प्रमुख रूप से नाटक, प्रकरण, डिम, इहामृग, समवकार, प्रहसन, व्यायोग, भाण, वीथी, अंग, त्रोटक, नाटिका, सट्टक, शिल्पक, वर्णा, दुर्मल्लिका, प्रस्थान, भाणिका, भाणी, गोष्ठी, हल्लीशका, काव्य, श्रीगदित, नाट्यरासक, रासक, उल्लाप्य तथा प्रेक्षण शामिल हैं।

**नाटकं सप्रकरणं डिम ईहामृगोऽपि वा।**
**ज्ञेयः समवकारश्च भवेत् प्रहसनन्तथा॥**[3]
**व्यायोग भण वीथ्यंक त्रोटकान्यथ नाटिका।**
**सट्टकं शिल्पकः कर्णा एको दुर्मल्लिका तथा॥**[4]
**प्रस्थानं भाणिका भाणी गोष्णी हल्लीशकानिच।**
**काव्यं श्रीगदितं नाट्यरासकं तथा॥**[5]
**ल्लाप्यकं प्रेङक्षणंच सप्तविंशति रेव तत्।**
**सामान्यंच विशेषश्च लक्षणस्य द्वयी गतिः॥**[6]

नाट्यशास्त्र में रूपकों के लक्षणों को दो मुख्य वर्गों में विभाजित किया गया है—सामान्य और विशेष। सामान्य लक्षण वे होते हैं, जो रूपकों के सभी भेदों में समान रूप से विद्यमान रहते हैं, जबकि विशेष लक्षण केवल कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में प्रकट होते हैं। सामान्य लक्षणों की व्यापकता समस्त नाटकीय विधाओं में होती है, जिससे वे नाट्यशास्त्र का मूल आधार बनते हैं।

3. अग्निपुराण – 337/1
4. अग्निपुराण -337/2
5. अग्निपुराण - 337/3
6. अग्निपुराण - 337/4

जब पूर्वरंग (नाटक के आरंभिक भाग) का पूर्ण समारोप होता है, तब देश, काल, रस, भाव, विभाव, अनुभाव, अभिनय, अंक और स्थिति जैसे तत्व सभी रूपकों में समान रूप से पाए जाते हैं, इसलिए इन्हें सामान्य लक्षण माना जाता है। इन लक्षणों की उपस्थिति नाटकीय प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाती है और दर्शकों के लिए सहज अनुभूति का माध्यम बनती है।

महर्षि भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में रूपक के दस भेदों का वर्णन किया है, जो इस प्रकार हैं— नाटक, प्रकरण, अंक, व्यायोग, भाण, समवकार, वीथी, प्रहसन, डिम और ईहामृग। प्रत्येक रूपक का अपना विशेष स्वरूप, उद्देश्य और प्रस्तुति शैली होती है। उदाहरण के लिए, नाटक एक विस्तृत और पूर्ण नाट्य रूप होता है, जबकि प्रहसन हास्यप्रधान लघु नाट्य विधा है। इसी प्रकार, ईहामृग कल्पनाशील कथानकों पर आधारित होता है।

**नाटकमथप्रकरणं भाण व्यायोग समवकार डिमः।**
**ईहामृगांकवीथ्यः प्रहसनमिति रूपकाणि दश।**[7]

अग्निपुराण में नाट्यशास्त्र के विभिन्न भेदों का व्यापक वर्णन मिलता है। इसमें रूपकों के दस मूल भेदों के साथ अतिरिक्त सत्रह भेदों का उल्लेख किया गया है, जिससे इनकी कुल संख्या सत्ताईस हो जाती है। साहित्यदर्पणकार ने इसमें एक और भेद विलासिका को जोड़कर इसकी संख्या अट्ठाईस कर दी है। उन्होंने प्रारंभिक दस भेदों को रूपक तथा शेष को उपरूपक की संज्ञा प्रदान की है, जिससे नाट्यशास्त्र का स्वरूप और अधिक विस्तृत हो जाता है।

अग्निपुराण में उल्लिखित "कर्णा" नामक नाट्यभेद को आचार्य विश्वनाथ ने "प्रकरणी" के रूप में स्वीकार किया है, जबकि "भाणी" को उन्होंने "संलापक" कहा है। यह दर्शाता है कि समय के साथ नाट्यशास्त्र में विभिन्न नामों और व्याख्याओं के आधार पर कई मत प्रचलित हुए।

7. नाट्यशास्त्र - 18/2

अग्निपुराणकार के अनुसार, नाटक केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि धर्म, अर्थ और काम का भी साधक है। नाटक के माध्यम से व्यक्ति में नैतिकता, सद्गुण और समाजोपयोगी संस्कारों का विकास किया जाता है। अग्निपुराणकार ने नाटक की संरचना को विधिपूर्वक सम्पन्न करने के लिए पूर्वरंग को अनिवार्य माना है। पूर्वरंग नाटक के प्रारंभिक भाग का महत्त्वपूर्ण तत्व है, जिसमें नाट्यकला की मूलभूत संरचना का निर्धारण किया जाता है। अग्निपुराणकार ने पूर्वरंग में नांदी सहित कुल बाईस अंगों की संकल्पना प्रस्तुत की है, जो नाटक को संपूर्णता प्रदान करने में सहायक होते हैं।

**त्रिवर्गसाधनन्नाट्यमित्याहुः कारणं च यत्।**[8]

अग्निपुराण में नाट्यशास्त्र के विभिन्न भेदों का व्यापक वर्णन मिलता है। इसमें रूपकों के दस मूल भेदों के साथ अतिरिक्त सत्रह भेदों का उल्लेख किया गया है, जिससे इनकी कुल संख्या सत्ताईस हो जाती है। साहित्यदर्पणकार ने इसमें एक और भेद विलासिका को जोड़कर इसकी संख्या अट्ठाईस कर दी है। उन्होंने प्रारंभिक दस भेदों को रूपक तथा शेष को उपरूपक की संज्ञा प्रदान की है, जिससे नाट्यशास्त्र का स्वरूप और अधिक विस्तृत हो जाता है। अग्निपुराण में उल्लिखित "कर्णा" नामक नाट्यभेद को आचार्य विश्वनाथ ने "प्रकरणी" के रूप में स्वीकार किया है, जबकि "भाणी" को उन्होंने "संलापक" कहा है। यह दर्शाता है कि समय के साथ नाट्यशास्त्र में विभिन्न नामों और व्याख्याओं के आधार पर कई मत प्रचलित हुए।

अग्निपुराणकार के अनुसार, नाटक केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि धर्म, अर्थ और काम का भी साधक है। नाटक के माध्यम से व्यक्ति में नैतिकता, सद्गुण और समाजोपयोगी संस्कारों का विकास किया जाता है। अग्निपुराणकार ने नाटक की संरचना को विधिपूर्वक सम्पन्न करने के लिए पूर्वरंग को अनिवार्य माना है। पूर्वरंग नाटक के प्रारंभिक भाग का महत्त्वपूर्ण तत्व है, जिसमें नाट्यकला की मूलभूत संरचना का निर्धारण किया जाता है। अग्निपुराणकार ने पूर्वरंग में नांदी सहित कुल बाईस अंगों की संकल्पना प्रस्तुत की है, जो नाटक को संपूर्णता प्रदान करने में सहायक होते हैं।

---

8. अग्निपुराण - 337/7

इस प्रकार, अग्निपुराण नाट्यशास्त्र के गहन अध्ययन का उत्कृष्ट स्रोत है, जिसमें नाट्य के विभिन्न रूपों और उनकी प्रस्तुति के विस्तृत नियमों का उल्लेख किया गया है। देवताओं को नमन, गुरुजनों की प्रशस्ति, ब्राह्मण और राजा आदि के आशीर्वाद नान्दी कहलाता है। नान्दीपाठ के अनन्तर यह लिखा जाता है कि 'नान्द्यन्ते सूत्रधारः' कि नान्दी पाठ के बाद सूत्रधार का प्रवेश इसमें कवि कि पूर्व परम्परा, वंश प्रशंसा, पौरुष तथा काव्य सम्बन्ध और प्रयोजन इन पांच विषयों का निर्देश किया गया है तथा नाटकों में नान्दीपाद का सर्वप्रथम विधान भरत मुनि ने नाटयशास्त्र में किया है।

भारतीय नाट्यशास्त्र में नान्दी का विशेष स्थान है। यह नाटक के प्रारंभिक अंश में आने वाला एक महत्त्वपूर्ण तत्व है, जो देवताओं को नमन, गुरुजनों की प्रशस्ति, ब्राह्मण, राजा तथा श्रेष्ठ व्यक्तियों के आशीर्वाद का सूचक होता है। नान्दीपाठ के अनंतर यह संकेत दिया जाता है कि "नान्द्यन्ते सूत्रधारः", अर्थात नान्दी के समाप्त होने के पश्चात् सूत्रधार का मंच पर प्रवेश होता है। यह नाटकीय प्रस्तुति की शुरुआत का संकेत देता है और नाटक की सफलता के लिए मंगलकारी माना जाता है। नान्दीपाठ में पांच प्रमुख विषयों का उल्लेख किया जाता है:

1. कवि की पूर्व परंपरा – जिसमें नाटककार की काव्य परंपरा और गुरु-शिष्य परंपरा का उल्लेख किया जाता है।
2. वंश प्रशंसा – इसमें नाटककार अपने वंश अथवा राजा और संरक्षक की प्रशंसा करता है।
3. पौरुष – इसमें वीरता, धर्म, नीति तथा पुरुषार्थ का गुणगान किया जाता है।
4. काव्य सम्बन्ध – इसमें काव्य की श्रेष्ठता और उसकी उद्देश्यपरकता को दर्शाया जाता है।
5. प्रयोजन – इसमें नाटक के उद्देश्य का उल्लेख किया जाता है, जिससे दर्शकों को यह स्पष्ट हो कि नाटक किस भावना से प्रेरित है।

नाट्यशास्त्र के आचार्य भरतमुनि ने सर्वप्रथम नाटकों में नान्दीपाद का विधान किया। उनके अनुसार, नान्दी का मुख्य उद्देश्य नाटक के लिए अनुकूल वातावरण बनाना और उसे दैवीय कृपा द्वारा सफल बनाना है। इसके माध्यम से नाटककार अपने काव्य और प्रस्तुति को दैवीय आशीर्वाद से सम्पन्न करने का प्रयास करता है। नान्दी का प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और कलात्मक भी है। यह न केवल नाटक के शुभारंभ का संकेत देता है, बल्कि उसमें निहित आदर्शों, मूल्यों और परंपराओं का भी द्योतक होता है। नान्दी पाठ के माध्यम से नाटककार दर्शकों को यह संदेश देता है कि नाटक केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाजोपयोगी शिक्षा और नैतिक मूल्यों के प्रसार का माध्यम भी है।

**नान्दीकृतामया पूर्वमाशीर्वचनसंयुता।**
**अष्टांगदसंयुता विचित्रा देव सम्मता॥**[9]

नटी, विदूषक और पारिपार्श्वक सूत्रधार के साथ मिलकर अपने कार्य से संबंधित विषय को प्रस्तुत करने के लिए विचित्र वाक्यों के माध्यम से परस्पर संवाद करते हैं। विद्वान इसे आमुख मानते हैं, जिसे प्रस्तावना भी कहा जाता है।

**संहिता सूत्रधरेण संलापं यत्र कुर्वते।**
**चित्रर्वाक्यैः स्वकार्योत्थैः प्रस्तुताक्षेपिभिर्मिथः॥**
**आमुखं तत्तु विज्ञेयः बुधैः प्रस्तावनापि सा।**[10]

आमुख (प्रस्तावना) के तीन भेद माने हैं- प्रवृत्तक, कथोद्धात, प्रयोगातिशय। सूत्रधार जब उपस्थित काल का वर्णन करता है, तब इसका पात्र प्रवेश 'प्रवृत्तक' कहलाता है। जिस समय सूत्रधर एक प्रयोग में दूसरे का वर्णन करता है। उस समय यदि पात्र वहां प्रवेश करे तो उसका प्रयोगातिशय कहते हैं, जब पात्र सूत्रधर के वाक्य अथवा वाक्यार्थ का ग्रहण करके प्रवेश करता है उसे कथोद्धात कहते हैं।

---

9. नाट्यशास्त्र 1/
10. अग्निपुराण - 337/12

**तदाश्रयश्च पात्रस्य प्रवेशस्तत् प्रवर्त्तकम्।**

**सूत्रधारस्य वाक्यं वा पत्र वाक्यार्थमेव वा ।।**[11]

**गृहीत्वा प्रविशेत् पात्रं कथोद्घातः स उच्यते ।**[12]

**प्रयोगेषु प्रयनोगन्तु सूत्रघृग् यत्र वर्णयेत्।।**

**ततश्च प्रविशेत् पात्रं प्रयोगतिशयो हि सः ।।**[13]

साहित्यदर्पणकार ने अग्निपुराण के संहिता सूत्रधारेण से लेकर प्रस्तावनाििप सा तक की पंक्तियों को अपने ग्रन्थ में अविकल रूप से उद्धृत किया है, अग्निपुराण में वर्णित प्रस्तावना के तीन भेदों के साथ दो भेदों उद्घातक और अवलगित जोड़कर पाँच भेद स्वीकार किए हैं।

**उद्घात्य कः कथोद्घातः प्रयोगातिशयस्तथा।**

**प्रवर्तकावलगिते पंच प्रस्तावनाभिदाः ।।**[14]

अग्निपुराणकार ने इतिवृत (इतिहास) को नाटकादि का शरीर माना है।

**शरीरं नाटकादीनां इतिवृत्तं प्रचक्षते ।**[15]

तथा इसके भी दो भेद बताए गए हैं - सिद्ध और उत्प्रेक्षित। जो शास्त्रों में वर्णित हो, वह सिद्ध कहलाता है, तथा जो कल्पना की उपज हो, वह उत्प्रेक्षित माना जाता है।

**सिद्धमागमदृष्टश्च सृष्टमुत्प्रेक्षित कवेः ।**[16]

अग्निपुराण में पाँच प्रकार की अर्थ प्रकृतियों का विधान किया गया है, जो इस प्रकार हैं- बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी और कार्य। ये पाँचों अर्थ प्रकृतियाँ प्रयोजन-सिद्धि

11. अग्निपुराण - 337/15
12. अग्निपुराण - 337/16
13. अग्निपुराण - 337/17
14. साहित्य दर्पण - 6/33
15. अग्निपुराण - 337/17
16. अग्निपुराण - 37/18

हेतु मानी गई हैं। साहित्यदर्पणकार ने भी इन पाँच अर्थ प्रकृतियों को यथावत् ग्रहण किया है।

**बीजं बिन्दु पताका च प्रकरी कार्यमेव च।**

**अर्थ प्रकृतयः पंच ज्ञात्वा योज्या यथाविधि॥**[17]

अग्निपुराण में चेष्टा को पाँच प्रकार का माना गया है-

प्रारम्भ, प्रयत्न, प्राप्ति, सद्भाव, नियतफलप्राप्ति और फलयोग।

**प्रारम्भश्च प्रयत्नश्च प्राप्ति सद्भाव एव च।**

**नियता च फलप्राप्तिः फलयोगश्च पंचमः॥**[18]

नाटक में क्रमशः पाँच प्रकार की संधियाँ मानी गई हैं-

मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श और निर्वहण।

**मुखं प्रतिमुखं गर्भो विमर्शश्च तथैव च।**

**तथा निर्वहणंचेति क्रमात् पंचेव सन्धयः॥**[19]

साहित्यदर्पणकार ने निर्वहण के स्थान पर उपसंहति सन्धि का उल्लेख किया है।

**मुखं प्रतिमुखं गर्भो विमर्श उपसंहृतिः।**

**इति पंचास्य भेदाः स्युः क्रमाल्लक्षणमुच्यते॥**[20]

अतः यह स्पष्ट है कि अग्निपुराण केवल धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विविध भारतीय विद्याओं का समावेश है। इसमें नाट्य, काव्य, राजनीति, आयुर्वेद, ज्योतिष, वास्तुशास्त्र और युद्धनीति जैसे अनेक विषयों का विस्तृत विवेचन मिलता है। विशेष रूप से नाट्यशास्त्र के अन्तर्गत रूपक, उपरूपक, रस,

---

17. अग्निपुराण - 337/19
18. अग्निपुराण - 337/20
19. अग्निपुराण - 337/20
20. साहित्य दर्पण - 6/64

भाव, अभिनय, संधियाँ और अर्थ प्रकृतियाँ आदि का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया गया है, जिससे यह ग्रंथ केवल धार्मिक ग्रंथ न होकर एक व्यापक सांस्कृतिक ग्रंथ का रूप धारण कर लेता है।

इसके सिद्धांतों को भामह, वामन और विश्वनाथ जैसे काव्यशास्त्रियों ने भी स्वीकार किया, जिससे इसकी प्रमाणिकता और प्रभाव स्पष्ट होता है। यह ग्रंथ नाट्यकला की जटिल अवधारणाओं को सरल रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे यह साहित्य और नाटक के क्षेत्र में भी विशेष स्थान रखता है। इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए इसे केवल पौराणिक कथाओं का संकलन नहीं माना जा सकता, बल्कि यह एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें भारतीय संस्कृति, परंपरा और ज्ञान-विज्ञान का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। इस समग्रता के कारण अग्निपुराण को एक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ माना जाता है, जो भारतीय विद्या का विशाल कोष होने के कारण 'विश्वकोश' कहलाने योग्य है।

# उपनिषदों में वर्णित वर्णाश्रम व्यवस्था का स्वरूप

डॉ. रिन्कू[1]

उपनिषद् वैदिक साहित्य के अन्तर्गत आते हैं। इसी में वेद, वेदांग, ब्राह्मण, आरण्यक और दर्शन आते हैं। उपनिषदों को अध्यात्म विद्या के आदि स्रोत माना गया है। दार्शनिक वांग्मय में उपनिषदों का अद्वितीय स्थान है। सदेर्धातोर्विशरण गत्यवसादनार्थ स्योपनि पूर्वस्य क्विप्प्रत्ययान्तस्य रूपमुपनिषदिति ॥[2] अर्थात् विशरण, गति और अवसादन इन तीनों अर्थों वाली तथा 'उप' और 'नि' उपसर्ग पूर्वक एवं क्विप प्रत्यान्त सद् धातु का उपनिषद् यह रूप बनता है। यह वह ज्ञान है जो गुप्त रहस्य है। उपनिषद् शब्द में सद् धातु के अनेक अर्थ है विशरण (विनाश), गति (ज्ञान और प्राप्ति), अवसादन (शिथिल समाप्ति)- इन सभी अर्थो का संगतिकरण उपनिषद् शब्द के साथ होता है। उपनिषद् वह विद्या है जो अविद्या का नाश कर ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति कराती है।[3] अन्य प्रकार से व्युत्पत्ति करने पर उप एवं नि उपसर्गों से युक्त सद् धातु 'बैठने' अर्थ में प्रयुक्त की जाती है। इस प्रकार उपनिषद् का अर्थ हुआ ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु के समीप बैठना। अनेक विद्वानों ने भिन्न-भिन्न प्रकार से व्युत्पत्ति कर उपनिषद शब्द के कई अर्थ निकाले हैं। हमारे जितने भी दर्शन हैं इनके मूल में आधारशिला के रूप में उपनिषद् ही प्रतिष्ठित है।[4]

**वर्णव्यवस्था का स्वरूप-** श्रुतियाँ वैदिक ग्रन्थों स्मृति पुराणों में वर्णों की उत्पत्ति का वर्णन मिलता है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में बताया गया है कि-

**ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः।**
**ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत॥**

---

1. आईसीएसएसआर पोस्ट डॉक्टोरल फेलो. 2023-25
2. कठोपनिषद् शां.भा., पृ. 12
3. कल्याण उपनिषद् अंक पृ.14
4. वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, बलदेव उपाध्याय पृ. 253

अर्थात् पुरुष से चार वर्णों की उत्पत्ति बताई गई है। ये चार वर्ण ही पुरुष के चार अंग माने गए हैं। ब्राह्मण की उत्पत्ति मुख से क्षत्रिय की बाहू से तथा वैश्य की दोनों जंघाओं से तथा शूद्र की दोनों पैरों से उत्पत्ति बताई गई है। इस प्रकार छः ऋतुएं तथा चारों वेदों की उत्पत्ति भी उसी पुरुष से ही मानी है। ब्राह्मण के लिए वेद मंत्रो में ब्रह्म शब्द का प्रयोग हुआ है। अथर्ववेद में ब्रह्म शब्द स्तुति और शक्ति के बोधन माने गए हैं।

वास्तव में वर्ण व्यवस्था का मतलब क्या है? इन विचारों के बारे में हमारी धारणा बहुत कच्ची है। हमने अक्सर विभिन्न जातियों के बारे में सुना है, जिन्हें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र आदि के नाम से जाना जाता है। जबकि मूल रूप से यह पूरी तरह से तर्कसंगत, वैज्ञानिक, सामाजिक मूल्यों का अवैयक्तिक चिंतन था, धीरे-धीरे यह एक प्रकार की भावनात्मक सोच में बदल गया है। विशेषाधिकारों का विनियोग और एक अप्रिय प्रणाली बन गया है।

व्याकरणिक दृष्टि से 'वर्ण' का वास्तविक अर्थ रंग नहीं है। इसका अर्थ वह रंग है जो दार्शनिक या आध्यात्मिक रूप से प्रकृति के तथाकथित गुणों- सत्व, रजस् और तमस् को जिम्मेदार ठहराया जाता है। प्रकृति के ये तीन गुण रंगों के आधार पर नहीं हैं। इसका अर्थ त्वचा का रंग नहीं है, जैसा कि कभी-कभी गलत तरीके से सोचा जाता है। यह किसी विशेष व्यक्ति में कुछ हद तक प्रबल सम्पत्ति का रंग है- किसी व्यक्ति में कितना सत्व, कितना रजस्, कितना तमस् है। कोई भी पूर्ण सात्विक, पूर्ण राजसिक या पूर्ण तामसिक नहीं है। यह विभिन्न व्यक्तियों में प्रत्येक गुण का कुछ प्रतिशत विभिन्न अनुपात में होता है।

जिन व्यक्तियों में अधिकतम मात्रा में सत्त्व गुण होता है, वे ऐसे व्यक्ति होते हैं जो मुख्य रूप से राजसिक या तामसिक लोगों की तुलना में चीजों के बारे में बेहतर सोच सकते हैं। यही स्थिति अन्य गुणों रजस् और तमस् के साथ भी है। राजस् में हर चीज को सक्रिय करने की प्रवृत्ति होती है और ऊर्जावान गति की ओर रुझान होता है। तमस् बहुत भारी, सघन और स्थिर है। यह रजस् की तरह नहीं चलता और सत्त्व की तरह सोच नहीं सकता।

**ब्राह्मण-** चारों वर्णों में ब्राह्मण को मुख्य इसलिए कहा गया है कि समाज में वह विद्या और ज्ञान की व्यवस्था कर सके। वैदिक युग से ही ब्राह्मण और विद्या का घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। ब्राह्मण ब्रह्मविद्या के ही ज्ञाता माने जाते है। मनुस्मृति और याज्ञवल्क्य स्मृति में ब्राह्मणों के लिए वेदों के अध्ययन पर विशेष बल दिया गया है।

**क्षत्रिय-** क्षत्रिय को भुजा कहा गया है। भुजाएं शक्ति का प्रतीक है। शतपथ ब्राह्मण में युद्ध उसका बल कहा गया है, इसलिए शतपथ ब्राह्मण में क्षत्रिय का बलि शब्द से उल्लेख है। क्षत्रिय का कर्तव्य प्रजा को सुव्यवस्थित बनाए रखना था। विद्वानों का आदर-सत्कार करना और न्याय व्यवस्था करना क्षत्रिय के प्रमुख कर्त्तव्य माने गए हैं।

**वैश्य-** पुरुष सूक्त में वैश्य का अर्थ (जंघा) कहा गया है। वैश्य वर्ण समाज में संचालक एवं जीवन रक्षक बताया गया है। तैत्तिरिय ब्राह्मण में वैश्य को साक्षात राष्ट्र कहा गया है। वैश्य के द्वारा सभी वर्णों का निर्वाह बताया गया है।

**इन्दू क्षितिनामस्ति मानुषीणां विशां दैवीनामुत पूर्णणा वा।**[5]

ऋग्वेद में कहा गया है कि इन्दू तुम मानव समूहों तथा देवी समूहों के नेता हो।

**शूद्र-** शूद्र को पैर कहा गया है। शूद्र का विशेष कर्त्तव्य द्विजातियों की सेवा करना और भरण-पोषण माना जाता है। वैदिक समाज में चारों वर्णों के कर्तव्य निश्चित माने गए हैं। चारों वर्ण सुखी सम्पन्न तथा स्वावलम्बी माने गए हैं और इन वर्णों का उद्देश्य राष्ट्र की उन्नति करना माना जाता है।

**उपनिषदों में वर्णव्यवस्था-** उपनिषदों में वर्ण व्यवस्था के स्वरूप को बताया गया है कि यह जन्म पर आधारित न होकर कर्म पर आधारित है। उपनिषदों में कर्म की श्रेष्ठता को स्वीकार किया गया है। छान्दोग्योपनिषद् में क्षत्रियों का विस्तृत विवेचन मिलता है। क्षत्रियों को ज्ञानी पुरुष कहा गया है।[6] मनुष्य कर्मों के अनुसार विभिन्न योनियों को प्राप्त

5. ऋग्वेद संहिता 3/4/2
6. छान्दोग्योपनिषद् 4/4/5

करता है। जो लोग पुण्य कर्म करते हैं, वे दूसरे जन्म में ब्राह्मण अथवा क्षत्रिय या वैश्य कुल में उत्पन्न होते हैं और जो पाप कर्म करते हैं वह निम्न योनियों को प्राप्त करते हैं।[7]

मनुष्य श्रेष्ठ कर्मों के करने पर उत्तम फल प्राप्त करता है अर्थात् पुण्य हो जाता है तथा पाप कर्मों के करने पर पाप का भोगी होता है। उपनिषदों में पुरुष को कामात्मा कहा गया है वह जो कामना करता है, संकल्प के अनुरूप ही करता है तथा कर्म के अनुसार ही फल प्राप्त करता है। इहलोक और परलोक की प्राप्ति मनुष्य के कर्म फल के अनुसार बताई गई है।[8]

**आश्रम व्यवस्था का स्वरूप -** आश्रम को चार भागों में विभाजित किया गया है। वैसे ही वर्ण भी चार हैं। जबकि ये चार वर्ण-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र-मानव समाज की संपूर्ण संरचना के आध्यात्मिक, राजनीतिक, आर्थिक और शारीरिक पहलुओं का गठन करते हैं, आश्रम-ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास पूरी तरह से एक और व्यवस्था का गठन करते हैं, जो है व्यक्तिगत पूर्णता की प्राप्ति की ओर। जब हम इस दुनिया में पैदा होते हैं, तो हम उन कलियों की तरह होते हैं जो अभी तक खिली नहीं हैं। बच्चा दुनिया के प्रभाव को महसूस नहीं कर पाता क्योंकि उसका दिमाग अभी तक बाहरी दुनिया के प्रभाव को ग्रहण करने के लिए पर्याप्त रूप से खुला नहीं है। यह धीरे-धीरे बढ़ता है, व्यावहारिक रूप से एक अशिक्षित शारीरिक व्यक्तित्व के रूप में। शिशु की प्रारंभिक अवस्था में केवल शरीर होता है और कुछ नहीं। मानव शरीर के रूप में प्रकट होने से पहले यह एक प्रकार का आकारहीन पिंड बनकर रह जाता है सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए वहां भौतिकता के अलावा कुछ भी नहीं है। प्रकृति के आदेश से निराकार पिंड को आकार दिया जाता है और वह एक बच्चे का आकार धारण कर लेता है, फिर भी वह एक पौधे की तरह एक भौतिक जीव मात्र बना रहता है। एक नवजात शिशु बिल्कुल एक पौधे की तरह होता है। इसमें जीवन है, इसमें कोई शक नहीं, लेकिन यह

---

7 . वही 5/3/7

8 . बृहदारण्यकोपनिषद् 4/4/5

उतना ही सोच सकता है, जितना एक पौधा या पेड़ सोच सकता है। इसके दिमाग में अधिक गहन तरीके से कार्य करने की कोई क्षमता नहीं है।

चरणों में व्यक्ति के विकास की तुलना कभी-कभी विष्णु के विभिन्न अवतारों - मत्स्य, कूर्म, वराह, आदि से की जा सकती है। इन अवतारों के क्रमिक कथन के पीछे कुछ प्रकार का विकासवादी महत्त्व भी छिपा हुआ है। शैक्षिक प्रक्रिया आश्रम धर्म का रूप लेती है। जिसे आश्रम धर्म कहा जाता है वह स्कूल में शिक्षा की एक प्रक्रिया के अलावा और कुछ नहीं है। अतीत के हमारे महान नायकों ने सम्पूर्ण जीवन को विद्यार्थी काल के रूप में देखा। हम जन्म से मृत्यु तक छात्र हैं। उदाहरण के लिए छांदोग्योपनिषद् में इसका उल्लेख बहुत जोर देकर किया गया है। हमारे जीवन की विभिन्न गतिविधियाँ जीवन नामक शिक्षा के इस विद्यालय में हमारी प्रशिक्षुता का हिस्सा हैं।

जब हम आश्रम धर्म के पहले चरण, अर्थात् ब्रह्मचर्य के बारे में सोचते हैं तो गुरु-शिष्य सम्बन्ध में आता है, जो हमें शारीरिक अनुशासन की आवश्यकता के बारे में बहुत कुछ बताता है। ब्रह्मचारी - वह लड़का जो अभी युवावस्था में है - उसे उस सेवा के माध्यम से पूर्ण प्रकार का शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाता है जो उससे गुरु को प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है। इस अनुशासन के द्वारा, उसे अपने जीवन का दृष्टिकोण दिया जाता है, न कि केवल शरीर को अनुशासित करने का अवसर दिया जाता है। वह जानता है कि उसे दूसरों के सामने और अन्य चीजों के सम्बन्ध में कैसा व्यवहार करना है और शुरुआत में ही उस योगदान के लिए एक प्रकार की जमीन तैयार हो जाती है जो उसे बाद में वयस्क बनने, मानव समाज की एक इकाई बनने पर देना होता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र के रूप में।

**ब्रह्मचर्य आश्रम-** ब्रह्मचर्य आश्रम का अर्थ है श्रेष्ठ आचरण करना ब्रह्मचर्य आश्रम मानव के सफल जीवन के लिए आवश्यक है। इस आश्रम में मनुष्य अध्ययन कार्य करता है, जिसका उद्देश्य भौतिक और आध्यात्मिक विकास करके नैतिक उन्नति करना है। जो मनुष्य अपने इन्द्रियों को वश में करें जो सर्वज्ञाता हो उसका गुरु ब्रह्म हो ब्रह्मचारी

कहलाता है।[9] ब्रह्मचर्य आश्रम में व्यावहारिक ज्ञान का भी अपना महत्त्व बताया गया है। विधि ग्रन्थो की व्यवस्था के अनुसार पुरुषों के लिए ब्रह्मचर्य आश्रम की अवधि 25 और स्त्रियों के लिए 16 वर्ष निश्चित की है।

**गृहस्थाश्रम-** आश्रम धर्म की दूसरी अवस्था का नाम गृहस्थ है, जिसे मनु ने समुद्र की संज्ञा दी है, जैसे सब नदियाँ समुन्द्र में जाकर शरण लेती है, उसी प्रकार सभी आश्रमों में रहने वाले लोग गृहस्थ के यहां आश्रय पाते हैं। इसलिए यह इहलोक और परलोक के सुख प्राप्त करने के इच्छुक लोगों को चाहिए कि वे संसार सागर गृहस्थाश्रम का बली भांति पालन करें। गृहस्थ जीवन का महत्त्व आज भी मानव जीवन में बना है।

**वानप्रस्थ आश्रम-** एक गृहस्थ जब समस्त सांसारिक सुख भोगो से परितृप्त तथा उत्तरदायित्वों को अपने विवाहित पुत्रों को सौंपकर जब ईश्वराधना के लिए एकान्तवास करता है तो उक्त अवस्था को वानप्रस्थ कहते हैं। इस स्थिति में मनुष्य संपूर्ण सांसारिक कामनाओं एवं इच्छाओं से विरत होकर जीवन के शेष भाग को धर्माजन एवं ईश्वराधना में लगाकर दिव्यानुभूति प्राप्त करता है। इस दिव्यानुभूति के कारण वह आत्मानंन्द एवं निःश्रेयस की उन्नातावस्था को अग्रसर होता है।

**सन्यासाश्रम-** यह जीवन की अन्तिम अवस्था है। गीता में विद्वान लोगों ने काम्य कर्मों के त्याग को संन्यास कहा है।

**काम्यानां कर्मणा न्यासं कवयो विदुः।**

**सर्वकर्मफलत्यागं प्राहुस्त्यागं विचक्षणाः।**[10]

स्त्री, पुत्र, धन आदि प्रिय वस्तुओं की प्राप्ति एवं रोग व्याधि कष्ट संकट आदि विपदाओं की निवृत्ति के लिए सम्पन्न किए जाने वाले कर्म जैसे यज्ञ दान तप और उपासना को काम्य कर्म कहा गया है। सन्यासी के लिए इनका परित्याग करना आवश्यक है।

---

9 . गीता 6/14

10 . वही 14/2

**उपनिषदों में आश्रम व्यवस्था-** तैत्तिरीयोपनिषद् में ब्रह्मचर्य की महिमा का प्रतिपादन किया गया है-

**आ मा यन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा। विमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाह।**[11]

इस उपनिषद् में गुरु शिष्य की परम्परा का वर्णन किया गया है कि गुरु यह प्रार्थना करता है कि ब्रह्मचारी छात्र मेरे पास आकर विद्याध्यन करें वह मुझसे दूर न हो।

आश्रमोपनिषद् में ब्रह्मचारी के चार भेद बताए गए हैं।

**तत्र ब्रह्मचारिणश्चतुर्विद्या भवन्ति गायत्रो ब्राहाः प्राजापत्यो बृहननिति।**

ब्रह्मचारी चार प्रकार के होते हैं- गायत्र, ब्राह्मण, प्रजापत्य और बृहण।[12]

**गायत्री-** वह नौसिखिया है जिसका उपनयन संस्कार हुआ है और उसे गायत्रीमत्र सिखाया गया है। उनसे उपनयन के बाद तीन दिनों तक गुड़ और नमक रहित भोजन पर निर्भर रहने की अपेक्षा की जाती है।

**ब्राह्मण-**'ब्राह्मण' वह है जो चारों वेदों को सीखने के लिए 48 वर्षों तक अपने गुरु के घर में रहता है, प्रत्येक वेद के अध्ययन के लिए लगभग बारह वर्षों की आवश्यकता होती है। जो लोग अपने जीवन के 24 वर्ष अपने गुरु के साथ बिताते हैं उन्हें भी ब्राह्मण कहा जाता है।

**प्रजापत्य-** प्रजापत्य वह है जो अपनी पत्नी के प्रति वफादार होता है। जो लोग अपने जीवन के 48 वर्ष अपने गुरु के साथ बिताते हैं उन्हें प्रजापत्य भी कहा जाता है। बृहण वह है जो जीवन भर अपने गुरु के साथ रहता है। उन्हें 'नैष्ठिक' भी कहा जाता है।[13]

छान्दोग्योपनिषद् में ज को ब्रह्मचर्य कहा गया है क्योंकि जो ज्ञात है वह ब्रह्मचर्य के द्वारा ही उसे आत्मज्ञान को प्राप्त करता है।[14] आगे इस उपनिषद् में मौन को भी

---

11 . तैत्तिरीयोपनिषद् 4/2

12 . आश्रमोंपनिषद्

13 . आश्रमोंपनिषद्

14 . छान्दोग्योपनिषद् 8/1

ब्रह्मचर्य कहा गया है। ब्रह्मचर्य द्वारा ही आत्मा को जानकर मनुष्य चिन्तन-मनन करता है तथा नित्य प्रतिदिन सत्य वचनों क हमेशा आचरण करता है।[15]

तैत्तिरीयोपनिषद् में कहा गया है कि अतिथि देव का समुचित सत्कार करना चाहिए। देव ऋण, पितृ ऋण और ऋषि ऋण के शोधन के लिए भी गृहस्थ आश्रम ही एकमात्र आश्रय है। आचार्य आश्रम के विद्यार्थियों को धर्म की शिक्षा देते हैं। सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो स्वाध्याय में प्रमाद न करो।[16] उपनिषदों में वर्णित है जो विद्वान शान्त मन से कर्मों को नियम पूर्वक सम्पादित कर कष्टों को सहन करता हुआ शुद्ध अन्तःकरण से अरण्यवास करता है वह परमेश्वर को प्राप्त करके परमानन्द का अधिकारी होता है।

कठोपनिषद् में कहा गया है कि ज्ञान का अर्जन आचार्य के द्वारा ही होता है।[17] मुण्डकोपनिषद् में वर्णित है छात्रों को विद्याध्ययन के लिए श्रेष्ठ व्यक्तियों, गुरुओं के समीप जाकर ग्रहण करना चाहिए।[18] गृहस्थ व्यक्ति को अध्ययन के साथ-साथ सन्ध्योपासना, ईश्वर स्तुति, गायत्री मन्त्र का जाप भी करना चाहिए।[19]

मुण्डकोपनिषद् में वानप्रस्थ आश्रम का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि वानप्रस्थी वन में वास करते हुए अग्नि को ग्रहण करता है। अग्निहोत्र का कार्य प्रतिदिन चलता रहता है। अग्नि से ही उनकी सुरक्षा होती है। वानप्रस्थी भोजन के रूप में फल कन्द और भिक्षा का अवलम्बन करते हैं।[20]

**तद्य इत्थ विदुर्ये चेमेडरण्ये श्रद्धा तप इत्युपास्ते।**[21]

---

15 . वही 8/5/2
16 . तैत्तिरीयोपनिषद् 11/1
17 . कठोपनिषद् 1/2/8
18 . मुण्डकोपनिषद् 1/2/12
19 . छान्दोग्योपनिषद् 5/24/5
20 . मुण्डकोपनिषद् 1/2/11
21 . छान्दोग्योपनिषद् 5/10/1

इस उपनिषद् में वानप्रस्थी के लिए कहा गया है जो वन में रहते हुए श्रद्धा एवं तपपूर्वक उपासना करता है, वह सभी देवताओं को प्राप्त कर लेता है। छान्दोग्योपनिषद् में आगे कहा गया है कि जब मनुष्य अपनी समस्त कामनाओं को त्याग कर ब्रहम में लीन हो जाता है तब वह मनुष्य उस अमृततत्व (मोक्ष) को प्राप्त कर लेता है।[22]

**निष्कर्ष-** अन्त में हम कह सकते हैं कि उपनिषदों में वर्णाश्रम की विस्तृत व्याख्या मिलती है। जीवन के ये चरण जिन्हें आश्रम कहा जाता है, हमारे व्यक्तित्व को पूर्णता में विकसित करने में सक्षम बनाने की प्रक्रियाएं हैं। जो आत्मज्ञान के उच्चतम रूप में पहुंच जाता है। शुरुआत में हम भौतिक शरीर से बहुत मजबूती से बंधे होते हैं और खुद को इससे मुक्त करना एक कठिन काम है, लेकिन इसका प्रयास किया जाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि शरीर को आवश्यक खाद्य पदार्थ खिलाना है, लेकिन इसे अनुशासित भी रखना है। यह एक बैल की तरह है, जिसकी अगर ठीक से देखभाल न की जाए तो वह जंगली हो सकता है। जबकि शरीर एक जंगली घोड़े या अनुशासनहीन बैल की तरह जंगली बन सकता है, यह एक अच्छा वाहन भी बन सकता है जिस पर हम इस पूरे जीवन की गतिविधि का भार उठा सकते हैं।

हमारी कई तरह की इच्छाएं होती हैं। हम इच्छाओं का एक समूह हैं, और इन इच्छाओं को शान्त करना होगा। आश्रम प्रणाली इच्छाओं को दबाने का नहीं, बल्कि उन्हें उदात्त बनाने का प्रयास करती है। शायद प्रसिद्ध फ्रायड, एडलर और जंग के जन्म से भी पहले भारत के प्राचीन ऋषि सबसे महान मनोविश्लेषक थे। ये प्राचीन ऋषि अच्छी तरह से जानते थे। हालाँकि वे व्यक्ति की ताकतों को इन आधुनिक नामों से नहीं बुलाते थे, लेकिन उन्हें उनकी उपस्थिति का पता था। शायद, वे इसे बेहतर जानते थेय और वे जानते थे कि अगर इन ताकतों पर काबू नहीं पाया गया तो ये कितनी बड़ी तबाही मचा सकती हैं, और ये भी जानते थे कि अगर इनका सही तरीके से उपयोग किया जाए तो ये कितना अच्छा काम कर सकती हैं। तंत्र की ऊर्जाओं का उपयोग दिव्य

22 . वही 1/4/5

ज्ञानोदय के सर्वोच्च उद्देश्य के लिए किया जाना चाहिए। आश्रम धर्म के माध्यम से शिक्षा प्रणाली का यही महान उद्देश्य है।

उपनिषद् हिन्दू दर्शन में पवित्र ग्रन्थों का एक संग्रह है। वास्तविकता, आत्म-साक्षात्कार और मुक्ति की प्रकृति में गहन अन्तर्दृष्टि के साथ समाप्त होता है। वे सभी अस्तित्व की एकता पर जोर देते हैं, यह घोषणा करते हुए कि सच्चा स्व (आत्मान) परम वास्तविकता (ब्रह्म) के समान है। वे सांसारिक इच्छाओं और आसक्तियों के त्याग की वकालत करते है। जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति (मोक्ष) के मार्ग के रूप में ज्ञान, ध्यान और आत्म-साक्षात्कार की खोज करते हैं। उपनिषद् सिखाते हैं कि जीवन का अन्तिम लक्ष्य शरीर और मन की सीमाओं से परे, ब्रह्म के रूप में अपने वास्तविक स्वरूप को महसूस करना और परमात्मा के साथ शाश्वत आनंद और एकता प्राप्त करना है।

# खजुराहो मंदिर समूह में उत्कीर्ण हरिहर मूर्तियों का कलात्मक अध्ययन

डॉ. अखिलेश कुमार[1], डॉ. गौरव सिंह[2]

खजुराहो मंदिर समूह का निर्माण चंदेल राजवंश के द्वारा कराया गया था। जो कि आज न केवल विश्व विरासत स्थल है अपितु भारतीय संस्कृति और कला का बेजोड़ उदाहरण भी है। चंदेल शासकों की धार्मिक समन्वयता की नीति का उदाहरण जहाँ हमें हिन्दू और जैन देवालयों के रूप मे मिलता है वहीं हिन्दू देवालयों पर शैव-वैष्णव-शाक्त सम्प्रदायों के समन्वय भी देखने को मिलते है। शैव-वैष्णव समन्वय का अप्रतिम उदाहरण हरिहर की प्रतिमा के रूप में देखने को मिलता है, जिसका अंकन खजुराहो के अनेक देवालयों पर हुआ है। शैव एवं वैष्णव सम्प्रदायों के प्रतिनिधि देव के रूप में शिव और विष्णु को ब्राह्मण देवकुल में सर्वाधिक प्रतिष्ठा प्राप्त हुई जो इन देवताओं से सम्बन्धित पुराणों एवं अन्य अनेक स्वतंत्र ग्रन्थों की रचना तथा उनकी विविध स्वरूपों वाली मूर्तियों की अपार संख्या से स्पष्ट है। शैव एवं वैष्णव सम्प्रदायों के मध्य सामंजस्य के उद्देश्य से शिव और विष्णु एकाकार कर उनके समन्वय या सम्पृक्त स्वरूप की कल्पना की गयी और उसे हरिहर नाम से अभिहित किया गया। ये मूर्तियाँ सृष्टि के रचना कार्य की ओर संकेत करती हैं जिसमें शिव के वाम भाग में उमा के स्थान पर विष्णु का निरूपण होता है। शिव और विष्णु के इस एकीकृत स्वरूप की पृष्ठभूमि में प्रकृति और पुरुष की अवधारणा विभिन्न पुराणों में इस स्वरूप के सन्दर्भ प्राप्त होता है। इसस सन्दर्भ में वायुपुराण[3] एवं पद्मपुराण[4] में एक समान विवरण प्राप्त होता है। जिसके अनुसार शिव को पुरुष और विष्णु को प्रकृति कहा गया है।

---

1 . एसोशिएट प्रोफेसर, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

2 . असिस्टेंट प्रोफेसर (तदर्थ), प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग, गुरुकुल काँगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार

3. वायु पुराण, 213.21-24

4 . पद्मपुराण, 17.63

भागवतपुराण[5] में समुद्र-मंथन के समय धारण विष्णु के मोहिनी रूप पर मोहित होकर शिव के उनसे प्रेम तथा ऐक्य तथा समीप्य की इच्छा से शिव के विष्णु में समाहित होने का संदर्भ मिलता है। हरिहर स्वरूप की कथात्मक और पारम्परिक पृष्ठभूमि विभिन्न ग्रन्थों में मिलती है। इनमें महाभारत प्रारम्भिक ग्रन्थ है जो शिव और विष्णु के इस काल में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण देवताओं के रूप में प्रतिष्ठित होने के सूचक थे और दोनों के बीच सामंजस्य या ऐक्य तत्कालीन सामाजिक और धार्मिक आवश्यकता थी।[6] महाभारत में इस स्वरूप को हरिरुद्र, मत्स्यपुराण में शिवनारायण तथा अपराजितपृच्छा में कृष्णशंकर नाम दिया गया है।[7] विभिन्न ग्रन्थों में हरिहर स्वरूप के कई अन्य नाम भी मिलते हैं जिनमें हरिशंकर, शिव-केशव, शंकर-नारायण, मुरारीश्वर तथा शूलभृच्छारिंगपाणि मुख्य हैं।

विष्णुधर्मोत्तरपुराण में त्रिशूल तथा पद्म से युक्त हरिहर के दक्षिण पार्श्व में वृषभ और वाम पार्श्व में गरुड वाहन के अंकन का विधान है।[8] मत्स्यपुराण में शिव भाग (दक्षिण) चन्द्रांकित, जटामुकुट, सर्पहार, नागयज्ञोपवीत तथा नाग आभूषणों एवं विष्णु भाग किरीट मुकुट सौम्यदर्शन, रत्न एवं मणियों से आभूषित बताया गया है। शिव के करों में वरदमुद्रा, त्रिशूल और विष्णु के करों में चक्र (या गदा) तथा शंख (या कटक मुद्रा) प्रदर्शित होने के विवरण हैं।[9] अपराजितपृच्छा में शिव को अक्षमाला और त्रिशूल तथा विष्णु को चक्र और चक्र से युक्त बताया गया है।[10] रूपमण्डन में अक्षमाला के स्थान पर वरदमुद्रा और शंख के स्थान पर पद्म का उल्लेख है।[11]

5. भागवतपुराण, 8.13.14-37
6. महाभारत, 3.4.57; 12.343
7. महाभारत, 3.4.50-57; मत्स्यपुराण, 260.27; अप., पृ. 213.28
8. विष्णुधर्मोत्तरपुराण, ई.एच.आई. (द्वितीय संस्करण), खण्ड 2, भाग 2, पृ. 334
9. मत्स्यपुराण, 250.21-27
10. अपराजितपृच्छा, 213.28-29
11. रूपमंडन, 4.30-31

हरिहर मूर्तियों का निर्माण गुप्तकाल से प्रारम्भ हुआ जिसके उदाहरण राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली (672) राजकीय संग्रहालय मथुरा (का. 2510, 1336, 3, 133) एवं अन्य संग्रहालयों में देखे जा सकते हैं। कालान्तर में हरिहर प्रतिमाओं के उदाहरण प्रायः सभी कला केन्द्रों से प्राप्त होते हैं। मध्यकालीन केन्द्रों में ओसियाँ, मोढेरा, भुवनेश्वर के नाम उल्लेखनीय हैं।

खजुराहो की हरिहर मूर्तियों पर पूर्ववर्ती प्रतिहार कला-केन्द्र ओसियाँ की मूर्तियों का प्रभाव किंचित् विकास के साथ दिखाई देता है। खजुराहो में वैष्णव एवं शैव दोनों ही मन्दिरों (लक्ष्मण एवं विश्वनाथ) पर हरिहर मूर्तियों का उकेरन साम्प्रदायिक समन्वय को परिलक्षित करता है। इन मूर्तियों में कालक्रम की दृष्टि से किंचित् विकास भी दिखाई देता है। खजुराहो में अन्य क्षेत्रों (ओसियाँ) की अपेक्षा मुकुट लम्बे हैं। प्रभामण्डल युक्त मूर्ति के परिकर में आयुध पुरुषों, उपासक-उपासिका, चामरधारी एवं चामरधारिणी, चामुण्डा, गणेश, कार्तिकेय, दशावतार स्वरूप तथा ब्रह्मा विष्णु और विश्व आकृतियों का उत्कीर्णन मिलता है। वाहन रूप में कभी नन्दी एवं कभी नन्दी के साथ गरुड का प्रदर्शन मिलता है।

खजुराहो से हरिहर स्वरूप की लगभग 10 मूर्तियाँ मिली हैं जो खजुराहो के मन्दिरों एवं संग्रहालयों में सुरक्षित हैं। इनमें दो-दो मूर्तियों, क्रमशः लक्ष्मण और विश्वनाथ मन्दिरों पर उत्कीर्ण है। अन्य सभी मूर्तियाँ संग्रहालयों में संग्रहित हैं। खजुराहो की सभी हरिहर मूर्तियाँ स्थानक मुद्रा में और चतुर्भुज है। मूर्तियों के परिकर सामान्य संयोजन एवं हरिहर मूर्ति की कल्पना के अनुरूप है जिन्हें खजुराहो की मूर्तियों में अधिक व्यापक रूप से दर्शाया गया है।

खजुराहो के दो प्रारम्भिक उदाहरण लक्ष्मण मन्दिर के दक्षिण-पश्चिम कर्ण-प्रासाद पर उत्कीर्ण हैं। ये दोनों मूर्तियाँ एक ही दिशा (दक्षिण) में आकारित हैं जो मूर्तियों के नियत स्थानांकन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं। दक्षिणी शिखर पर आकारित मूर्ति का बायाँ एक हाथ खण्डित है। जबकि शेष करों में वरद्, त्रिशूल एवं चक्र प्रदर्शित हैं। दक्षिण-पश्चिमी कर्ण-प्रासाद की दक्षिणी जंघा की मूर्ति में यद्यपि चारों भुजाएँ खण्डित हैं। किन्तु

परिकर में नन्दी एवं मानवाकार गरुड की आकृतियाँ और चक्र सुरक्षित हैं। विश्वनाथ मन्दिर की दोनों मूर्तियाँ उत्तरी शिखरों पर उकेरी है। उत्तरी कपिल-शिखर की मूर्ति में परिकर में खटवांगधारी पुरुष तथा पद्मधारी स्त्री आकृतियाँ उकेरी हैं। जबकि उत्तरी मण्डप-शिखर की मूर्ति के परिकर में खटवांगधारी पुरुष के साथ ही चक्र-पुरुष का भी अंकन हुआ है। दोनों ही उदाहरणों में करों में वरद, त्रिशूल, चक्र और शंख प्रदर्शित हैं।

खजुराहो के जार्डिन संग्रहालय में हरिहर मूर्ति के 5 उदाहरण तथा पुरातत्व संग्रहालय में एक उदाहरण है। जार्डिन संग्रहालय (क्रमांक 556) के एक उदाहरण में देवता के करों में सामान्य आयुध (वरद, त्रिशूल, चक्र एवं शंख) एवं परिकर में चार उपासक (दो खड़े तथा दो बैठे) प्रदर्शित हैं। अन्य चार उदाहरणों (क्रमांक 1189, 1184, 1183 तथा 2005) में देवता की सभी भुजाएँ खण्डित हैं। किन्तु इनमें परिकर में दाँयी ओर शिव-परिवार तथा बाँयी ओर विष्णु के दशावतारों का अंकन है।

पुरातत्व संग्रहालय (क्रमांक 558) की हरिहर मूर्ति खजुराहो की अन्य सभी मूर्तियों से सुन्दर है। इस मूर्ति में मुकुट का अंकन सर्वाधिक सुन्दर है जिसमें जटामुकुट में लिपटा सर्प एवं चन्द्र बँकेत हैं विष्णु को किरीट-मुकुट से युक्त बनाया गया है। यह मूर्ति स्थानक मुद्रा में है। मूर्ति का एक हाथ वरद मुद्रा में तथा शेष हाथों में त्रिशूल तथा चक्र और चौथा हाथ खण्डित हो चुका है। मूर्ति की पीठिका पर दोनों तरफ दाहिने शैव तथा बायें वैष्णव देवताओं का अंकन है। परिकर में त्रिशूल पुरुष, खटवांगधारी पुरुष, चामरधारी पुरुष, चक्र पुरुष, चामुण्डा, गणेश, कार्तिकेय, विष्णु की दशावतार मूर्तियाँ तथा ब्रह्मा शिव और विष्णु की आकृतियाँ उकेरी हैं। वाहन रूपों में केवल नंदी का अंकन हुआ है।

हरिहर-पितामह- पुराणों में त्रिदेव का विस्तृत उल्लेख हुआ है। पुराणों के मुख्य आराध्य देव ब्रह्मा, विष्णु और शिव हैं। इन तीनों देवों के कार्यों में भिन्नता होते हुए भी तीनों देवों को एक ही शक्ति का भिन्न रूप स्वीकार किया गया है। इसी भाव के आधार पर पुराणों में त्रिदेववाद का जन्म हुआ। यह स्वरूप सृष्टि के तीन प्रमुख कार्यों (रचना, पालन एवं संहार) से सम्बन्धित ब्राह्मण देवों ब्रह्मा, विष्णु और शिव का संघाट रूप है। पुराण

साहित्य इन तीनों की एकता प्रदर्शित करने में अपनी सार्थकता मानता है। विष्णुपुराण के अनुसार एक ही ईश्वरीय शक्ति तीन गुणों के रूप में स्पष्ट होती है[12] और इस ईश्वरीय शक्ति की सृष्टि करने वाली ब्राह्मी-मूर्ति राजसी, पालन करने वाली, वैष्णवी मूर्ति सात्विकी और संहार करने वाली रौद्री मूर्ति तामसी कहलाती है।[13] श्रीमद्भागवत में योगमाया से अभिव्यक्त अपनी सत्वादि शक्तियों द्वारा ब्रह्मा रचना, पालन, संहार का कार्य करते हैं।

इसी प्रकार वराह एवं वामन पुराणों में तीन देवों के ऐक्य की चर्चा है।[14] मार्कण्डेयपुराण में हरिहरपितामह के जन्म तथा जीवन की कथा का विस्तृत वर्णन है।[15] अपराजितपृच्छा[16] में उल्लेख मिलता है कि हरिहर-पितामह-प्रतिमा एक ही देहवाली और एक ही पीठ पर स्थित होनी चाहिए। यह प्रतिमा षड्भुजी, चतुर्मुखी और समस्त लक्षणों से युक्त होकर अपने दायें हाथों में अक्षमाल, त्रिशूल एवं गदा तथा बायें हाथों में कमण्डलु, खटवांग एवं चक्र धारण किये हो। अपराजितपृच्छा में वर्णित लक्षणों का अनुकरण बाद में सूत्रधार मण्डन ने रूपमण्डन[17] और देवतामूर्तिप्रकरण[18] में किया है। इन दोनों में थोड़े ही अन्तर के साथ प्रतिमा लक्षण निर्दिष्ट है।

इन शिल्पशास्त्रों (अपराजितपृच्छा, देवतामूर्तिप्रकरण और रूपमण्डन) से साम्य रखने वाली प्रतिमायें गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश से मिली हैं। हरिहर-पितामह स्वरूप को व्यक्त करने वाली मूर्तियाँ विभिन्न क्षेत्रों से उपलब्ध हुई है। एक प्रतिमा पेशावर संग्रहालय (लगभग तीसरी शताब्दी ई) में प्रदर्शित है। भोपाल संग्रहालय में

---

12 . विष्णुपुराण, 1.6.35-36
13 . विष्णुधर्मोत्तरपुराण, खण्ड 3, अध्याय 45, श्लोक 2-4
14 . वराहपुराण, 70.71-72
15 . मार्कण्डेयपुराण, 17.6-18
16 . अपराजितपृच्छा, अध्याय 213, श्लोक 30-31
17 . रूपमंडन, अध्याय 4, श्लोक 32-33
18 . देवता मूर्ति प्रकरण, 6.42

प्रदर्शित (10वीं शती ई.) जबलपुर म.प्र. से प्राप्त एक प्रतिमा। पटना संग्रहालय में (10वीं शताब्दी ई.) वाराणसी से प्राप्त एक त्रिमूर्ति (सं.सं. 7.584) प्रमुख हैं। एलोरा की गुफा सं. 27 में शिल्पांकित एक उदाहरण प्राप्त होता है।

खजुराहो के पुरातत्व एवं जार्डिन संग्रहालय की (लगभग 11 वीं शती ई.) दो मूर्तियाँ स्थानक एवं चतुर्भुज है। इन प्रतिमाओं में एक ही पीठ पर अलग-अलग शरीर में ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव का अंकन है। जिसमें देवताओं को अपने-अपने आयुधों से युक्त बनाया गया है। एक प्रतिमा पुरातत्व संग्रहालय (क्रमांक 63) की मूर्ति में ब्रह्मा की आकृति तथा विष्णु एवं शिव के कर खण्डित हैं। विभिन्न अलंकरणों से सज्जित विष्णु एवं शिव के मस्तक के पीछे सुन्दर शिरश्चक्र प्रदर्शित है। पार्श्वों में चक्र एवं त्रिशूल-पुरुषों तथा अनुचर आकृतियों के साथ विष्णु के अवतार स्वरूपों (परशुराम और कल्कि) तथा लक्ष्मी की आकृतियाँ भी बनी हैं।[19] यद्यपि जार्डिन संग्रहालय (क्रमांक 64) की मूर्ति पर्याप्त खण्डित हैं किन्तु करों के आयुध स्पष्ट हैं। जिनमें ब्रह्मा के करों में अभय-मुद्रा, स्रुक, पुस्तक एवं कमण्डलु प्रदर्शित हैं। विष्णु के अवशिष्ट करों में गदा एवं शंख तथा शिव के अवशिष्ट करों में वरदाक्ष, त्रिशूल एवं कमण्डलु का प्रदर्शन हुआ है। विष्णु को दक्षिण पार्श्व में लक्ष्मी तथा वाम पार्श्व में सर्पधारी आकृति का अंकन महत्त्वपूर्ण है। पार्श्वों में अनुचरों के अतिरिक्त भक्त युगल की आकृतियाँ भी बनी हैं।

हरिहर हिरण्यगर्भ - ब्राह्मण धर्म के चार प्रमुख देवों ब्रह्मा, विष्णु, शिव और सूर्य का समन्वित रूप हरिहरहिरण्यगर्भ नाम से जाना जाता है। त्रिमूर्ति की संयुक्त अवधारणा में सूर्य को भी सम्मिलित करने के बाद ऐसी मूर्ति को हरिहरहिरण्यगर्भ नाम से जाना गया। ऐसी मूर्ति को हरिहरहिरण्यगर्भ, हरिहरसूर्यपितामह, हरिहरार्कपितामह और ब्रह्मेशानजनार्दनार्क नामों से भी सम्बोधित किया गया है। इस प्रकार की मूर्ति में चारों देवों के आयुध, वाहन एवं अन्य सामान्य लक्षण संयुक्त रूप से प्रदर्शित किये जाते हैं। त्रैमूर्ति के साथ सूर्य की एकात्मकता का उल्लेख शिल्प शास्त्रों एवं ग्रन्थों भी मिलता है।

19 . अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देव प्रतिमाएँ, आगरा, 1967, पृ. 128, चित्र 60

ग्रन्थों में प्रस्तुत मूर्ति को चतुर्मुख और अष्टभुज बताया गया है। मार्कण्डेयपुराण[20] में ब्रह्मा, विष्णु और शिव के शरीर को सूर्य के समान बताया गया है। इस ग्रन्थ में सूर्य के त्रिधा स्वरूप को ब्रह्मा, विष्णु और शिव का शरीर बताया गया है। स्कन्द, मत्स्य, पद्म, ब्रह्म और भविष्य पुराणों में भी सूर्य के ब्रह्मा, विष्णु और शिवरूप होने का सन्दर्भ मिलता है।[21] इसी प्रकार शारदातिलकतन्त्र के एक पीठ मन्त्र में ब्रह्मा, विष्णु और शिव के साथ सूर्य (सौर) की एकात्मकता का उल्लेख है।[22] गायत्रीमन्त्र में सूर्य को प्रातः ब्रह्मा, अपरान्ह में विष्णु और सायंकाल शिवरूप कहा गया है।[23] सूर्योपनिषद् में सूर्य को ब्रह्मा, विष्णु और रूद्र का रूप माना गया है।[24] तद्रुसार सूर्य से चराचर जीव उत्पन्न होते हैं सूर्य द्वारा इनका पालन होता है।

अपराजितपृच्छा[25] तथा रूपमण्डन[26] जैसे परवर्ती शिल्पशास्त्रों में हरिहरहिरण्यगर्भ नाम से ब्रह्मा, शिव, विष्णु और सूर्य के समन्वित मूर्ति का विस्तृत निरूपण मिलता है। देवतामूर्तिप्रकरण[27] में भी हरिहरहिरण्यगर्भमूर्ति का विस्तृत विवरण उल्लिखित है। हरिहरहिरण्यगर्भ मूर्ति का प्रादुर्भाव मध्ययुग की देन माना जा सकता है। मध्ययुगीन विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त हरिहरहिरण्यगर्भ मूर्तियों के उदाहरण इस स्वरूप की

---

20 . मार्कण्डेयपुराण, 109.71 ब्राह्मी माहेश्वरी चैव वैष्णवी चैव ते तनुः। त्रिधा यस्या स्वरूपन्तु भानोर्भास्वान् प्रसीदतु॥

21 . स्कन्दपुराण, ब्रह्मा खण्ड, धर्मारण्य महात्म्य, अध्याय 5; मत्स्यपुराण, 42.23; ब्रह्मपुराण, 33.11; तिवारी, रामजी, दी भविष्यपुराण : ए स्टडी, गोरखपुर, 1986, पृ. 82

22 . शारदातिलक तन्त्र, 14.41-42

23 . शास्त्री, गंगा सहाय, "भगवान भुवन भाष्कर और गायत्री मन्त्र", कल्याण, सूर्य अंक, अंक-38, दिसम्बर, 1986, पृ. 386

24 . त्वमेव प्रत्यक्षं रूद्रोऽसि। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वमेव प्रत्यक्ष विष्णुरसि सूर्योपनिषद। उद्धृत - शास्त्री, जगदीश, उपनिषत्संग्रहः, दिल्ली, 1980, पृ. 509

25 . अपराजित पृच्छा, 213.32-34

26 . रूपमंडन, 6.44-46

27 . देवता मूर्ति प्रकरण, 6.44-46

लोकप्रियता के प्रमाण हैं। इन मूर्तियों के उदाहरण मुख्यतया उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान से प्राप्त होते हैं। प्राप्त सभी प्रतिमायें अपराजितपृच्छा के नियमों से साम्य रखती हैं। अपराजितपृच्छा में चतुर्मुखी और अष्टभुजी हरिहरहिरण्यगर्भ प्रतिमा के करों में पद्म (दो में), खटवांग, त्रिशूल, शंख, चक्र, कमण्डलु और अक्षमाला के प्रदर्शन का विधान है।[28]

हरिहरहिरण्यगर्भ प्रतिमायें ओसिया, लिम्बोजीमाता मन्दिर, चिदम्बरम के नटराज मन्दिर, मोढेरा, सारनाथ, किराडु, झालरापाटन, चाँदपुर, मार्कण्डा मन्दिर, चाँदा (महाराष्ट्र), देलमाल (गुजरात) आदि स्थलों से प्राप्त हुई हैं। खजुराहो से हरिहरहिरण्यगर्भ मूर्तियों के 6 उदाहरण प्राप्त हुए हैं।[29] ये मूर्तियाँ मुख्यतः लक्ष्मण, विश्वनाथ, चित्रगुप्त जवारी तथा दुलादेव मन्दिरों पर उत्कीर्ण हैं। इनके अतिरिक्त कुछ उदाहरण स्थानीय संग्रहालयों में भी उपलब्ध हैं। खजुराहो की मूर्तियाँ मन्दिरों के पूर्वी एवं पश्चिमी भागों में ही आकारित हैं जो कि इस केन्द्र पर उनके (मूर्तियों) नियत स्थान पर रूपांकित किये जाने का संकेत देती हैं। यह तथ्य सूर्य के उदय और अस्त की दिशाओं से भी सम्बन्धित प्रतीत होता है। खजुराहो की सभी मूर्तियाँ त्रिमुख हैं। जिनमें केन्द्रीय मुख सूर्य तथा विष्णु के समन्वय का सूचक है। केन्द्रीय मस्तक पर किरीट-मुकुट तथा पार्श्ववर्ती मस्तकों (ब्रह्मा एवं शिव) पर जटाजूट प्रदर्शित है। खजुराहो की शैली के अनुरूप देवता का मुकुट लम्बा है। उदीच्यवेशधारी (वर्म एवं उपानह), एक शरीर देवता को सर्वाभूषणलंकृत (कुण्डल, हार, ग्रैवेयक, अंगद, कवच, अव्यंग, वनमाला, यज्ञोपवीत एवं श्रीवत्स) दिखाया गया है। जो इस स्वरूप में सूर्य की केन्द्रीय स्थिति का परिचायक है और सूर्य के साथ त्रिदेवों की एकात्मकता के वैदिक भाव के अनुरूप है। खजुराहो की प्रारंभिक मूर्ति लक्ष्मण मंदिर के दक्षिण-पूर्वी कर्ण प्रासाद का पूर्वी जंघा पर आकारित है।[30] पद्मपीठ पर समभंग मुद्रा में उत्कीर्ण मूर्ति सामान्य कोटि की है। देवता

28 . अपराजित पृच्छा, 213.32-34

29 . चतुर्वेदी, श्रीनारायण, सूर्योपासना और ग्वालियर का विवस्वान मंदिर, दिल्ली, 1990, पृ. 61

30 . अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देव प्रतिमाएँ, आगरा, 1967, पृ. 178, चित्र सं. 81

के पार्श्वों में दण्ड तथा पिंगल एवं चरणों के मध्य भू-देवी (महाश्वेता) की आसीन मूर्ति बनी है। इस उदाहरण में देवता के एक हाथ में विष्णु के आयुध चक्र के स्थान पर वरद-मुद्रा प्रदर्शित है। शेष करों में सामान्य आयुध है। विश्वनाथ मंदिर के शिखर की पश्चिमी भद्ररथिका पर उत्कीर्ण मूर्ति सामान्य विवरण युक्त है। किन्तु इसमें महाश्वेता और द्वारपालों के अतिरिक्त परिकर में सूर्य की शक्तियाँ, चामरधारिणी राज्ञी एवं निक्षुभा, अश्विनी द्वय, दण्ड-पिंगल तथा कई अन्य आकृतियाँ उत्कीर्ण है। जवारी मंदिर के पश्चिमी जंघा के अधः भद्र रथिका पर उत्कीर्ण मूर्ति उपर्युक्त मूर्ति से साम्य रखती है।[31] किन्तु इनमें राज्ञी-निक्षुभा के स्थान पर उषा-प्रत्युषा का उकेरन हैं देवता के दक्षिण पार्श्व में वाहन नन्दी की आकृति बनी है। चित्रगुप्त मंदिर के पश्चिमी जंघा के भद्र-रथिका पर आकीर्ण स्थानक मूर्ति परिकर आकृतियों की दृष्टि से उल्लेखनीय है।[32] जिसमें महाश्वेता, दण्ड, पिंगल, अश्विनीद्वय, राज्ञी-निक्षुभा, उषा-प्रत्युषा की आकृतियों के साथ ही प्रभामण्डल में ब्रह्मा एवं शिव की आकृतियाँ भी आकीर्ण है।

समग्रत: कहा जा सकता है कि हरिहर प्रतिमा शिव और विष्णु के सम्मिलित रूप को दर्शाती है, जो शैव और वैष्णव परंपराओं के सामंजस्य का प्रतीक है। इन प्रतिमाओं में आधा भाग शिव का और आधा भाग विष्णु का होता है, जो भारतीय धार्मिक समन्वयवाद और सहिष्णुता को दर्शाता है। यह मूर्तियाँ धार्मिक सम्प्रदायों के मध्य सन्तुलन स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होती हैं, जिससे समाज में एकता और समरसता बनी रहे। खजुराहो मंदिर समूह में उत्कीर्ण हरिहर प्रतिमाएँ भारतीय धार्मिक एकता, सौंदर्यबोध और मूर्तिकला की उच्चतम अवस्था को दर्शाती हैं। ये मूर्तियाँ शैव एवं वैष्णव सम्प्रदायों के बीच सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करती हैं और तत्कालीन समाज की समन्वयवादी प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करती हैं।

---

31 . वही

32 . अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देव प्रतिमाएँ, आगरा, 1967, पृ. 179, चि सं. 8; चतुर्वेदी, श्रीनारायण, पू.नि., पृ. 34

# आधुनिक युग में श्रीमद्भागवत की नैतिक शिक्षा की प्रासंगिकता

डॉ. सीता जुयाल[1], श्री मुकेश सिंह नेगी[2]

**धर्म आचरितः पुंसां वाङ्मनः कायबुद्धिभिः।**

**लोकान् विशोकान् वितरत्यथानन्त्यमसंङ्गम्॥** [3]

जो पुरुष धर्म का आचरण करते हैं, उनके वचन, मन, शरीर और बुद्धि से समस्त जनों को सुख और शान्ति प्रदान होती है। नैतिक शिक्षा में धर्म का आचरण करने का महत्त्व बताया गया है। इस श्लोक में भगवान कृष्णने अर्जुन को बताया है कि धर्म ही व्यक्ति को सर्वोपरि बनाता है।

शिक्षा व्यक्तित्व विकास का सर्वोत्तम माध्यम है। शिक्षा वह धुरी है जिस पर देश, समय और वातावरण के अनुसार परिवर्तन का पहिया घूमता रहता है। प्राचीन काल में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बालक के मन में पवित्रता और धार्मिक जीवन की भावना का विकास करना था और नैतिक भावनाओं का विकास कर चरित्र निर्माण करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जाता था। इसका उद्देश्य जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्ति प्राप्त करना था। लेकिन समय के साथ शिक्षा के उद्देश्य बदलते गए। आधुनिक युग में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी, गरीबी और संकीर्ण सोच से मुक्त होकर प्रतिदिन प्रगतिशील विचारधारा की ओर अग्रसर होना है। सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक वातावरण का प्रभाव व्यक्ति के जीवन में सीधे तौर पर दिखाई देता है। जैसे शिक्षा बालक के सभी पहलुओं का विकास करती है और उसे ज्ञानवान, गुणी, तेजस्वी और निडर बनाती है, वैसे ही शिक्षा समाज और देश की प्रगति की दिशा में सबसे महत्त्वपूर्ण साधन है। मूल्यों के साथ शिक्षा व्यक्ति को हमेशा बुराइयों से दूर रखती है और उसे एक गुणवान व्यक्तित्व बनने की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता करती है। महर्षि वेदव्यास के अनुसार,

1 . प्राचार्या, माया देवी विश्वविद्यालय, उत्तराखंड, सेलाकुई, देहरादून

2 . सहायक प्राध्यापक, माया देवी विश्वविद्यालय, उत्तराखंड, सेलाकुई, देहरादून

3. महाभारतए शांति पर्वए युधिष्ठिर भीष्म संवाद (अध्याय109ए 10वां श्लोक)

श्रीमद्भागवत महापुराण सार्वभौमिक, शाश्वत और सार्वकालिक ज्ञान का अद्वितीय भंडार है। श्रीमद् भागवत में परंपरा अनुसार बच्चों का 8 वर्ष की आयु में उपनयन संस्कार होता है तथा इसी समय उन्हें योग के विभिन्न अंगों से भी परिचित कराया जाता है। वैज्ञानिकों का भी मत है कि बालक के शारीरिक और मानसिक विकास में आठवां वर्ष मील का पत्थर होता है क्योंकि इसी उम्र में बचपन से किशोर की ओर अग्रसर होने का संक्रमण काल माना जाता है। इस समय बालक को व्यक्तिगत विकास के सभी स्तरों एवं पक्षोंसे संबंधित तथ्योंका समावेश होता है अतः यही उचित समय है बालक के परिवार विद्यालय तथा आसपास के वातावरण द्वारा उसे सही दिशा की ओर अग्रसर करना क्योंकि नींव मजबूत होगी तो उसे पर सुरक्षित संपूर्ण भवन मजबूती से टिकेगा। श्रीमद् भागवत में संपूर्ण जीवन जीने की महत्त्वपूर्ण शैली समाहित है जो कि भारतीय संस्कृतिक, सामाजिक, चारित्रिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों को समृद्ध बनाने की शिक्षा देती है। भागवत शिक्षा द्वारा शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक क्षमताओं तथा चेतना का विकास किया जा सकता है। मानव समाज की एक सामान्य अवधारणा है कि कोई भी शैक्षिक प्रणाली साधारण समाज के द्वारा तभी स्वीकार की जाती है जब वह व्यक्ति के दैनिक जीवन की परिस्थितियों में उपयोगी सिद्ध हो सके।

मूल्यों का संवर्धन और समग्र विकास का मार्गदर्शन

आज की तेज गति और भौतिकतावादी दुनिया में नैतिक मूल्य अक्सर पीछे छूट जाते हैं। श्रीमद्भागवत सत्यनिष्ठा, करुणा, विनम्रता और निःस्वार्थता जैसे गुणों पर जोर देता है, जो एक नैतिक समाज के निर्माण के लिए आवश्यक हैं।

**सत्यं शौचं दयां मौनमार्जवं विनयं तथा।**

**उदारमानसं तद्वदेवं कुर्यात्कथाव्रती॥** [4]

सत्य, शौच, दया, मौन, सरलता, विनय और उदारता का बर्ताव करना चाहिए। फूलों में सुगंध, फलों में मिठास और भोजन में स्वाद का जो स्थान है, वही स्थान मूल्यों

4. श्रीमद् भागवत माहात्म्य (अध्याय 6,50वां श्लोक)

का व्यक्ति के जीवन में होता है। श्रीमद्भागवत से प्राप्त चरित्र शिक्षा भौतिक सफलता और आध्यात्मिक ज्ञान के सन्तुलन के माध्यम से समग्र विकास को बढ़ावा देती है। यह सिखाता है कि नैतिक आचरण को व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों के साथ एकीकृत करके जीवन को कैसे सार्थक बनाया जा सकता है। मनुष्य जीवन जीने की शैली श्रीमद्भागवत की शिक्षा द्वारा ही सीखते हैं।

श्रीमद्भागवतः आधुनिक चुनौतियों के लिए एक गहन मार्गदर्शक

श्रीमद्भागवत पुराण हमारे शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण के सन्तुलन पर जोर देकर समग्र विकास का मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह ग्रंथ हमें सिखाता है कि शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखकर, मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता का विकास कर और आध्यात्मिक विकास को पोषित करके हम समग्र सुख और खुशी की स्थिति प्राप्त कर सकते हैं।

**सच्चिदानन्दरूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे।**
**तापत्रयविनाशाय श्रीकृष्णाय वयं नुमः ॥**[5]

सत्, चित, आनन्द स्वरूप परम श्रीकृष्ण को हम नमस्कार करते हैं, जो जगत्की उत्पत्ति, स्थिति और विनाशके हेतु तथा आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक-तीनों प्रकारके तापोंका नाश करनेवाले हैं॥ 1॥

सत्यनिष्ठा, अहिंसा, करुणा और आत्म-अनुशासन जैसे मूल्यों को अपनाकर हम अपने अहंकार, इच्छाओं और आसक्तियों पर विजय पा सकते हैं और आंतरिक शान्ति और आनन्द प्राप्त कर सकते हैं।

**सामाजिक और नैतिक चुनौतियों का समाधान-** आधुनिक समाज भ्रष्टाचार, लालच और असमानता जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है। श्रीमद्भागवत न्याय, आध्यात्मिकता और नैतिक निर्णय लेने पर कालजयी शिक्षाएँ प्रदान करता है, जो इन चुनौतियों के

5. श्रीमद्भागवत माहात्म्य (अध्याय 1, 1 श्लोक)

समाधान के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर सकती हैं। इसके अनुसार, जीवन की समस्याएँ हमें अधिक मजबूत और सहानुभूतिशील बनाती हैं। हमें हमेशा सत्य, पवित्रता, दयालुता, मौन, सादगी, विनम्रता धैर्य और उदारता के साथ व्यवहार करना चाहिए।

**आंतरिक शान्ति और मानसिक दृढ़ता का संवर्धन-** आत्म-जागरूकता, भावनात्मक सन्तुलन और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से आंतरिक शान्ति और मानसिक दृढ़ता को संवर्धित किया जा सकता है। प्रतिकूलताओं का सकारात्मक रूप से सामना करने और उनसे सीखने से दृढ़ता बढ़ती है। आत्म-देखभाल, सीमाओं का निर्धारण और तनाव प्रबंधन के माध्यम से आंतरिक शान्ति को पोषित किया जा सकता है। मानसिक दृढ़ता और अनुकूलनशीलता के माध्यम से विकसित होती है। ये सभी मिलकर एक अधिक सामंजस्यपूर्ण और सशक्त जीवन की ओर ले जाते हैं।

**वैश्विक सद्भाव के लिए सार्वभौमिक सिद्धान्त-** श्रीमद्भागवत एकता, प्रेम और सभी प्राणियों के प्रति सम्मान जैसे सार्वभौमिक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है, जो धार्मिक, सांस्कृतिक, वसुधैव कुटुंबकम की भावना से ओतप्रोत हैं। यह विविध दुनिया में वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने और संघर्षों को कम करने के लिए अत्यधिक प्रासंगिक है। विविधता और मानवाधिकारों का सम्मान, सांस्कृतिक, धार्मिक और वैचारिक मतभेदों का सम्मान करते हुए प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और अधिकारों को बनाए रखना आवश्यक है। समानता और न्याय को बढ़ावा देना, पर्यावरण की रक्षा करना और भविष्य की पीढ़ियों के कल्याण के लिए काम करना, संघर्षों को शान्तिपूर्ण तरीकों से हल करना और दूसरों के प्रति सहानुभूति को बढ़ावा देना, समावेशी शिक्षा को सक्षम करना और खुले संवाद को बढ़ावा देना, वैश्विक सहयोग को मजबूत करना और साझा जिम्मेदारियों पर सहयोग करना ये सभी इस सिद्धान्त में समाहित हैं।

**मानवता का परम लक्ष्य-** आत्म-साक्षात्कार और आत्म विश्लेषण[6]

---

6. श्रीमद्भागवत (स्कन्ध12, अध्याय 6, 5वा श्लोक)

श्रीमद्भागवत से अभय पद का, बह्म और आत्मा की एकता का साक्षात्कार तथा परमशान्ति का अनुभव अवश्य ही होता है। आत्म-साक्षात्कार आत्ममंथन, विकास और आत्म विश्लेषण की एक आजीवन यात्रा है। आत्म-जागरूकता को पोषित करके और व्यक्तिगत मूल्यों पर चिंतन करके, हम अपने कार्यों को अपने सच्चे उद्देश्य के साथ संरेखित कर सकते हैं। मन-शरीर सम्बन्ध को पोषित करने वाले अभ्यासों को अपनाने से जागरूकता गहराई तक पहुँचती है और आंतरिक शान्ति को बढ़ावा मिलता है।

एक सार्थक जीवन जीना

**अन्यस्य दोषगुणचिन्तनमाशु मुक्त्वा**
**सेवाकथारसमहो नितरां पिब त्वम् ॥**[7]

मनुष्य को दूसरों के गुण दोषों का विचार छोड़कर प्राणीमात्र की सेवा करनी चाहिए। एक सार्थक जीवन जीने का अर्थ है अपने उद्देश्य और मूल्यों के साथ अपने कार्यों को संरेखित करना, साथ ही उन सरल खुशियों और संबंधों की सराहना करना जो संतोष लाते हैं। श्रीमद्भागवत हमें सिखाता है कि निरंतर अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर होकर और मानवता के गुणों का जीवन में अभ्यास करके आप दूसरों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं और व्यक्तिगत खुशी को बढ़ावा देते हैं। स्वास्थ्य, विश्राम और संबंधों में सन्तुलन बनाए रखना विश्व कल्याण हेतु महत्त्वपूर्ण है।

आत्मा का परमात्मा में मिलन

**अहं ब्रह्म परं धाम ब्रह्माहं परमं पदम्।**
**एवं समीक्षन्नात्मानमात्मन्याधाय निष्कले ॥**[8]

मनुष्य इस प्रकार चिन्तन करे कि मै ही सर्वाधिष्ठान परब्रह्म हूँ। इस प्रकारआत्मा को वास्तविक एक रस अखण्ड स्वरूप में स्थित करना चाहिए ॥ 11॥

---

7. श्रीमद्भागवत माहात्म्य (अध्याय 4, 80 श्लोक )
8. श्रीमद्भागवत (स्कन्ध 12, अध्याय 5वा, 11 श्लोक)

श्रीमद्भागवत में, आत्मा का परमात्मा में मिलन एक गहन यात्रा है जो आत्म-साक्षात्कार के साथ शुरू होती है, आत्मा को ब्रह्म, परम सत्य, के साथ एक के रूप में पहचानना। भक्ति, निःस्वार्थ कार्यों, योग और ध्यान जैसे आध्यात्मिक अभ्यासों के माध्यम से व्यक्ति दैवीय शक्ति के साथ एक गहरा सम्बन्ध बनाता है। ज्ञान और बुद्धि का अन्वेषण व्यक्ति को सभी शाश्वत को समझने में मदद करता है।

दुखों से मुक्ति

**दुःखदारिद्रयदौ भाग्यपापप्रक्षालनय च।**
**कामक्रोधजयार्थं हि कलौ धर्मोयमीरितऽयमीरितः॥** 9

कलियुग में भागवत धर्म ही है जो दुख, दरिद्रता, दुर्भाग्य तथा काम क्रोधादि शत्रुओंपर विजय दिलाता है। दुःख जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है, जो अक्सर आसक्ति, इच्छा और अज्ञानता के कारण होता है। जीवन में जितने सांसारिक दुःख हम देखते हैं, उनका मुख्य कारण हमारे भीतर ही रहता है हमारे गुण, कर्म और स्वभाव जिस योग्य होते हैं, उसी के अनुकूल परिस्थितियाँ बनती है किसी विशेष कारण से कुछ समय के लिए खास स्थिति प्राप्त हो जाए तो यह अधिक समय ठहरती नहीं है। स्थायी रूप से मनुष्य को वही मिलता है, जिसके वह योग्य है, जिसका वह अधिकारी है। यदि मनुष्यआज किन्हीं कठिनाइयों में हैं तो इसका कारण ईश्वर नहीं है, वरन स्वयं के ही कुछ दोष हैं जिन्हें भले ही जानते हो या न जानते हो। पाप एवं दुष्कर्म ही एकमात्र दुःख का कारण नहीं होते। अयोग्यता, मूर्खता, निर्बलता, निराशा, फूट एवं आलस्य भी ऐसे दोष हैं, जिनका परिणाम पाप के ही समान और कई बार उससे भी अधिक दुःखदायी होता है। व्यक्तिगत दुर्गुणों से व्यक्ति दुःख पाते हैं यदि कठिनाइयों से मुक्त या छुटकारा प्राप्त करना चाहते हैं तो अपने भीतरी दोषों को ढूँढ़ निकालिए और बाहर हटाकर उनके स्थान पर आप सद्गुणों को अपने अंदर जितना स्थान देते जाएँगे, उसी के अनुसार मानव का जीवन दुखों से मुक्त हो कर परम सुख की ओर अग्रसर हो जाएगा।

---

9. श्रीमद्भागवत माहात्म्य (अध्याय 3, 64वा श्लोक)

श्रीमद्भागवत के आधुनिक परिप्रेक्ष में प्रासंगिकता हेतु प्रमुख कारक

**नैतिक नेतृत्व की नींव-** श्रीमद्भागवत शिक्षा नैतिक नेतृत्व सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता पर आधारित है। यह नैतिक सिद्धांतों पर आधारित निर्णय लेने पर बल देता है और संगठनों में विश्वास पैदा करता है। नैतिक नेतृत्व पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा और सहानुभूति को प्राथमिकता देते हैं। अपने उदाहरण के माध्यम से, वे दूसरों में नैतिक आचरण को प्रोत्साहित करते हैं। उनके कार्य संगठनात्मक और सामाजिक उत्तरदायित्वों के साथ मेल खाते हैं। नैतिक नेतृत्व सम्मान, सहयोग और सही कार्य करने की प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करता है।

नैतिक मूल्यों में उत्कृष्टता हेतु समाधान

**दृढव्रतः सत्यसन्धो ब्रह्मण्यो वृद्धसेवकः।**
**शरण्यः सर्वभूतानां मानदो दीनवत्सलः॥** [10]

मनुष्य को दृढ़संकल्प, सत्यप्रतिज्ञ, ब्राह्मणभक्त, वृद्धों की सेवा करने वाले, शरणागतवत्सल, सब प्राणियों को मान देने वाला और दीनों पर दया करने वाला होना चाहिए। श्रीमद् भागवत के सिद्धान्त नैतिक मूल्यों के पुनर्स्थापन में अत्यंत प्रभावी हैं। धर्म, सत्यनिष्ठा, और परोपकार का पालन समाज में शान्ति और सद्भाव लाता है। सामुदायिक सेवा और सहयोग से जिम्मेदारी और करुणा को प्रोत्साहन मिलता है। शिक्षा और संचार का उपयोग सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए होना चाहिए। सत्संग और भक्ति से व्यक्ति स्वार्थ से ऊपर उठकर उच्च आदर्शों की ओर प्रेरित होता है। सत्यनिष्ठा और आत्मसंयम नैतिक समाज का आधार हैं। सामूहिक प्रयासों से ही विश्वास और सम्मान पुनः स्थापित हो सकता है।

**भावनात्मक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देना-** श्रीमद्भागवत के अनुसार भावनात्मक और मानसिक कल्याण के लिए आत्म-जागरूकता और अपने भावनाओं की समझ

---

10. श्रीमद्भागवत (स्कन्ध 4, अध्याय 16, 16श्लोक)

आवश्यक है। सहायक सम्बन्ध भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करते हैं, जबकि ध्यानपूर्णता जैसी तकनीक तनाव को प्रबंधित करने में सहायक होती है। सकारात्मक दृष्टिकोण और कृतज्ञता पर ध्यान केंद्रित करने से सहनशीलता बढ़ती है। स्वास्थय सीमाओं और आत्म-देखभाल से भावनात्मक ऊर्जा की रक्षा होती है। निरंतर सीखने और व्यक्तिगत विकास को अपनाने से मानसिक लचीलापन मजबूत होता है। यह अभ्यास मानसिक शान्ति और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायता प्रदान करता है।

**सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध बनाना**-प्रियव्रतके पुत्र राजा आग्नीध्र जम्बूद्वीपकी प्रजा का धर्मानुसार पुत्रवत् पालन करते हैं।[11] सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध बनाए रखने के लिए श्रीमद्भागवत के अनुसार सहानुभूति, क्षमा, और सम्मान आवश्यक हैं। सम्मान और करुणा मतभेदों को स्वीकारने और सौहार्दपूर्ण संवाद को प्रोत्साहित करने में सहायक होते हैं। संवादआत्मविश्वास को बढ़ाता है और संघर्षों को हल करता है। साझा लक्ष्यों पर सहयोग सामूहिक कार्य को बढ़ावा देता है और संबंधों को मजबूत करता है। निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण संघर्ष समाधान और शान्ति कोशान्ति को उत्पन्न करता है। दयालुता के कार्य सकारात्मकता और सद्भावना को बढ़ाते हैं। विकास के प्रति प्रतिबद्धता से आपसी उन्नति होती है।

**सामाजिक समरसता के लिए सार्वभौमिक सिद्धान्त**- सामाजिक समरसता के लिए श्रीमद् भागवत के सार्वभौमिक सिद्धान्त अत्यंत प्रासंगिक हैं। यह मानवता के प्रति प्रेम, सेवा और समावेशिता को बढ़ावा देता है। परस्पर सम्मान और विविधता को महत्त्व देने से संस्कृतियों और विश्वासों के बीच समझ विकसित होती है। समावेशी भागीदारी समानता और सामुदायिक संबंधों को मजबूत करती है। समानता और न्याय असमानताओं को कम करते हैं और संस्थानों में विश्वास बहाल करते हैं। साझा मूल्य और नैतिक मानक एकीकृत दृष्टि को प्रोत्साहित करते हैं। पारदर्शी संवाद संघर्षों को सुलझाकर विभाजन को समाप्त करता है। विश्वास, सहानुभूति और मजबूत संस्थान स्थिरता और सामाजिक समरसता सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

11. श्रीमद्भागवत (स्कन्ध 5, अध्याय 2, 1 शलोक)

इस प्रकार श्रीमद्भागवत की शिक्षा आधुनिक नैतिक चुनौतियों का समाधान करने और व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गहन मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। सत्य, करुणा, विनम्रता और निःस्वार्थता के इसके शाश्वत सिद्धान्त नैतिक मूल्यों, मानसिक दृढ़ता और भावनात्मक विचारों को विकसित करने में आवश्यक हैं। इन शिक्षाओं को समकालीन शिक्षा प्रणालियों में एकीकृत करके व्यक्तियों में सशक्त चरित्र, नेतृत्व गुण और सामंजस्यपूर्ण सम्बन्ध विकसित किए जा सकते हैं। श्रीमद्भागवत के सार्वभौमिक संदेश सांस्कृतिक सीमाओं से परे जाकर वैश्विक सद्भाव और एकता को बढ़ावा देते हैं।

# पुंसवन संस्कार की प्रासंगिकता

डॉ. रितेश कुमार [1]

भारतीय सनातन परंपरा में सोलह संस्कारों का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है, जिनमें पुंसवन संस्कार गर्भवती स्त्री के लिए विशेष रूप से उपयोगी और आवश्यक माना जाता है। यह संस्कार गर्भधारण के पश्चात् प्रारंभिक चरण में, विशेष रूप से दूसरे या तीसरे माह में सम्पन्न किया जाता है। यह न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि वैज्ञानिक और आयुर्वेदिक दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। इस संस्कार का मुख्य उद्देश्य गर्भस्थ शिशु के शारीरिक, मानसिक एवं चारित्रिक विकास को सुनिश्चित करना होता है, जिससे वह जन्म लेने के पश्चात् एक स्वस्थ, बुद्धिमान, तेजस्वी और संस्कारी व्यक्ति बन सके।

यह संस्कार विभिन्न वैदिक मंत्रों, अनुष्ठानों और आयुर्वेदिक औषधियों के माध्यम से किया जाता है। इसमें गर्भवती स्त्री को विशेष औषधीय मिश्रण जैसे वट, गिलोय, पीपल आदि का सेवन कराया जाता है, जिससे गर्भस्थ शिशु को आवश्यक पोषण प्राप्त हो। इसके साथ ही, गर्भवती महिला को सकारात्मक विचार, सात्त्विक आहार और शान्तिपूर्ण वातावरण प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे शिशु का संपूर्ण विकास हो सके।

पुंसवन संस्कार केवल संतान प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि एक श्रेष्ठ और सद्गुणी संतान के निर्माण की प्रक्रिया है। यह संस्कार न केवल माता-पिता के लिए बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

पुंसवन संस्कार सोलह संस्कारों में दूसरा महत्त्वपूर्ण संस्कार है। इस समय गर्भ में शिशु का आकार और मानसिक विकास प्रारंभ होने लगता है, इसलिए उचित आध्यात्मिक और संस्कारजन्य उपाय करना आवश्यक होता है। गर्भ केवल एक जैविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक महत्त्वपूर्ण उत्तरदायित्व है, जो माता, पिता, परिवार और समाज

---

1 . पोस्ट डॉक्टरल फेलो, (ICSSR, New Delhi) उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

के भविष्य को प्रभावित करता है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि गर्भस्थ शिशु आगे चलकर सौभाग्य और गौरव का कारण बने, न कि किसी प्रकार की कठिनाइयों का। शिशु के शारीरिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास के लिए माता-पिता को सही मार्गदर्शन मिलना चाहिए। गर्भवती महिला को उचित वातावरण, सन्तुलित आहार, शुद्ध विचार और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी जानी चाहिए। गर्भ के माध्यम से जन्म लेने वाले जीव में पूर्व जन्म के कुसंस्कारों का निवारण और श्रेष्ठ गुणों का विकास सुनिश्चित करने के लिए संकल्प, पुरुषार्थ और ईश्वरीय अनुग्रह का समन्वय आवश्यक होता है।

पुंसवन संस्कार गर्भस्थ शिशु के स्वस्थ विकास के लिए गर्भवती महिला पर केंद्रित होता है। यह संस्कार तब सम्पन्न किया जाता है, जब शिशु का शरीर विकसित होने लगता है, जो प्रायः गर्भ के तीसरे माह में होता है। शौनक ऋषि के अनुसार, प्रत्येक गर्भधारण के बाद यह संस्कार करना चाहिए, क्योंकि इसके द्वारा औषधि सेवन और यज्ञकर्म के माध्यम से गर्भ को शुद्ध और पवित्र बनाया जाता है।[2] पुंसवन संस्कार में किए जाने वाले निम्न कर्मकाण्ड अत्यन्त वैज्ञानिक प्रभाव वाले है यथा पुंसवन संस्कार में औषधि अवधाण के लिए वट वृक्ष की जटाओं के मुलायम सिरों का छोटा टुकड़ा, गिलोय, पीपल की कोपल मुलायम पत्ते लाकर रखे जाऐ। सबका थोड़ा थोड़ा अंश पानी के साथ सिलबट्टे पर पिसकर एक कटोरी में उसका घोल लिया जाता है क्योंकि वट वृक्ष विशालता और दृढ़ता का प्रतीक है। धीरे धीरे बढ़ना धैर्य का सूचक है। इसकी जटाएं भी जड़ और तने बन जाती है यह विकास विस्तार के साथ पुष्टि की व्यवस्था है वृद्धावस्था में बदलने का प्रयास है।

गिलोय एक बेल होती है, जिसकी प्रवृत्ति ऊपर चढ़ने की होती है। यह केवल शारीरिक रूप से लाभकारी नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी महत्त्वपूर्ण

2 . आचार्य श्रीराम शर्मा, "पोडश संस्कार विवेचन", (1995), अखण्ड ज्योति संस्थान मथुरा, पृ. सं. 1/36

मानी जाती है। गिलोय में हानिकारक कीटाणुओं को नष्ट करने की क्षमता होती है, जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है। यह न केवल शारीरिक रोगाणुओं का नाश करती है, बल्कि मन और अंतःकरण में उत्पन्न नकारात्मक विचारों और दुर्भावनाओं को भी दूर करने में सहायक होती है। इसके सेवन से शरीर पुष्ट होता है, प्राण ऊर्जा में वृद्धि होती है और सकारात्मक विचारधारा विकसित होती है, जिससे समाज में व्याप्त अज्ञानता और दुष्प्रवृत्तियों के निवारण की प्रेरणा मिलती है।

पीपल को देवताओं का वास स्थान माना जाता है, क्योंकि इसमें दिव्यता और परोपकार की भावना निहित होती है। यह आध्यात्मिक उन्नति और सात्त्विक गुणों के विकास का प्रतीक है। पीपल के सेवन और इसके सम्पर्क में रहने का तात्पर्य केवल औषधीय लाभ प्राप्त करना नहीं, बल्कि श्रेष्ठ संस्कारों को आत्मसात करना भी है। गर्भवती स्त्री को अपने आहार, दिनचर्या और विचारों को सात्त्विक एवं सन्तुलित रखना चाहिए। साथ ही, उत्तम विचारों का अनुसरण, श्रेष्ठ पुरुषों के जीवन प्रसंगों का अध्ययन, श्रवण और चिंतन करके वह अपने गर्भस्थ शिशु में उत्तम संस्कारों का संचार कर सकती है।

गर्भधारण के बाद, गर्भस्थ शिशु के उचित विकास के लिए पुंसवन संस्कार किया जाना चाहिए।[3] याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार पुंसवन संस्कार पहले गर्भ में ही करना चाहिए। प्रत्येक गर्भ में नहीं करना चाहिए क्योंकि ये कृत्य क्षेत्र संस्कार है। गर्भ कौतुक नहीं एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उसे समझा जाए और उस जिम्मेदारी को उठाने की तैयारी मानसिक तथा व्यावहारिक क्षेत्र में की जाए। गर्भ के माध्यम से जो जीव प्रकट होना चाहता है उसे ईश्वर का प्रतिनिधि मानकर उसके लिए समुचित व्यवस्था बनाकर उसके स्वागत की तैयारी करनी चाहिए। गर्भ के माध्यम से प्रकट होने वाले जीव को अपेक्षा होती है कि उसे विकास के लिए सही वातावरण मिलेगा। जिस सत्ता ने गर्भ प्रदान किया है वह भी उस उत्तरदायित्व को पूरा होते देखना चाहती है। दोनों को

3 . गर्भाधाने प्रतिष्ठायां पुंसवनं ततः परम्। " याज्ञवल्क्य स्मृति, अध्याय- 1

आश्वस्त किया जाना चाहिए कि उन्हें निराश नहीं होना पड़ेगा। पहला आश्वासन गर्भिणी देती है कि वह अपने कर्त्तव्य का ध्यान रखेगी आहार विहार एवं चिन्तन सही रखेगी, दूसरों के व्यवहार और वातावरण की शिकायत करने में समय और शक्ति नहीं गवायेगी। धैर्यपूर्वक गर्भ को श्रेष्ठ संस्कार देने का प्रयास करेगी। प्रसन्न रहकर ईर्ष्या, द्वेष क्रोध आदि मनोविकारों से बचती रहेगी। धैर्यपूर्वक उज्ज्वल भविष्य की कामना करेगी।

दूसरा आश्वासन उसके पति और परिजनों की ओर से होता है। गर्भिणी माता अपने शरीर तथा रक्त मांस से बालक का शरीर बनाती है अपना रक्त दूध के रूप में निकालकर बच्चे का पोषण करती है उसके मूल मूत्र स्नान वस्त्र तथा दिनचर्या की हर घड़ी साज संभाल करती है। इतना भार तथा त्याग कम नहीं है। माता इतना कर के अपने हिस्से की जिम्मेदारी का बहुत बड़ा भाग पूरा कर लेती है। अब शिशु को सुसंस्कारी बनाने की उपयुक्त परिस्थितियां उत्पन्न करना, पिता का काम रह जाता है। पिता को भी अपने उत्तरदायित्व को निभाने के लिए उतना ही त्याग उतना ही कष्ट सहना ध्यान रखता पड़ता है। पिता व परिजनों का कर्त्तव्य है कि वे सब मिलकर प्रयास करें की गर्भ पर अभाव व कुसंस्कारों की छाया न पड़ने पाये। गर्भिणी के गलत आकांक्षाएं पास न आने दे। परिजन गर्भिणी की उचित आकांक्षाएं जाने और उन्हें पूरा करें।[4]

पुंसवन संस्कार का मुख्य उद्देश्य शक्तिशाली, स्वस्थ और श्रेष्ठ संतान के जन्म को सुनिश्चित करना है। ब्रह्मवर्चस शोध संस्थान में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जिन माताओं के पहले शिशु में जन्मजात मेटाबॉलिक विकार या आनुवांशिक रोग पाया गया था, उनके द्वारा पुंसवन संस्कार सम्पन्न करने के बाद जन्म लेने वाली संतान संपूर्ण गर्भकाल तक स्वस्थ रही और जन्म के बाद भी पूर्णतः निरोगी पाई गई।

इस संस्कार के दौरान प्रयोग की जाने वाली वाष्पीकृत औषधियां विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण होती हैं। ये औषधियां प्राण ऊर्जा से सम्पन्न होकर शरीर में सकारात्मक प्रभाव

4 . आचार्य, पं. श्रीराम शर्मा, "षोडश संस्कार विवेचन (1995)", अखण्ड ज्योति संस्थान, मथुरा, पृ. सं. (2.33)

डालती हैं और शिशु के आनुवंशिक तंत्र (जेनेटिक सिस्टम) तक गहराई से प्रभाव डालने में सक्षम होती हैं। पुंसवन संस्कार में प्रयुक्त चरू (विशिष्ट हवन सामग्री) या पुरोडाश के प्रभाव से शिशु का शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास उत्तम रूप से होता है।[5]

इस शोध के निष्कर्ष स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि पुंसवन संस्कार केवल धार्मिक अनुष्ठान न होकर वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत प्रभावी है, जो संतान के संपूर्ण स्वास्थ्य, मानसिक विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होता है।

पुंसवन संस्कार में गर्भिणी स्त्री के दाहिने नासिका छिद्र में वटवृक्ष के छाल का रस गर्भपात के निरोध तथा श्रेष्ठ संन्तति के जन्म के निश्चय के उद्देश्य से छोड़ा जाता है। यह सारी प्रक्रिया ऋषियों के आयुर्वेदिक अनुभव पर आधारित है। आज थ्रेटण्ड एबॉर्शन से लेकर गर्भस्थ बच्चे पर हानिकारक औषधियों के प्रभाव तक कितनी ही प्रक्रियाएं वातावरण में विद्यमान है, इनकी सुरक्षा पुंसवन संस्कार के कर्म से हो सकती है।

पुंसवन संस्कार में गर्भिणी स्त्री को वटवृक्ष शुंग ब्राह्मी, गिलोय व पीपल की कौपल औषधिमान के रूप में दी जाती है। इन सभी औषधियों का अपना महत्त्व है। "ये रक्त पित्त नाशक तथा स्त्रियों के योनिदोष को दूर करने वाली औषधियाँ है। इनके सेवन से गर्भ को पर्याप्त शक्ति मिलती है और स्वस्थ संन्तान की प्राप्ति होती है।[6]

वटवृक्ष के शुंग के रस की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता है कि यह सौम्यतत्व की बुद्धि करता है और आग्नेय तत्त्व का ह्रास करता है। पुरुष सौम्य तत्व प्रधान होता है और स्त्री आग्नेय तत्व प्रधान। जब सौम्य तत्त्व की वृद्धि होती है। तो पुरुष सन्तति होती है और जब आग्नेय तत्व की वृद्धि होती है तो स्त्री सन्तति होती है। इस संस्कार से पुरुष शुक्र को बल प्रदान किया जाता है जिससे प्रथम संतान पुरूष ही होता है।

---

5. आचार्य, पं. श्रीराम शर्मा, "षोडश संस्कार विवेचन (1995)", अखण्ड ज्योति संस्थान, मथुरा, पृ. सं. (1.36)
6. कालवा, सूरत सिंह, "सोलह संस्कार और संघ (1999)", संघशक्ति प्रकाशन, जयपुर, पृ. सं. (22)

पुंसवन संस्कार के द्वारा माता को आत्मिक रूप से सबल बनाया जाता है। इस संस्कार का गर्भिणी पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। उसे ऐसा लगता है कि उसे मनोनुकूल सन्तति प्राप्त होगी। गर्भिणी को प्रसन्नता होने से गर्भस्थ शिशु और सुप्रभाव पड़ता है। "माता को अपनी इच्छानुसार पुत्रभाव या पुत्री भाव को अपने मन में आत्मसात करना चाहिए क्योंकि इससे स्त्री के मन में बार बार यही बात सोचने से और यही भाव ग्रहण करने से निश्चित ही भावानुसार संतान की प्राप्ति होती है।[7] मनुष्य के मस्तिष्क के एक बड़े हिस्से का निर्माण गर्भकाल के दौरान ही हो जाता है। उस समय में गर्भिणी के जैसे आचार विचार होगें वैसा ही प्रभाव शिशु पर पड़ता है। पुंसवन संस्कार से स्त्री के भावतत्व को प्रधान बनाया जाता है। कुछ विशेष प्रयासों और सावधानियों से स्वस्थ समर्थ और तेजस्वी संतान को जन्म दिया जा सकता है। यज्ञीय जीवन भारतीय संस्कृति की विशेष उपलब्धि है। जीवन का हर चरण एक आहुति है। कृत्य विशेष को यज्ञमय बनाने के लिए विशेष क्रम बनाने होते है। विशेष आहुति उसी बोध को जीवन्त बनाती है। यज्ञ में पोषक सात्विक पदार्थ खीर की आहुति डाली जाती है। इसी प्रकार अन्तः करण में दूध की तरह श्वेत कलुषरहित भावों का संचार करें। दूध में घी समाया रहता है। अपने चिन्तन और आचरण में स्नेह समाया रहे। गर्भिणी स्वयं भी तथा परिवार के परिजन मिलकर गर्भस्थ शिशु के लिए ऐसा ही परमार्थ परक वातावरण बनाएं। यज्ञ से बची हुई खीर गर्भिणी को सेवन के लिए दी जाती है। यज्ञ के संस्कारित अन्न ही मन में देवत्व की वृत्तियाँ पैदा करता है। स्वार्थवृत्ति से स्वाद को लक्ष्य करके तैयार किया गया भोजन अकल्याणकारी होता है। आहार प्रभु का प्रसाद बनाकर लिया जाए। बिना भोग लगाएं न खाना संयम की वृति को पैदा करता है। पुष्ट करता है नित्य का आहार भी यज्ञीय संस्कार युक्त हो इसके लिए घर में बलिवैश्य परम्परा डाली जानी चाहिए।[8]

---

7. Swadeshiupchar.in
8. आचार्य, पं. श्रीराम शर्मा, "षोडश संस्कार विवेचन (1995)", अखण्ड ज्योति संस्थान, मथुरा, पृ. सं. (1.36)

पुंसवन संस्कार से गर्भस्थ जीव को सत्व या आत्मिक बल प्रदान किया जाता है। इसमें मांगलिक मन्त्रों अनुष्ठानों से गर्भस्थ जीव को ऊर्जा और तेज प्राप्त होता है। गर्भस्थ शिशु की रक्षा के लिए यह संस्कार सम्पन्न किया जाता था परन्तु वर्तमान समय में समाज इस संस्कार के महत्त्व को भूल रहा है। किसी किसी समाज में पुत्र प्राप्ति के नाम पर हवन व पाठ पूजा करने का विधान है। परन्तु वास्तविक वैज्ञानिक महत्त्व से सभी अनजान है। पुंसवन संस्कार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य गर्भस्थ शिशु के शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास को सुनिश्चित करना है। यह संस्कार माता-पिता के दायित्व को स्पष्ट करता है कि संतान केवल जन्म देने की प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे एक श्रेष्ठ, संस्कारी और समाजोपयोगी व्यक्ति बनाने की जिम्मेदारी भी माता-पिता की होती है।

यह संस्कार समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक संस्कारी, बुद्धिमान और सद्गुणी संतान केवल परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए गौरव का विषय बनती है। इसलिए, गर्भवती महिला को इस दौरान सकारात्मक विचार, सात्त्विक आहार और शान्तिपूर्ण वातावरण प्रदान करना आवश्यक है, ताकि गर्भस्थ शिशु पर उत्तम प्रभाव पड़ सके।

पुंसवन संस्कार के माध्यम से माता-पिता अपने संकल्प, पुरुषार्थ और ईश्वरीय आशीर्वाद के संयोग से शिशु के भीतर श्रेष्ठ गुणों का विकास कर सकते हैं। इस प्रकार, यह संस्कार केवल धार्मिक कृत्य न होकर समाज को एक योग्य, नैतिक और उज्ज्वल भविष्य देने का महत्त्वपूर्ण माध्यम है।

# विश्वशान्ति के प्रयासों की समीक्षा वैदिक सिद्धान्तों के संदर्भ में

प्रो. सत्य पाल सिंह[1], विनीत कुमारी[2]

इस लेख में विश्व में सर्वत्र फैली हुई अशान्ति के मूल में विद्यमान आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों पर विचार करते हुए उनके निवारण हेतु अद्यावधि किए गए प्रयासों की विफलताओं पर विचार किया गया है। अन्त में विश्व अशान्ति की समस्या के समूल उन्मूलन में समर्थ वैदिक साहित्य में उपलब्ध मानव-निर्माण और व्यक्ति के चारित्रिक विकास की योजना तथा सह अस्तित्व के सार्वभौम सिद्धान्त को रेखाङ्कित किया गया है।

आज सारा विश्व एक ऐसी भयङ्कर परिस्थिति का सामना कर रहा है, जिससे छुटकारा पाना असम्भव प्रायः प्रतीत होता है। आज विश्व में चारों और अशान्ति, आतङ्क, विद्रोह, वैमनस्य, असहनशीलता, धार्मिक उन्माद तथा धर्म के नाम पर सर्वत्र नरसंहार का ऐसा ताण्डव फैलता जा रहा है कि पूरा विश्व सङ्गठित होकर भी उसका सामना करने में असमर्थ सा प्रतीत होता है। समस्या की इस विकरालता का कारण यह है कि हम समस्या रूपी वृक्ष की शाखाओं को तो काटने का प्रयास कर रहे हैं। परन्तु उसके मूल्य तक पहुँच कर उसके मूलभूत कारण के उन्मूलन का कोई सार्थक प्रयास करने की दृष्टि ही विश्व के पास नहीं है। रामचरितमानस के कथानक में जैसे रावण का एक सिर कटने पर नया पैदा हो जाने का उल्लेख मिलता है वैसे ही एक आतङ्कवादी व्यक्ति या सङ्गठन को नष्ट करने पर दूसरा तत्काल पैदा हो जाता है। जब हम इस विकराल रूप धारण करती हुए समस्या पर गहनता से विचार करते हैं, तो इसके मूल में मानव विचारों में विकृति तथा मनुष्य के असन्तुलित वैचारिक, मानसिक और सामाजिक विकास को पाते हैं। वैदिक साहित्य मानव-निर्माण और व्यक्ति के चारित्रिक विकास की ऐसी योजना प्रदान करता है कि जिस को अपनाने और आचरण में लाने से व्यक्ति और समाज का

1 . संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007
2 . संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007

सन्तुलित मानसिक और चारित्रिक विकास सुनिश्चित होता है। सह अस्तित्व का सार्वभौम वैदिक सिद्धान्त, सहिष्णुता की शिक्षा, पारस्परिक स्नेह तथा आत्मीयता के साथ वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना ऐसे मूल मन्त्र है जो इस समस्या के समूल उन्मूलन में सर्वथा समर्थ है।

**अयं निज: परो वेति गणना लघुचेतसाम्।**
**उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्॥**[3]

जब हम विश्व में फैली हुई अशान्ति की समस्या की बात करते हैं तो हमारे सामने मुख्य रूप से तीन चित्र उभर कर आते हैं जहाँ अशान्ति अपने चरम पर दिखाई देती है।

